* ओड़िशा संस्करण
01 जनवरी, 2023
पौष, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 74

२०२३ नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं







### भारत जोड़ो यात्रा पर राहुल गांधी ने की 9वीं प्रेस कांफ्रेंस

# आरएसएस और भाजपा मेरे गुरु, मुझे ट्रेनिंग दे रहे : राहुल

- असम के सीएम ने किया पटवार, कहा, नागपुर जाकर गुरु दक्षिणा दें

आजाद सिवाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मैं आरएसएस और भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं। वे जितना मुझ पर हमला करते हैं, मैं उतना बेहतर होता जा रहा हूं। भाजपा और आरएसएस के लोग मेरे गुरु हैं। वे मुझे ट्रेनिंग दे रहे हैं। राहुल गांधी शनिवार को नयी दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उधर, राहुल के बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल नागपुर जाकर गुरु दक्षिणा दें।

**यात्रा के दौरान कई प्रेस कांफ्रेस कर चुके :** राहुल गांधी ने यात्रा को अभी विराम दिया है। वह दिल्ली में हैं। यात्रा 3 जनवरी से फिर शुरू होगी। उत्तर प्रदेश, पंजाब होते हुए जम्मू-कश्मीर में खत्म होगी। इससे पहले उन्होंने यात्रा के दौरान कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान में प्रेस कांफ्रेंस किया था।




## मैं प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं, राहुल के नाम पर एतराज नहीं : नीतीश कुमार

**पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि मैं प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं हूं। एक कार्यक्रम में मीडिया ने नीतीश से सवाल किया कि क्या राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा हो सकते हैं? इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है। इसमें क्या बुराई है। सब एक साथ मंच पर आयें, साथ मिलकर सब तय होगा। हम लोग तो वेट कर रहे हैं। मेरे बारे में भी लोग कहते हैं, लेकिन हमारी इच्छा प्रधानमंत्री बनने की नहीं है। मैं इस रेस में हूं ही नहीं। उधर, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा सब लोगों की अपनी-अपनी इच्छा होती है, सभी अपनी बात रखते हैं। नीतीश जी ने साफ और स्पष्ट कहा है, उनका मोटिव है ज्यादा से ज्यादा विपक्ष को साथ लाकर चुनाव लड़ने का। राहुल गांधी के नाम पर सहमति को लेकर तेजस्वी ने कहा सब लोग बात करेंगे, तब ना।**

**मध्यप्रदेश चुनाव कांग्रेस जीतेगी :** राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा अभी तक सफल रही है। हमारे कई मुद्दे हैं, इनमें बेरोजगारी, महंगाई अहम हैं। भारत के कुछ लोग बहुत कम समय में दुनिया के सबसे अमीर बन गये, लेकिन देश के ज्यादातर लोग गरीब हो गये। राहुल ने अपनी सुरक्षा पर कहा कि भाजपा चाहती है कि मैं बुलेटप्रूफ गाड़ी के साथ भारत जोड़ो यात्रा करूं, लेकिन मुझे ये मंजूर नहीं है। बार-बार मेरे खिलाफ अफवाह फैलायी जा रही है कि मैं सुरक्षा के प्रोटोकॉल तोड़ता हूं। उन्होंने कहा कि जब भी मैं सरकार पर हमला करता हूं तो वे कहते हैं कि मैं सेना पर निशाना साध रहा हूं। सरकार को अपनी गलतियों को स्वीकार करना चाहिए और सेना के पीछे छिपने से बचना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मैं आपको एक बात लिख कर देता हूं कि मध्यप्रदेश चुनाव कांग्रेस जीतेगी। भाजपा वहां दिखाई नहीं देगी।

**भारत माता के ध्वज के सामने दें गुरु दक्षिणा :** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राहुल भाजपा और आरएसएस को अपना गुरु मानते हैं, तो उन्हें नागपुर जाना चाहिए। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उन्हें आरएसएस या भाजपा को नहीं, बल्कि भारत माता के झंडे को गुरू मानना चाहिए। उनका नागपुर में स्वागत है, उन्हें भारत माता के ध्वज के आगे गुरु दक्षिणा देनी चाहिए।

## कैथलिक धर्मगुरु बेनेडिक्ट का निधन



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कैथलिक ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु रहे पूर्व पोप बेनेडिक्ट सोलहवें का शनिवार को 95 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी सेहत बेहद खराब थी। वेटिकन के स्पोक्सपर्सन माटेओ ब्रूनी ने बताया कि शनिवार सुबह नौ बज कर 34 मिनट पर पोप बेनेडिक्ट ने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दो जनवरी को अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर बेसिलिका में रखा जायेगा। अंतिम संस्कार पांच जनवरी को किया जायेगा।


## पीएम मोदी ने शोक जताया



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप बेनेडिक्ट सोलहवें के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा- पोप बेनेडिक्ट के निधन से दुखी हूं। उन्होंने अपना पूरा जीवन चर्च और ईसा मसीह को समर्पित कर दिया। उन्हें समाज के लिए उनकी सेवा के लिए याद किया जायेगा।

### चीन पर गृह मंत्री ने दिया जवाब


# कोई हमारी एक इंच जमीन नहीं ले सकता : अमित शाह



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत-चीन सीमा विवाद के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत की एक इंच जमीन पर कोई भी कब्जा नहीं कर सकता है। मुझे भारत-चीन सीमा की बिल्कुल भी चिंता नहीं है। हमारे आइटीबीपी के जवान सीमा पर गश्त लगा रहे हैं। हमें उन पर पूरा भरोसा है। उनके रहते किसी की मजाल नहीं है कि हमारी एक इंच जमीन का भी कोई अतिक्रमण कर पाये। अमित शाह शनिवार को बेंगलुरु में आइटीबीपी के आवासीय और गैर-आवासीय परिसर के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। शाह का यह बयान तवांग में झड़प के 20 दिन बाद आया है। शाह के इस बयान को राहुल गांधी के उस बयान का जवाब भी माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन और पाकिस्तान डोकलाम और तवांग जैसे इलाकों में कुछ बड़ा प्लान कर रहे हैं। शाह ने कहा कि आइटीबीपी देश के सबसे मुश्किल क्षेत्रों में काम करने वाला सुरक्षा बल है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं कि -42 डिग्री तापमान में सीमा की सुरक्षा करने के लिए कितना दृढ़ मनोबल लगता है।

**कश्मीर-लद्दाख में आइटीबीपी के जवानों को लोग हिमवीर कह कर बुलाते हैं :** आइटीबीपी ने अपने स्थापना काल में विषम भौगोलिक परिस्थितियों और मुश्किल क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। मैंने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरा किया, वहां के लोग आइटीबीपी के जवानों को हिमवीर कहकर बुलाते हैं। यह उपलब्धि पद्मश्री और पद्मभूषण से भी बड़ी है, क्योंकि सैनिकों को यह उपनाम सरकार ने नहीं बल्कि देश की जनता ने दिया है।






आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



# 2023 की भविष्यवाणी : क्या कहती हैं आपकी राशियां

आजाद सिपाही विशेष

राशिफल 2023 को वैदिक ज्योतिष पर आधारित ग्रह घटनाओं और ग्रह गोचर के आधार पर विद्वान ज्योतिषियों द्वारा सबसे अच्छी ज्योतिषीय गणना और विश्लेषण के बाद तैयार किया गया है। इस वार्षिक भविष्यफल 2023 में आपको अपने जीवन के संदर्भ में सभी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होंगी, जैसे कि यदि आप जानना चाहते हैं कि आपका पेशेवर जीवन कैसा रहेगा या आपके व्यक्तिगत जीवन में किस तरह के उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे, आपका प्रेम जीवन अथवा वैवाहिक जीवन किस करवट बैठेगा, आप विद्यार्थी हैं, तो शिक्षा में किस तरीके के परिणाम आपको मिलेंगे, स्वास्थ्य से संबंधित भविष्यवाणियां और आर्थिक और वित्तीय लाभ के योग कब बनेंगे, क्या आप संपत्ति या वाहन से संबंधित भविष्यवाणी जानना चाहते हैं या आप इस साल विदेश यात्रा कर पायेंगे, इन सभी बातों की जानकारी आपको इस राशिफल 2023 में प्राप्त होने वाली है। इसे आपकी सहायता के लिए तैयार किया गया है, ताकि आप इसमें बतायी गयी जानकारी को ध्यान में रखकर अपने जीवन को समृद्ध बना सकें और जीवन में सुख का अनुभव कर सकें तथा कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में भी आपको कोई समस्या ना आये। और आपको पता चल सके कि कब आपके जीवन में कठिन समय आ सकता है। इस भविष्यफल की गणना कुंडली में ग्रहों की स्थिति को देखकर ही तैयार की गयी है। वैदिक ज्योतिष पर आधारित यह राशिफल 2023 विद्वान ज्योतिषियों द्वारा ग्रह-नक्षत्रों की चाल, स्थिति एवं अवस्था का गहन अध्ययन कर तैयार किया है। इसमें सभी 12 राशियों के पेशेवर जीवन, व्यक्तिगत जीवन, प्रेम जीवन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक जीवन आदि के बारे में भविष्यवाणियां की गयी हैं।, जिनकी मदद से आप अपने आने वाले कल को बेहतर और खुशनुमा बना सकते हैं।



## मेष राशि वालों के लिए मिला-जुला रहेगा 2023

मेष राशिफल 2023 के अनुसार आपकी राशि के स्वामी ग्रह मंगल महाराज वर्ष की शुरुआत में वृषभ राशि में आपके दूसरे भाव में वक्री अवस्था में विराजमान रहेंगे। यह समय आर्थिक रूप से आपको मजबूत बनायेगा और आपकी आर्थिक स्थिति को समृद्ध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगा, लेकिन आपको अपनी वाणी पर विराम देना होगा और संयम से काम लेना होगा, अन्यथा आप कुछ ऐसी बातें कर सकते हैं, जो आपके अपने रिश्तो में तनाव बढ़ा सकती हैं। 22 अप्रैल तक बृहस्पति महाराज द्वादश भाव में रहकर खर्च बढ़ाते रहेंगे, लेकिन आपको आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रखेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थी विदेश गमन कर सकते हैं और उन्हें सफलता मिलेगी। साल 2023 की शुरुआत इस राशि के प्रेमी जातकों के जीवन में खुशियां लेकर आयेगी। आप अपने प्रियतम को हर तरह की खुशी देना चाहेंगे। वर्ष की शुरुआत में पंचम भाव के स्वामी सूर्य बुध के साथ नवम भाव में बुध आदित्य योग बनायेंगे और मंगल की दृष्टि पंचम भाव पर होने से आपको अपने रिश्ते में सामंजस्य बिठाने के लिए गुस्से से बचना होगा और अपने प्यार से अपने प्रियतम का दिल जीतना होगा। 17 जनवरी को शनि आपके दशम भाव से एकादश भाव में प्रवेश करेंगे। तब से आपकी आर्थिक उन्नति होनी शुरू हो जायेगी। 22 अप्रैल के बाद बृहस्पति का प्रथम भाव में गोचर करना भी आपके लिए शुभ परिणाम लायेगा, लेकिन कुछ समय तक गुरु चांडाल दोष का प्रभाव समस्या देगा। उसके बाद धीरे-धीरे सब कुछ अच्छा होने लगेगा।

## वृष राशि के लोग इस साल विदेश जा सकते हैं

वृष राशिफल 2023 के अनुसार इस वर्ष आपको मध्यम फल प्राप्ति होने की संभावना दिखाई दे रही है। साल के शुरुआती महीने में, यानी कि 17 जनवरी को शनि महाराज नवम भाव से निकलकर दशम भाव में आयेंगे और आपके पेशेवर जीवन में स्थायित्व लाने का काम करेंगे, लेकिन इस वर्ष आपको अपने करियर में बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी और यह मेहनत से भरा साल रहेगा, लेकिन यह मेहनत व्यर्थ नहीं जायेगी और आपको बहुत अच्छी सफलताएं प्रदान करेगी। इस वर्ष के मध्य में आपको विदेश यात्राओं के भी योग बनेंगे और अपने काम के सिलसिले में लंबी यात्राएं करनी पड़ेंगी। इसके अतिरिक्त 22 अप्रैल तक बृहस्पति महाराज के एकादश भाव में होने से आर्थिक स्थिति में भी कोई समस्या नहीं रहेगी, लेकिन द्वादश भाव में स्थित राहु खर्चे बढ़ाता रहेगा। हालांकि, वार्षिक भविष्यफल 2023 के अनुसार, इस वर्ष मई से अगस्त के बीच आपके विदेश जाने के योग बनेंगे। इस दौरान हद से ज्यादा खर्चे बढ़ जाने से आपकी आर्थिक स्थिति में गिरावट आ सकती है और आप आर्थिक तंगी का शिकार भी हो सकते हैं। इसलिए आपको सावधान रहना होगा, क्योंकि 22 अप्रैल के बाद से बृहस्पति आपके द्वादश भाव में राहु और सूर्य के साथ युक्त होंगे। इस दौरान आपको शारीरिक समस्याएं अस्पताल जाने की संभावना भी पैदा कर सकती हैं। इस दौरान कार्य सोच समझ कर करें, क्योंकि शासन प्रशासन की तरफ से भी आपको कोई धन मिल सकता है। वर्ष के अंतिम दो महीने अर्थात नवंबर और दिसंबर आपके लिए बहुत बढ़िया साबित होंगे और आपकी चहुंमुखी प्रतिभा का विकास होगा। आपको धार्मिक काम करने का मौका मिलेगा।

## मिथुन राशि वाले कमजोर शुरुआत के बाद सुपर हिट होंगे

मिथुन राशिफल 2023 के अनुसार ग्रहों की स्थिति इस ओर इशारा कर रही है कि इस वर्ष की शुरुआत आपके लिए कुछ कमजोर रहेगी। आर्थिक और शारीरिक रूप से आपको समस्याएं रह सकती हैं, क्योंकि शनि आपके अष्टम भाव में शुक्र के साथ और द्वादश भाव में वक्री मंगल वर्ष की शुरुआत में स्थित होंगे, लेकिन यह वर्ष आपकी समस्याओं को दूर करने वाला वर्ष साबित होगा, क्योंकि 17 जनवरी को शनि आपके अष्टम भाव से निकलकर नवम भाव में जायेंगे और आपके भाग्य को प्रबल बनायेंगे तथा आपकी दहिया का अंत हो जायेगा। इससे आपके जीवन में आ रहे अवरोध दूर होंगे और आपकी स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आयेगी तथा आर्थिक रूप से भी आप सबल बनेंगे। हालांकि मध्य अप्रैल के बाद बृहस्पति का एकादश भाव में गोचर, अर्थात 22 अप्रैल को बृहस्पति का आपके एकादश भाव में जाना आर्थिक रूप से संपन्नता प्रदान करेगा, लेकिन इस दौरान बृहस्पति और राहु का गठजोड़ आपके लिए ज्यादा अनुकूल परिणाम भी नहीं देगा। इसलिए आपको धन प्राप्ति के लिए उल्टे-सीधे कदम उठाने से बचना चाहिए, अन्यथा आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। राशि स्वामी बुध के कारण जून से अक्टूबर में आपको कुछ विशेष अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। 30 अक्टूबर को राहु का गोचर दशम भाव में होने से कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव संभव होगा और आपकी आर्थिक स्थिति प्रबल होगी, क्योंकि बृहस्पति राहु मुक्त हो जायेंगे।

## कर्क राशि वाले इस साल रहेंगे बमबम

कर्क राशिफल की भविष्यवाणियों के अनुसार इस साल की शुरुआत में आपकी राशि के योग कारक ग्रह मंगल एकादश भाव में वक्री होकर उत्तम आर्थिक स्थिति प्रदान करने वाला आपको बनायेंगे। आपके प्रयास बार-बार इसी दिशा में होंगे कि धन प्राप्ति कैसे हो और आप इस दिशा में सफल भी हो जायेंगे। आपको संपत्ति के क्रय-विक्रय से भी अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है, हालांकि इस दौरान प्रेम संबंधों में कुछ तनाव रहने की संभावना है। फिर भी आप अपने प्रियतम को अपने तरीके से मना सकते हैं और उनके दिल को जीत सकते हैं। 17 जनवरी से शनि महाराज आपकी अष्टम भाव में प्रवेश करके आपकी ढैय्या शुरू करेंगे। इस दौरान मानसिक तनाव थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलने के योग बनेंगे। इसके बाद अप्रैल में महत्वपूर्ण ग्रह बृहस्पति आपके नवम भाव से निकलकर दशम भाव में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से ही राहु महाराज विराजमान होंगे और सूर्य भी स्थित होंगे। इस दौरान कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ा बदलाव प्राप्त हो सकता है, जो आपके भविष्य को बदल देगा और आपके भविष्य को उज्ज्वल बनायेगा, क्योंकि आने वाले समय में जब राहु आपके दशम भाव से निकलकर 30 अक्टूबर को आपके नवम भाव में आ जायेंगे और बृहस्पति अकेले दशम भाव में स्थित रहेंगे, तो आपको अपने करियर में बहुत ऊंचाइयां प्राप्त होंगी और आप अच्छी सफलता अर्जित कर पायेंगे। विद्यार्थियों को इस वर्ष विशेष उपलब्धि प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। अगर आपकी पढ़ाई छूट गयी थी, तो इस वर्ष पुनः शुरू हो सकती है।।

## सिंह राशि के लोग इस साल शत्रु का दमन करेंगे

सिंह जातकों के लिए यह साल मिश्रित परिणाम लेकर आने की संभावना दिखाई दे रही है। वर्ष का पूर्वार्ध अनुकूल नहीं रहने की संभावना है, लेकिन उत्तरार्ध अधिक अनुकूल रह सकता है। वर्ष की शुरुआत में शनि महाराज आपके छठे भाव में रहकर शत्रु हंता बनायेंगे और आप अपने विरोधियों को परेशान करके रख देंगे। वह आप पर जीत हासिल नहीं कर पायेंगे, लेकिन बृहस्पति महाराज आपके अष्टम भाव में रहकर आर्थिक समस्याओं का कारण बनेंगे। वैसे ये आपको धार्मिक रूप से मजबूत बनायेंगे। वर्ष की शुरुआत में आपकी राशि स्वामी सूर्य महाराज पंचम भाव में बैठकर आपको उत्तम आर्थिक स्थिति भी प्रदान करेंगे और आपकी शिक्षा में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि के योग बनेंगे। सूर्य और बुध के योग से जो बुधादित्य योग बन रहा है, वह आपको ज्ञान प्रदान करेगा और आपको अच्छे विद्यार्थी के तौर पर देखा जायेगा। सिंह राशि के जातकों के लिए अप्रैल का महीना बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि पंचम भाव के स्वामी बृहस्पति महाराज, जो कि आपके अष्टम भाव में बैठे हुए थे, 22 अप्रैल को नवम भाव में आकर आप को अचानक से धन प्राप्ति और किसी प्रकार की पैतृक संपत्ति प्रदान कर सकते हैं। हालांकि यहां राहु गुरु के चांडाल योग के कारण कुछ समय आपको कोई भी बड़ा निर्णय लेने से बचना चाहिए। मई से अगस्त के बीच किसी भी बड़े काम में हाथ डालने से बचना चाहिए, नहीं तो समस्या हो सकती है। अगस्त के बाद से धीरे-धीरे आपका ग्रह गोचर अनुकूलता की ओर बढ़ेगा और आपको सफलता प्रदान करेगा। अक्टूबर-नवंबर में तो आप अपने भविष्य की कुछ सफल योजनाओं को बनाने में कामयाब रहेंगे और 30 अक्टूबर को जब राहु अष्टम भाव में आयेगा और बृहस्पति अकेले नवम भाव में रहेंगे, तो आपको धार्मिक यात्राओं के योग बनायेंगे, तीर्थाटन पर जाने का मौका मिलेगा, लेकिन अष्टम भाव का राहु अचानक से आर्थिक हानि, मानसिक तनाव या शारीरिक चोट दे सकता है। इसलिए इस दिशा में सावधानी बरतें।

## कन्या राशि वालों को सरप्राइज मिल सकता है

कन्या राशि के लोगों के लिए जनवरी माह में मंगल महाराज का गोचर नवम भाव में वक्री अवस्था में चल रहा होगा। इस कारणवश आपको अचानक से कुछ अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। कुछ अप्रत्याशित घटनाएं आपके जीवन में घचित हो सकती हैं, जिनके कारण आपको अपने भाग्य पर विश्वास होगा और कुछ अच्छे परिणाम भी मिल पायेंगे। शनि महाराज वर्ष की शुरुआत में शुक्र के साथ पंचम भाव में रहकर प्रेम संबंधों को प्रगाढ़ बनायेंगे और 17 जनवरी को आपके छठे भाव में जाकर आपके लिए उत्तम स्थिति उत्पन्न करेंगेष आपको अपनी नौकरी में अच्छी परिस्थितियों का प्रभाव प्राप्त होगा और पीछे से चले आ रहे द्वंद्व और परेशानियों का सिलसिला थमने लगेगा। आप अपने विरोधियों को भी धूल चटा देंगे और वे आपको परेशान नहीं




कर पायेंगे। आपको अपने करियर में सफलता मिलेगी। बृहस्पति के सप्तम भाव में बैठे रहने से आपके दांपत्य जीवन से तनाव दूर रहेगा और आप-एक दूसरे के निकट महसूस करेंगे। इससे आपका रिश्ता और भी प्रगाढ़ होगा। इसके बाद अप्रैल के महीने में बृहस्पति महाराज के आप के अष्टम भाव में जाने से आप बहुत ज्यादा धार्मिक हो जायेंगे। आपको अपने ससुराल पक्ष के लोगों से भी अच्छे संबंध कायम रखने में सफलता मिलेगी और ससुराल पक्ष के किसी सदस्य का विवाह होने के कारण किसी शादी समारोह में जाने का मौका भी मिलेगा। आप विद्यार्थी हैं, तो आपको अच्छी सफलता भी प्राप्त होगी, लेकिन उसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शनि महाराज नौकरी के सिलसिले में विदेश यात्रा के योग भी बनायेंगे। राहु, जो आपके अष्टम भाव में बैठे हैं, 30 अक्टूबर को सप्तम भाव में आकर आपके जीवनसाथी को कुछ चंचल बनायेंगे और उनके स्वास्थ्य में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। इसलिए आपको उनकी स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान देना होगा।

## तुला राशि के लोगों के लिए शुरू में ही है शानदार वक्त

तुला राशि के जातकों को नये साल 2023 की शुरुआत में कोई संपत्ति खरीदने का मौका मिल सकता है या अपनी मनपसंद कार खरीदने का अवसर प्राप्त हो सकता है। आपकी संपत्ति में इजाफा होगा और आप अपने कार्य क्षेत्र में जमकर मेहनत करते हुए नजर आयेंगे। आपके योगकारक ग्रह शनि महाराज 17 जनवरी को आपके चतुर्थ भाव से निकलकर पंचम भाव में प्रवेश करेंगे। इस दौरान प्रेम संबंधों की परीक्षा होगी। आप अपने रिश्ते में यदि वफादार रहेंगे, तो आपका रिश्ता बहुत मजबूत हो जायेगा, अन्यथा उस में बिखराव के योग बनेंगे। संतान संबंधी को चिंताएं आपको परेशान कर सकती हैं, लेकिन इसी दौरान आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। तुला राशि के विद्यार्थियों के लिए यह साल अच्छी मेहनत से भरा रहने वाला है। शनि महाराज आपसे बहुत मेहनत करायेंगे, लेकिन वह मेहनत आपके काम आयेगी और आपको आपकी परीक्षाओं में सफलता दिलायेगी। बृहस्पति महाराज छठे भाव में रहकर शारीरिक समस्याएं प्रदान करते रहेंगे, लेकिन 22 अप्रैल के बाद जब वे सप्तम भाव में जायेंगे, तो दांपत्य जीवन में आ रही समस्याओं का समापन होगा और आप और आपके जीवनसाथी के बीच निकटता बढ़ेगी। आप दोनों अपने घर को एक अच्छा संसार बनाने का प्रयास करेंगे और मिलजुल कर काम करेंगे। इस दौरान आपके व्यापार में भी वृद्धि होने के अच्छे योग बनेंगे, लेकिन राहु के साथ बृहस्पति की युति के कारण आपको किसी भी उल्टी-सीधी योजना को आगे बढ़ाने से बचना चाहिए, अन्यथा इससे आपकी मानहानि भी हो सकती है और आर्थिक हानि भी। अक्टूबर के बाद जब राहु छठे भाव में जायेंगे, तो आपको आपके विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी और बृहस्पति के सप्तम भाव में बने रहने से आपका दांपत्य जीवन और व्यापार दोनों सफल रहेंगे।

## वृश्चिक राशि के लिए अच्छी होगी शुरुआत

वृश्चिक राशि वालों के लिए वर्ष की शुरुआत अच्छी तो रहेगी, क्योंकि आपके अंदर साहस और पराक्रम भरपूर होगा। आप व्यापार में भी जोखिम उठाकर अपने व्यापार को आगे बढ़ायेंगे। तीसरे भाव में शनि देव की उपस्थिति और पंचम भाव में बृहस्पति की उपस्थिति आपको निजी प्रयासों से उत्तम आर्थिक लाभ प्रदान करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी आप विद्यार्थी के रूप में अच्छी पहचान बना पायेंगे। आपका मन शिक्षा की ओर सहज रूप से झुकेगा। आपको अपनी संतान से भी सुखद समाचारों की प्राप्ति होगी। आपकी संतान उन्नति करेगी। आपके प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी और आप अपने प्रियतम के साथ खुशी भरे पल बितायेंगे। इस प्रकार वर्ष का पूर्वार्ध आपके लिए बहुत अनुकूल रहेगा। 17 जनवरी को शनि के चतुर्थ भाव में आने के बाद स्थान परिवर्तन के योग बनेंगे। 22 अप्रैल को बृहस्पति महाराज आपके छठे भाव में राहु और सूर्य से युति करेंगे। इस दौरान आपको स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं परेशान कर सकती हैं। आपको उदर रोग, प्रसव, अमाशय से संबंधित समस्याएं, मोटापा, वसायुक्त समस्याएं, कोलेस्ट्रॉल बढ़ना और किसी भी तरह की ग्रंथि का बढ़ना जैसी समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। 30 अक्टूबर के बाद जब राहु राशि परिवर्तन करके पंचम भाव में जायेंगे और बृहस्पति महाराज अकेले छठे भाव में रहेंगे, तब आपको कुछ हद तक समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। विदेश यात्रा के योग बनेंगे।

## धनु राशिवाले इस साल कई यात्राएं करेंगे

धनु राशि के जातकों के लिए वर्ष 2023 अच्छे फल प्रदान करने वाला वर्ष साबित हो सकता है। वर्ष की शुरुआत में शनि महाराज दूसरे भाव में होंगे, लेकिन 17 जनवरी को तीसरे भाव में आकर आपके साहस और पराक्रम में बढ़ोतरी करेंगे। आपको विदेश यात्रा और छोटी दूरी की यात्राओं के योग बनेंगे। निजी प्रयासों से उत्तम सफलता दिलायेंगे। 28 मार्च से 27 अप्रैल के बीच आपके राशि स्वामी बृहस्पति महाराज अस्त अवस्था में रहने से कार्यों में कुछ रुकावट आ सकती है और आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है । अप्रैल के महीने में बृहस्पति महाराज पंचम भाव में राहु के साथ आकर गुरु चांडाल दोष बनायेंगे। इस दौरान आपको सावधानी के साथ अपने प्रेम संबंधों में व्यवहार करना होगा, अन्यथा आप के प्रेम संबंधों में भी बिखराव आ सकता है। एक-दूसरे से बननी मुश्किल होगी। आपको लीवर से संबंधित शारीरिक समस्या भी हो सकती है, जो परेशानी का कारण बन सकती है। इसके अतिरिक्त यदि आप विवाहित हैं, तो आपकी संतान को लेकर भी कुछ समस्याएं सामने आ सकती हैं। उनकी संगति बिगड़ सकती है। वे गलत लोगों की बातों में आकर कुछ गलत कदम उठा सकते हैं, जिसके लिए आपको भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। आपको उनकी संगति के साथ-साथ उनकी पढ़ाई पर भी ध्यान देना होगा और उनका स्वास्थ्य भी संभालना होगा। 30 अक्टूबर को राहु चतुर्थ भाव में आयेंगे और बृहस्पति अकेले पंचम भाव में रहेंगे तथा शनि आपकी तीसरे भाव में रहेंगे। यह समय सफलता दायक होगा। आर्थिक रूप से भी इस दौरान उन्नति मिलेगी और शारीरिक रूप से भी आप स्वस्थ होने की ओर अग्रसर होंगे।

## मकर राशिवालों के लिए शानदार रहेगा 2023

साल 2023 मकर राशि वालों के लिए उत्तम फल प्रदान करने वाला वर्ष साबित हो सकता है। वर्ष की शुरुआत में आपके राशि स्वामी आपकी ही राशि में रहकर आपको तेजस्वी बनायेंगे और कार्य में सफलता दिलायेंगे। उसके बाद 17 जनवरी को शनि आपके दूसरे भाव में जाकर उत्तम आर्थिक स्थिति प्रदान करने वाले ग्रह बन जायेंगे। आपके परिवार की वृद्धि होगी। आपको आर्थिक लाभ होंगे। आपको संपत्ति के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। कोई नयी संपत्ति खरीदने या घर बनाने में भी सफल हो सकते हैं। इस दौरान ससुराल पक्ष से कुछ समस्याएं सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने से आप बहुत सारे काम पूर्ण कर पायेंगे। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। अप्रैल के महीने में प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी और भरपूर रोमांस हवाओं में बिखरा नजर आयेगा, क्योंकि छह अप्रैल से दो मई के बीच शुक्र आपके पंचम भाव में होंगे। वे आपके पंचम भाव के स्वामी हैं। यह समय संतान को भी उन्नति देगा और यदि आप विद्यार्थी हैं, तो शिक्षा में भी उत्तम परिणाम प्रदान करेगा। अप्रैल में बृहस्पति आपके चतुर्थ भाव में आ जायेंगे। पारिवारिक जीवन में थोड़ा बहुत तनाव बढ़ेगा, क्योंकि राहु वहां पर पहले से विराजमान रहेंगे। 17 जून से चार नवंबर तक राशि स्वामी शनि अस्त अवस्था में रहेंगे। इसलिए इस दौरान शारीरिक रूप से कुछ समस्याएं सामने आ सकती हैं और आपके आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। फिर भी अन्य ग्रहों की वजह से आपको सफलता मिलती रहेगी। तीन नवंबर से 25 दिसंबर के बीच करियर में उत्तम सफलता के योग बनेंगे।

## कुंभ राशिवालों के लिए उन्नति के नये मार्ग खुलेंगे

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष उन्नति के नये मार्ग खोलने वाला है। वर्ष की शुरुआत में शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं और खर्चों की वृद्धि भी हो सकती है, लेकिन 17 जनवरी को आपके राशि स्वामी शनिदेव जी महाराज आपकी ही राशि में आ जायेंगे, जिससे आपको बहुत ज्यादा अनुकूल परिणामों की प्राप्ति होगी। आपको विदेशी व्यापार से भी लाभ होगा। विदेशी संपर्कों के लाभ से आपको आर्थिक लाभ मिलने के योग बनेंगे। आपकी राशि स्वामी के आपकी राशि में आ जाने से आपको सफलता मिल सकती है। आप अनुशासित होकर कार्य क्षेत्र में काम करेंगे। नये-नये व्यापारिक समझौते होंगे। नये लोगों से मेल-मुलाकात होगी, जो आपके व्यापार को भी बढ़ायेंगे। दांपत्य जीवन में तनाव को हल करने के लिए आप कोई बड़ा कदम उठायेंगे और स्वयं को अनुशासित रखने का प्रयास करेंगे। अप्रैल के महीने में बृहस्पति आपके तीसरे भाव में गोचर करेंगे। भाई-बहनों को शारीरिक समस्याएं और अन्य क्षेत्रों में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन आपके साहस और पराक्रम में बढ़ोत्तरी होगी। छोटी दूरी की यात्राओं में बढ़ोत्तरी होने के योग बनेंगे। कुछ धार्मिक यात्राएं भी होंगी, जो आपका मानसिक तनाव दूर करेंगी। आप को शांति और सुकून प्रदान करेंगी। अप्रैल से मई के बीच पारिवारिक सुखों में बढ़ोत्तरी होगी। कोई नया वाहन खरीदने के योग बनेंगे। खर्चों में कमी रहेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। वर्ष के अंतिम दिनों में 30 अक्टूबर के बाद राहु के दूसरे भाव में जाने से कुटुंब में कुछ समस्याएं हो सकती हैं।

## मीन राशिवालों के लिए मिला-जुला रहेगा यह साल

मीन राशि के जातकों के लिए वर्ष 2023 उतार-चढ़ाव से बराबर साबित हो सकता है। वर्ष की शुरुआत तो बहुत अनुकूल होगी, क्योंकि आपके राशि स्वामी देव गुरु बृहस्पति आपकी ही राशि में रहकर आपको हर समस्या से बचायेंगे, आपको मजबूत निर्णय शक्ति प्रदान करेंगे। आप अपने ज्ञान के सहारे बहुत बड़ी समस्याओं को भी पार कर लेंगे, चाहे आपका कैरियर हो अथवा आपका निजी जीवन या आपकी संतान से संबंधित कोई बात हो या भाग्य का गठजोड़, सभी में आपको बृहस्पति महाराज की कृपा से सफलता मिलेगी। लेकिन 17 जनवरी को शनिदेव आपके एकादश भाव में प्रवेश करेंगे। इस दौरान पैर में चोट लगने, दर्द, आंखों में पीड़ा, आंखों से पानी बहना, बहुत अधिक नींद आना, अप्रत्याशित खर्च और शारीरिक समस्याओं के योग बन सकते हैं। इसलिए सावधानी रखना बेहद आवश्यक होगा। 22 अप्रैल को राशि स्वामी बृहस्पति दूसरे भाव में जाकर राहु से गठजोड़ करेंगे और मई से अगस्त के बीच आप को विशेष रूप से गुरु चांडाल दोष का प्रभाव मिलेगा, जिससे आपकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपके कुटुंब में कुछ तनाव बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद बड़ा रूप धारण कर सकते हैं। इसके लिए आपको समझदारी से काम लेना होगा। यदि आप कोई पैतृक व्यवसाय करते हैं, तो इस दौरान उसमें भी समस्या आ सकती है। जब राहु 30 अक्टूबर को दूसरे भाव से निकलकर आपकी राशि में प्रवेश करेंगे और बृहस्पति महाराज अकेले दूसरे भाव में होंगे, तब आर्थिक उन्नति होगी, कुटुंब में चल रही समस्याओं का अंत होगा, आपको राहत महसूस होगी और शारीरिक समस्याओं में भी कमी आयेगी।

*(**महत्वपूर्ण** : यह आलेख ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। इस भविष्यवाणी के लिए आजाद सिपाही कहीं से उत्तरदायी नहीं है।)*




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.8 °c | 10.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |



### भाजपा के आधा दर्जन सांसद-विधायक-नेता बने 'आगाज' के गवाह

# बच्चों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित 'आगाज' का उद्देश्य प्रतिभाओं को निखारना : संजीव विजयवर्गीय

## प्रतिभा प्रदर्शन में उमड़ पड़ा कोकर के बच्चों-बच्चियों का हुजूम

**सुबह से शाम पांच बजे तक जमे रहे प्रतियोगी और अभिभावक**

**कोकर का इंद्रप्रस्थ उत्सव भवन बच्चों की कला से होता रहा गुलजार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर स्थित इंद्रप्रस्थ उत्सव भवन में रांची के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के नेतृत्व में ' आगाज' आवाज दो, आगाज हो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, महामंत्री प्रदीप वर्मा, महापौर आशा लकड़ा, रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, कांके के विधायक समरी लाल, फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता राधेश्याम केशरी एवं वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, सुजाता कच्छप, अरुण झा, रौशनी खलखो, अर्जुन राम, सुनील साहू, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विपिन वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने पुष्पगुच्छ देकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में डांस ( ग्रुप ), डांस ( सिंगल ), पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, नाटक, म्यूजिकल चेयर कंपीटिशन का आयोजन किया गया। आयोजन में गणेश वंदना के साथ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य की प्रस्तुति दी।

आयोजनकर्ता संजीव विजयवर्गीय ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कहा कि, आगाज ' आवाज दो, आगाज हो का मकसद युवाओं और महिलाओं को एक नया मंच प्रदान करना है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। युवाओं की कला को निखारा जा सके। उसे सशक्त बनाया जा सके। बच्चों की प्रतिभा निखरे, ताकि उनके माध्यम से रांची एक विकास की दिशा की ओर बढ़े। उन्होंने कहा कि आगाज का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर बच्चों में छिपी प्रतिभा को सामना लाना और उसे निखारना है। उन्होंने कहा कि मंच नहीं मिलने के कारण मध्यम वर्ग के इन बच्चों की प्रतिभाएं दबी रह जाती हैं। मंच मिलते ही वे निखरने लगती हैं।



### समाज को जोड़ने का कार्य है आगाज : दीपक प्रकाश

भाजपा राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश दीपक प्रकाश ने कहा कि समाज को जोड़ने का कार्य है आगाज। उन्होंने कहा कि सरस्वती की पूजा ही सर्वप्रथम कला से होती है और उस कला को आगाज ने धरातल पर उतारा है। रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर में होते रहना चाहिए। ऐसे आयोजन से बच्चों और युवाओं के अंदर छिपी कला निखरती है। उन्होंने आगाज के प्रथम संस्करण के लिए बधाई दी। सीपी सिंह ने कहा कि आगाज कार्यक्रम विकास की नयी यात्रा की नयी शुरूआत है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आगाज के कार्यक्रम से सशक्त समाज का निर्माण होगा। कांके के विधाायक समरीलाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने कहा कि संजीव विजय वर्गीय इन प्रतिभाओं को मंच देकर बहुत बड़ा काम कर रहे हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के व्यक्तित्व का भी विकास होता है। उन्होंने इस आगाज में भाग लेने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

रांची की महापौर और भाजपा की राष्ट्रीय सचिवआशा लकड़ा ने कहा कि झारखंड कला और संस्कृति से सुसज्जित राज्य है और इसमें हम सभी की सहभागिता समान रूप से होनी चाहिए ताकि भावी भविष्य अपने संस्कारों को पहचानते हुए आगे बढ़े। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड और रांची के युवाओ में कला की कमी नही बस उन्हें जरूरत है एक मंच की और आज वह सपना आगाज के माध्यम से साकार होता दिख रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि आगाज एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें सभी रंग समाहित हैं, और सभी रंगों को जोड़ कर ही संस्कृति का निर्माण होता है।

कार्यक्रम के सफल संचालन में 36 महिला समिति, जय प्रकाश भल्ला, प्रमोद सिंघानिया, जय देव धूत, रतन अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, तुषार विजयवर्गीय, विकास विजयवर्गीय, अजनेश सिंह, अनिल अग्रवाल, पवन सिंह, रंजन पासवान, माणिक चंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, प्रदीप रवि, रजनीश पांडेय, सोनू मिश्रा, संजीव विजयवर्गीय फैन क्लब, युवा समर्पण, समेत अन्य ने अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

# ब्रदर्स एकेडमी के किसलय और निशांत का भौतिकी ओलंपियाड में रहा शानदार प्रदर्शन


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के छात्र किसलय और निशांत ने भौतिकी ओलंपियाड -2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे झारखंड से भौतिकी ओलंपियाड में झारखंड से कुल 6 छात्र सफल हुए। इनमें से 2 ब्रदर्स एकेडमी के छात्र किसलय और निशांत हैं। देश भर के 40,000 से अधिक छात्रों में से लगभग 300 छात्रों को आइएनपीएचओ के लिए चयनित कर लिया गया है। भौतिकी ओलंपियाड परीक्षा का उपयोग ओसीएससी (ओरिएंटेशन कम सेलेक्शन कैंप) के लिए उम्मीदवारों को चुनने और भौतिकी के क्षेत्र में एशियाई भौतिकी ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन जनवरी- 2023 के अंतिम सप्ताह में इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड परीक्षा आयोजित करेगा। किसलय और निशांत ने अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने शिक्षकों के सारगर्भित मार्गदर्शन, अपने माता-पिता के अनुशासन और समस्त





परिवारजनों के आशीर्वाद व सहयोग को दिया। किसलय और निशांत के माता-पिता ने भी सफलता का श्रेय ब्रदर्स ऐकेडमी के शिक्षकों को देते हुए कहा कि संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण से बच्चे की क्षमता में बहुत इजाफा हुआ। अपनी सघन मेहनत व शिक्षकों के समुचित मार्गदर्शन के बल पर बेटे ने ये उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर समाज में उन्हें प्रतिष्ठित किया है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि किसलय और निशांत की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है।










## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| | |
| --- | --- |
| मेष | पारिवारिक सुख मध्यम रहेगा,परिश्रम से रूका हुआ काम पूरा होगा। |
| वृष | अत्यधिक व्यस्तता रहेगी, नौकरी में बदलाव होगा, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| मिथुन | नया परिचय क्षेत्र मिलेगा, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, मनोरंजन-आनंद से भरा दिन रहेगा। |
| कर्क | आजीविका संबंधी प्रयत्न में सफलता मिलेगी, स्वास्थ्य में सुधार होगा। |
| सिंह | अनावश्यक विपदाएं आकर भी टल जायेंगी, नौकरी में बदलाव होगा, नया दायित्व मिल सकता है। |
| कन्या | स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, पुराना विवाद हल होगा, धन की स्थिति अच्छी होगी। |
| तुला | कर्मक्षेत्र में सहयोगियों के साथ विकास का मार्ग मिलेगा, विवाह-प्रेम संबंधी मामले हल होंगे। |
| वृश्चिक | नौकरी व व्यापार में सफलता मिलेगी.कोई पुराना समस्या हल होगी। |
| धनु | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी। |
| मकर | दिन-भर भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, संतान संबंधी समस्या का हल होगा। |
| कुंभ | सेहत को लेकर चिंता होगी,जीवन साथी से अनबन होगा,पैसे का नुकसान हो सकता है। |
| मीन | प्रेम संबंधी परेशानी हो सकती है,कोई नया काम करने से नुकसान होगा। |

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com










### जैन समाज की चिंता से विहिप सहमत, कहा
## तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में नहीं किया जाये विकसित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शाश्वत सिद्ध क्षेत्र पारसनाथ पर्वत और तीर्थराज सम्मेद शिखर की पवित्रता के रक्षार्थ जैन समाज की चिंता से विश्व हिंदू परिषद सहमत है। इसके लिए जैन समाज द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन का विश्व हिंदू परिषद ने समर्थन किया है और इंदौर में चल रहे केंद्रीय कार्यकारी मंडल की बैठक में भी इस विषय को रखा गया है।

**विहिप तीर्थस्थलों की पवित्रता की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध**

इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि विहिप भारत के सभी तीर्थ स्थलों की पवित्रता की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध और प्रयासरत है। हमारा यह स्पष्ट मत है कि देश के किसी भी तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में परिवर्तित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम इस बात के निरंतर प्रयास कर रहे हैं कि प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र सरकार स्वतंत्र तीर्थाटन मंत्रालय बनायें, जो अनुयायियों की श्रद्धा और आस्था के अनुरूप ही तीर्थ स्थलों का विकास करें।

**झारखंड सरकार से तीर्थाटन मंत्रालय बनाने का आग्रह**

विहिप ने झारखंड सरकार से मांग की है कि संपूर्ण सिद्ध क्षेत्र पारसनाथ पर्वत को पवित्र क्षेत्र घोषित किया जाये। वहां ऐसी कोई गतिविधि न हो, जिससे जैन आस्थाओं को आघात पहुंचे। इस तीर्थ क्षेत्र की सीमा में मांसाहार व नशाखोरी को किसी भी तरह अनुमति नहीं दी जाये।

झारखंड में अविलंब तीर्थाटन मंत्रालय की स्थापना की जाये जिससे सिद्ध क्षेत्र पारसनाथ पर्वत के साथ-साथ वहां के सभी तीर्थ स्थलों का विकास अनुयायियों की श्रद्धा के अनुसार ही हो। पारसनाथ पर्वत व तीर्थराज सम्मेद शिखर को कभी भी पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित न किया जा सके, इसके लिए संबंधी अधिसूचनाओं में आवश्यक संशोधन किया जाये।

### नये साल के स्वागत में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम
## रांची में 26 स्थानों पर पुलिस तैनात हुड़दंग किया तो सीधा जायेंगे जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये साल के आगमन से लोगों में जश्न का माहौल है। इस उमंग में खलल न पड़े इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। शनिवार को ही रांची जिले के 26 जगहों पर पुलिस और दंडाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि लोग नये साल का स्वागत सुरक्षित तरीके से कर इसके लिए प्रशासन तैयार है। हालांकि यह भी कह गया है कि नये साल में हुड़दंग करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। गलत हरकत करने वाले को तत्काल जेल भेजा जायेगा।

**इन स्थानों पर की गयी है दंडाधिकारियों की तैनाती**

| | |
|---|---|
| रॉक गार्डन, कांके डैम, रांची | रुक्का डैम |
| कांके डैम। | ऑक्सीजन पार्क, मोरहाबादी, रांची |
| सिदो-कान्हू पार्क, मोरहाबादी | बिरसा मुंडा पार्क (ओल्ड जेल कैंपस) |
| मछलीघर (राजभवन के पास) | स्वर्ण रेखा |
| नक्षत्र वन (राजभवन के पास) | मगरमच्छ प्रजनन केंद्र, मुटा |
| हटिया डैम | जैविक उद्यान, ओरमांझी |
| हुंडरू फॉल | फन कैशल पार्क, रातू |
| दशम फॉल | डोरंडा स्थित श्रीकृष्णा पार्क |
| दिउड़ी मंदिर/तालाब | पहाड़ी मंदिर (ऊपरी/निचली भाग हेतु) |
| सूर्य मंदिर बुंडू | टैगोर हिल |
| जोन्हा फॉल (अनगड़ा) | धुर्वा डैम। |
| गेतलसूद डैम (अनगड़ा) | |
| सीता फॉल (अनगड़ा) | |
| गौतम धारा (अनगड़ा) | |

**पिठोरिया घाटीशक्ति कंमाडो के साथ डेढ़ हजार पुलिसबल तैनात**

नये साल के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से रांची जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में डेढ़ हजार पुलिस बल की तैनाती की गयी है। शहर के भीतर के पार्कों में महिला सुरक्षा विशेष दस्ता शक्ति कमांडो की तैनाती की गयी है। प्रभारी सिटी एसपी नौशाद आलम ने कहा कि वैसे वाटरफॉल जहां लोगों के डूबने की शिकायत आती रहती है, वहां पर एनडीआरएफ टीम और गोताखोर की तैनाती की गयी है। लोगों से अपील भी की गयी है कि खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लें और डूबने वाले इलाके में स्नान ना करें। इसके लिए इन इलाकों पर विशेष नजर रखी जायेगी।

**फायर ब्रिगेड के साथ इलाज की भी व्यवस्था**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर फायर ब्रिगेड के साथ इलाज की व्यवस्था कई जगहों पर की गयी है। अनगड़ा थाना, ओरमांझी थाना, दशम फॉल थाना, पिठौरिया थाना, रातू थाना, नगर नियंत्रण कक्ष, धुर्वा थाना, फिरायालाल चौक, सिकिदिरी थाना में अग्निशमन व्यवस्था की गयी है। सभी व्यवस्था पांच जनवरी तक के लिए की गयी है। वहीं 04 एंबुलेंस, पर्याप्त चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम के साथ आवश्यक उपकरण तथा जीवन रक्षक दवा जिला नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध की गयी है।

## सांसद संजय सेठ ने की चाय पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने शनिवार को कांके डैम परिसर में नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा की। नागरिकों से संवाद के क्रम में सांसद ने उनसे सुझाव लिये। सैकड़ों की संख्या में मौजूद नागरिकों के बीच वयोवृद्ध नागरिकों ने सांसद को बताया कि कांके डैम का पार्क सिर्फ सुबह और शाम खोला जाता है। इसे दिन में भी खोलना चाहिए ताकि आसपास के बुजुर्ग यहां आकर बैठ सकें। नागरिकों ने कांके डैम की सफाई का भी आग्रह सांसद से किया। नागरिकों ने कहा कि आपके प्रयास से ही आज से तकरीबन डेढ़ दशक पूर्व इस डैम की सफाई हुई थी, उसके बाद से इसकी वृहद सफाई नहीं हुई है। इस डैम का पानी रांची की बड़ी आबादी को पीने के लिए और घरेलू उपयोग के लिए दिया जाता है, ऐसे में डैम की सफाई आवश्यक है।

चाय पर चर्चा के दौरान ही सांसद ने नागरिकों को बताया कि देवी मंडप रोड से सरोवर नगर होते हुए सीएमपीडीआइ तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही काम भी आरंभ हो चुका है। बहुत जल्द क्षेत्र के लोगों को एक बेहतरीन सड़क आवाजाही के लिए उपलब्ध होगी। इस दौरान सांसद ने खुद डैम परिसर में देखा कि जिन स्थानों पर मूर्ति विसर्जन किया जाता है, वहां भारी मात्रा में गंदगी फैली हुई है। सांसद ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही इसकी सफाई हो, इस दिशा में सार्थक पहल करेंगे। बिजली आपूर्ति को लेकर आ रहे संकट से भी नागरिकों ने सांसद को अवगत कराया। सांसद ने बताया कि चाय पर चर्चा की पहल उनके द्वारा शुरू की गयी है, जो सकारात्मक साबित हो रहा है। बड़ी संख्या में सुबह-सुबह नागरिकों से संवाद हो रहा है और सबसे करीब से मिलने का, उनकी समस्याएं जानने का, उसके समाधान का अवसर प्राप्त हो रहा है। उनका प्रयास है कि नागरिकों ने जो बहुमूल्य सुझाव दिये हैं, उस पर काम किया जाये।

## गर्म कपड़े बांट कर टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने नववर्ष मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर हार्ट विद्यालय के बच्चों ने नववर्ष का स्वागत जरूरतमंद बच्चों के बीच गर्म कपड़े बांट कर किया। विद्यालय के सामाजिक कार्यक्रम जॉय ऑफ गिविंग के तृतीय चरण में विद्यार्थियों ने न्यू भूसुर आशा केंद्र में 300 बच्चों के बीच स्वेटर, जैकेट जींस शर्ट आदि गर्म कपड़ों का वितरण किया। विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के नाम टेंडर हार्ट के अनुरूप ही कोमल हृदय से सभी बच्चों के साथ खुशियां मनायीं। ज्ञात हो कि विगत 3 महीनों से टेंडर हार्ट विद्यालय की सामाजिक पहल जॉय ऑफ गिविंग के तहत जरूरत मंद लोगों के बीच खिलौने, पुस्तकें, कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों में किताबी शिक्षा के साथ साथ मानवता एवं समाज सेवा के गुण भी समाहित करता है एवं पूरे विद्यालय परिवार को छात्रों के ऐसे प्रयासों के ऊपर गर्व है।

## पुराने कांग्रेसजनों को जोड़ेगा प्रोफेशनल्स कांग्रेस

**उच्च विचार और आशीर्वाद के साथ करेगा काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ष की समाप्ति एवं आने वाले मंगल वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में शनिवार झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अगुवाई में प्रदेश कांग्रेस भवन, रांची में वरिष्ठ कांग्रेसजनों की मान-सम्मान एवं सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रांची महानगर प्रोफेशनल्स एवं ग्रामीण प्रोफेशनल्स कांग्रेस के द्वारा आयोजित किया गया। समारोह का संचालन योगेंद्र सिंह बेनी ने की। इस अवसर पर प्रोफेशनल्स कांग्रेस ने 23 वरिष्ठ कांग्रेसजनों को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं सदस्यता अभियान समारोह में 50 नये लोगों को प्रोफेशनल्स कांग्रेस की सदस्यता दिलायी गयी।




समारोह में झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि प्रोफेशनल्स कांग्रेस आने वाले साल में मान-सम्मान वर्ष कार्यक्रम, प्रोफेशनल्स यात्रा एवं पुराने लोगों को प्रोफेशनल्स कांग्रेस जोड़ने का काम करेंगी। इसके लिए उन्होंने चैप्टर अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्षों एवं प्रोफेशनल्स कांग्रेस के सभी सदस्यों को निर्देश दिया है आने वाले वर्ष संघर्ष का वर्ष होगा। इसके हर तरीके से जनसेवा के लिए सजग एवं तैयार रहने की जरूरत है। योगेंद्र सिंह बेनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। हमें कांग्रेस पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए सबों को सहयोग देने की जरूरत है।

रांची महानगर प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष कृष्णा सहाय एवं ग्रामीण प्रोफेशनल्स कांग्रेस अध्यक्ष संजीव महतो ने कहा कि प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में प्रोफेशनल्स कांग्रेस काफी मजबूत हुई है। सम्मानित होने वालों में आनंद जालान, मणिशंकर तिवारी, प्रभात कुमार, उमेश चौधरी, अशोक शर्मा, नंदलाल शर्मा, दामोदर राम, अरूण गोप, जगदीश साहू, कामेश्वर गिरि, मो अख्तर, परवेज, अरुण चावला, प्रेम सागर मुंडा, जगरनाथ साहू, हाजी मो सलीम, डॉ शांति खलखो, एमएम खलखो शामिल है। प्रोफेशनल्स कांग्रेस में सदस्यता ग्रहण करने प्रियांशू कुमार, मोहित कुमार, मोनू कुमार, मोनू सिंह, राज कुमार यादव, दिलिप कुमार सिंह, चंदन कुमार, मंटू कुमार, सुरज वर्मा, नरेश महतो, अरुण कुमार सिंह, अशीष, अरविंद, राजेश, मनोज, मुरली मनोहर, डा शांति, रोशन, संजय तिग्गा, संतोष राम, असलम, परवेज आलम सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## वीर बुधु स्मारक समिति का पुनर्गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वीर बुधु स्मारक समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से वीरबुधु भगत स्मारक समिति के अध्यक्ष शिव पूजन भगत को चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए अजीत कुमार सिंह, सुकरा उरांव, मोहम्मद मेजीबुल्ला, रुक्मणी भगत एवं देवनारायण भगत को चुना गया। महासचिव पद के लिए गोपाल भगत, कोषाध्यक्ष पद के लिए सनी उरांव, कोषाध्यक्ष पद के लिए महादेव भगत, मीडिया प्रभारी सुनील उरांव, संरक्षक राम किशोर भगत, परमेश्वर भगत, रामधनी भगत एवं सलाहकार समिति में बिमल कच्छप, आशुतोष तिवारी, बाना मुंडा, सत्यनारायण लकड़ा सनी टोप्पो दिलीप सिंह आदि बनाये गये। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहना कर स्वागत किया एवं उन्होंने कहा कि वीरबुधु ने भगत अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी एवं जल जंगल जमीन की रक्षा की लड़ाई लड़ी। उन्होंने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दे दी, समाज को भी वीरबुध भगत बनने की जरूरत है ताकि समाज में हो रहे अत्याचार, शोषण के विरुद्ध लड़ाई लड़ सकें। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, विमल कच्छप, बाना मुंडा, भुवनेश्वर लोहरा, प्रमोद एक्का, कृष्णा भगत, बहारात उरांव, श्याम उरांव, देवनरायण उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

## 26 फरवरी को आदिवासी बचाओ रैली का आयोजन

**आदिवासी संगठनों ने कुड़मी कुर्मी को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का विरोध जताया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी कुर्मी को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के विरोध में 26 फरवरी को आदिवासी बचाओ रैली निकाली जायेगी। शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक धुमकुड़िया सभागार करम टोली में हुई।

बैठक में धनबाद बोकारो गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम समेत कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें आदिवासी संगठनों ने निर्णय लिया की संयुक्त प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलकर अपना विरोध दर्ज करायेगा। वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सांसद अधीर रंजन, आलमगीर आलम, ममता बनर्जी और नवीन पटनायक का पूरे झारखंड सहित ओड़िशा व पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में पुतला दहन किया जायेगा।

इस बैठक में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, देवकुमार धान, पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकू, आदिवासी अधिकार रक्षा मंच के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा, आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमी शाही मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, अनिल कुमार टुडू, यदुनाथ तियू, गब्बर सिंह हेंब्रम, जलेश्वर भगत, सोमा मुंडा, एलएम उरांव, अभय भुटकुवर, दिनेश मुंडा मौजूद थे।

### एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जारी की सर्वे रिपोर्ट
## बिरसा मुंडा रांची एयरपोर्ट की सुविधाओं से उपभोक्ता नाखुश

**पहले से चौथे रैंक पर पहुंचा रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जो सुविधाएं ग्राहकों को दी जा रही हैं, उससे उपभोक्ता खुश नहीं हो रहे हैं। उनके खुश न होने का परिणाम यह हुआ है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ग्राहक संतुष्टि सर्वे (कस्टमर सटिस्फैक्शन) के सर्वेक्षण रिपोर्ट में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची का रैंक खासा पीछे हुआ है। छह महीने पहले रांची एयरपोर्ट को पहला रैंक मिला था, लेकिन जुलाई से दिसंबर महीने के सर्वे रिपोर्ट में इसकी रैंक पहले से खिसक कर चौथे पर आ गयी है। रांची एयरपोर्ट को चौथे पायदान पर ला कर पहले पायदान पर कब्जा जमाया है राजस्थान के उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट ने।

**सर्वे में मिले में 4.96 अंक**

बताते चलें कि जुलाई से दिसंबर के बीच कस्टमर सटिस्फैक्शन सर्वे कराया गया था। जिसकी रिपोर्ट जारी की गयी। इस रिपोर्ट के मुताबिक रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को 4.96 अंक मिले हैं। पहले पायदान से चौथे पायदान पर आने की वजह सर्वे में 0.03 अंक कम मिलना है। रिपोर्ट के मुताबिक रांची को 4.96 अंक हासिल हुए, जबकि उदयपुर एयरपोर्ट ने 4.97 अंक हासिल किया।

**जून के सर्वेक्षण में मिला था पहला स्थान**

बताते चलें कि इस साल के पहले छह माह का सर्वेक्षण जनवरी से जून 2022 में हुआ था। तब रांची एयरपोर्ट ने पहला स्थान प्राप्त किया था। दोनों राउंड के सर्वे के आधार पर परिणाम आये।

**जल्द मिलेगा पहला स्थान**

इस बाबत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि हम फिर पहले स्थान पर होंगे। जिन मानदंडों के आधार पर सर्वे हुआ उसके परिणाम बेहद सटीक रहे। कुछ अंतर होने के कारण पिछड़ गये। यह सर्वे कई मानकों पर किया गया। इसमें एयरपोर्ट टर्मिनल भवन, साफ-सफाई, आसपास का वातावरण, एयरलाइंस कर्मियों का व्यवहार, स्वच्छता, साफ-सफाई, उड़ान संबंधी जानकारी और डिस्प्ले, पार्किंग, बैगेज, सुरक्षा जांच के समय कर्मियों का व्यवहार, मनोरंजन और अन्य ग्राहक सुविधाओं से जुड़े मानक शामिल किये गये।

## झारखंड को हमेशा याद रहेंगी सिल्विया बागे : बंधु तिर्की

**सिल्विया बागे के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने जताया शोक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि सुप्रसिद्ध शिक्षाविद और प्रतिष्ठित कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार बागे की धर्मपत्नी सिल्विया बागे का निधन बहुत ही दुखद घटना है और यह झारखंड की अपूरणीय क्षति है।

श्री तिर्की ने कहा कि, बहुत ही अभावग्रस्त एवं संसाधन विहीन पृष्ठभूमि से निकलकर अपने-आप को शिक्षित करने और शिक्षाविद के रूप में स्थापित करने के साथ ही समाज और राजनीतिक क्षितिज पर सिल्विया बागे ने झारखंड के साथ ही तत्कालीन बिहार में भी अतुलनीय योगदान दिया। विशेष रूप से 1984 में सुशील कुमार बागे के निधन के पश्चात श्रीमती बागे ने कांग्रेस नेता और बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में बिहार - झारखण्ड की राजनीति एवं समाज को दिशा भी दी। श्री तिर्की ने कहा कि उनके योगदान को झारखंड कभी भी भुला नहीं पायेगा। श्रीमती बागे से हम सभी को प्रेरणा लेने और झारखंड का निरंतर विकास करते रहने की आवश्यकता है और यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रीमती बागे के निधन पर श्रद्धांजलि व्यक्त करनेवालों में कांग्रेस के संगठन प्रभारी रविन्द्र सिंह, अमूल नीरज खलको, सतीश पॉल मुंजनी सहित अन्य शामिल थे।

### एक्वा वर्ल्ड कार्निवाल के पांचवें दिन धूम-धड़ाके के साथ लोगों ने 2022 को अलविदा किया
## किड्स फैशन शो में बच्चों ने रैंप पर जलवा बिखेरा

**बकरे की अम्मा सेल्फी थीम पर लोगों ने बकरे के साथ खूब ली सेल्फी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों की धूम रही। लोगों ने जम कर डांस करके 2022 को अलविदा कहा। देर रात तक लोगों की भीड़ कार्निवाल का आनंद उठती रही। मुख्य आकर्षण किड्स फैशन शो था जिसमें इस बार रैंप पर बच्चों के जलवे दिखाने की बारी थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ नीरज प्रसाद पूनम प्रसाद और जयंत मिश्रा थे। युवाओं ने बेस्ट हेयर स्टाइल कंपटीशन पर रैंप पर चलकर अपनी जुल्फों की नुमाइश की। महापेटू प्रतियोगिताओं में आज चॉकलेट खाने की चुनौती थी। देवब्रत ने 1 मिनट में 6 चॉकलेट बार खाकर आज के महा पेटू का खिताब जीता। इसके अलावे कई और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाहदेव, निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल, शुभोजित, धीरज, सुमित, संतोष गौरव अग्रवाल, बिट्टू, रवि सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।





बकरे की अम्मा सेल्फी थीम पर लोगों ने पोज बदल-बदल कर सेल्फी खींचा। कोई बकरे की गर्दन पर ही लटक रहा था तो कोई बकरे के गाल से गाल सटाके सेल्फी खींचा रहा था। देखने वालों को बड़ा मजा आया। निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया कि पहली जनवरी के लिए एक्वावर्ल्ड में जबरदस्त तैयारी की गयी है। शाम को 'मोनो टोन' बैंड लाइव परफॉर्मेंस देगा। इसके अतिरिक्त लव यू जिंदगी, जोरू का गुलाम, लाइव रिपोर्टिंग, वेलकम 2023 डांस, बुड्ढा होगा तेरा बाप कैटवॉक आदि आयोजित किया जायेगा। लकी ड्रॉ से विजेता को एलइडी टीवी भी दिया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वालों में प्रमुख हैं-श्वेता ईशा वर्मा, चंदन, अंजू, संगीता, शीतल, अमीषा, नंदनी, सपना, मुस्कान, रिया, कोमल, अमीषा तान्या, कोमल सिंह, अदिति, आकृति, शालू, श्वेता, कोमल पांडा, जया, पूजा, श्रृष्टि, खुशबू, प्रिया योगदान रहा।

# डीजे वाहन की चपेट में आने से तीन युवकों की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तिलैया डैम ओपी अंतर्गत बड़की धमराय में शनिवार देर शाम डीजे लदे पिकअप वाहन के अनियंत्रित होने से तीन युवकों की मौत हो गयी। घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि एक युवक की इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गयी। बताया जाता है कि कांको के कुछ युवक पिकअप वाहन में डीजे बजा कर पिकनिक मना कर तिलैया डैम से अपने घर कांको जा रहे थे।

बड़की धमराय पहुंचते ही पिकअप वाहन गड्ढे में पड़कर अनियंत्रित होकर पलट गया व वाहन में लदा जनरेटर गिर गया। घटना में जनरेटर की चपेट में आने से मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गयी। मृतको की पहचान विजय यादव (21, पिता बासुदेव यादव) और रंजन यादव (20, पिता स्वार्थ यादव) दोनों ग्राम कांको के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद ग्रामीण आनन फानन में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल ले जाने के दौरान एक और युवक कुरमीडीह निवासी प्रेम कुमार यादव (17, पिता केदार यादव) की मौत हो गयी। वहीं वाहन चालक कांको निवासी कौशल साव (20, पिता ईश्वर साव) घायल है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर घटना के बाद गांव में नए साल का उत्साह मातम में बदल गया है।



# दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रउफ गद्दी का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल रऊफ गद्दी का शनिवार को निधन हो गया। बता दें, पिछले कई दिनों से वह बीमार चल रहे थे। उन्हें रांची रिम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान हाजी अब्दुल रऊफ गद्दी ने आखिरी सांस ली। इधर उनके निधन की खबर मिलने के बाद लोगों में शोक की लहर है। लोग उनके घर पहुंच कर उनके अंतिम दर्शन और उनके परिवार के लोगों को सांत्वना दे रहे हैं। हाजी अब्दुल रऊफ गद्दी के निधन पर हाजी साहब के राजदार और दरगाह कमेटी के महासचिव मो फारूक ने कहा कि हम सबके अभिभावक हमारे सदर साहब अब हमारे बीच नहीं रहे। वह हमेशा दूसरों के काम आते थे। उनकी यह कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती है। उन्होंने बताया कि वह अपने पीछे चार बेटे, एक बेटी, पांच भाई, पांच बहन, नाती पोता, पोती समेत भरा पूरा परिवार छोड़ दुनिया को अलविदा कह गये। दुख की इस घड़ी में शामिल होने वालों में दरगाह कमेटी के मो फारूक, हाजी जाकिर, पप्पू गद्दी, इरफान खान, जावेद खान गद्दी, अकलिुर्रह्मान, आदिल रशीद, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, महासचिव समेत शहर और आसपास के कई लोग मौजूद रहे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने जेल में बंद पूर्व विधायक ममता देवी से मुलाकात की



हजारीबाग/ रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने शनिवार को पूर्व विधायक ममता देवी से हजारीबाग कारागार में जाकर मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आप आंदोलन की उपज हैं। आपके साथ कांग्रेस पार्टी का पूरा संगठन आपकी आवाज बनकर लड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह आश्वस्त किया कि निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है और आपको न्याय मिलेगा। कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कहा कि कांग्रेस के पूरे विधायक आपके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं और आपके हर सुख-दुख में सहभागी है। इस मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, अंबा प्रसाद एवं हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव भी मौजूद थे।

### इनरव्हील क्लब ने किया कंबल का वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। इनरव्हील क्लब ऑफ रांची साउथ के सदस्यों ने एक बार फिर गरीबों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। क्लब के सदस्यों के द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए नया टोली कडरू एवं शनि मंदिर हिनू में कंबल वितरण किया गया। सदस्यों ने लगभग 40 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल प्राप्त करने वाले अत्यंत गरीब वृद्धों एवं जरूरतमंद थे। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष तनुजा अधिकारी के साथ सदस्य डॉ सुनीता यादव, संगीता शरण, रामानंदा एवं अनु मलिक उपस्थित थीं।

### अंतरराष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संरक्षण का आठवां महाधिवेशन संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संरक्षण का आठवां महाधिवेशन गोवा के होलीडे विलेज होटल बेतिम में 28 से 31 दिसंबर तक मनाया। इसमें संगठन के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी ने पिछले एक वर्ष के संगठन के कार्यों की समीक्षा की। इसमें नए पदाधिकारियों की घोषणा तथा अच्छा कार्य करने वाले पदाधिकारियों को पदोन्नत के साथ सम्मानित किया गया। 9वां महाअधिवेशन पश्चिम बंगाल के कोलकाता में मनाये जाने की घोषणा की। इस दौरान पूरे देश से आए हुए सभी सदस्यों ने अपने -अपने प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। उपरोक्त जानकारी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्याम फुल भारद्वाज एडवोकेट,अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दी।

### पीतांबर महाराज ने पीएम मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक जताया

रांची (आजाद सिपाही)। श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीतांबर महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन के निधन पर शोक जताया है। अपने शोक संदेश में पीतांबर महाराज ने कहा कि उनके निधन की सूचना से हृदय व्यथित है। यह उनकी ही शिक्षा की देन है कि देश को पीएम नरेंद्र मोदी जैसा आदर्शवादी, संस्कारी और ऊर्जावान प्रधानमंत्री मिला। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे हीराबेन को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

# मर्डर के 14 दिन बाद मिला रेबिका का सिर

## पति ने परिवार के साथ मिल कर किये थे 50 टुकड़े, अब तक 29 मिले, 21 की तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज की रेबिका का सिर उसकी हत्या के 14 दिन बाद पुलिस को मिला है। सिर को तालाब में फेंका गया था। पति दिलदार अंसारी ने परिवार और दोस्त के साथ मिल कर पहले रेबिका पहाड़िया की हत्या की। फिर शव की चमड़ी निकाल कर 50 टुकड़े किये थे। इसके बाद इन टुकड़ों को अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया था। तालाब में पड़े सिर को मछुआरों ने देखा। फिर इसकी जानकारी बोरियो पुलिस को दी। पुलिस ने अब तक रेबिका के 29 टुकड़े बरामद किये हैं। इसी तालाब के आसपास बाकी 21 टुकड़ों की भी तलाश की जा रही है।

**ये है पूरा मामला :** रेबिका पहाड़िया (22 ) ने परिवार के खिलाफ जाकर मर्डर से करीब डेढ़ महीने पहले ही दिलदार अंसारी (25) से लव मैरिज की थी। 17 दिसंबर को रेबिका की हत्या की गयी। सबूत मिटाने के लिए दिलदार और उसके परिवार ने रेबिका के शव के 50 टुकड़े किये थे। कुछ टुकड़े घर में छिपा दिये, जबकि अन्य टुकड़े मोहल्ले के आसपास सुनसान जगहों पर फेंक दिये। उन्हें कुत्ते नोंच-नोंच कर खा रहे थे। जब लोगों ने कुत्तों को इंसान का मांस खाते देखा, तो इसकी सूचना पुलिस को दी थी।

**सास ने 20 हजार में भाई को दी थी सुपारी :** पुलिस ने शक के आधार पर दिलदार अंसारी को पकड़ा था। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने दिलदार की मां मरियम निशा, उसके मामा और दोस्त समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस हत्याकांड में दिलदार का परिवार भी शामिल था। पुलिस ने 23 दिसंबर तक मरियम निशा और शव के टुकड़े करने वाले दिलदार के मामा मोइनुल के दोस्त मैनुल हक मोमिन को रिमांड पर रखा। उनसे रेबिका को मारने के कारणों को उगलवाने की कोशिश की गयी। पुलिस के मुताबिक दिलदार अंसारी की मां मरियम निशा ने रेबिका की हत्या करने और शव ठिकाने लगाने के लिए अपने भाई मोइनुल अंसारी को 20 हजार रुपये की सुपारी दी थी।



# श्री श्याम मंदिर में 43वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष 22-23 के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 43वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया । श्री श्याम मंदिर के श्री श्याम रसोई में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में भंडारे के प्रसाद में गुड़ की खीर, छोला भटूरा और गाजर के अचार का महाप्रसाद निर्मित किया गया। श्री श्याम मंदिर में विराजमान गणेश जी, खाटू नरेश लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, बजरंगबली, श्यामेश्वर महादेव व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमान श्री अग्रवाल परिवार ने खाटू नरेश का प्रिय भजन आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुचि रुचि भोग लगाओ बाबा श्याम जी का गायन हुआ। वर्धमान कंपाउंड निवासी राम किशोर अग्रवाल, रमालता अग्रवाल, अशोक शशि अग्रवाल, मंडल के सीए संजय अग्रवाल और प्रियंका अग्रवाल ने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। मंदिर के आचार्य को प्रसाद खिला कर रामकिशोर अग्रवाल परिवार ने आचार्य का चंदन वंदन कर दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। खाटूनरेश की जय जयकारों के बीच में यजमान श्री अग्रवाल परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण का श्रीगणेश किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व सांसद अजय मारू, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनौली, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, मनोहर केडिया, राजीव रंजन मित्तल, सीए संजय अग्रवाल, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, अरुण बुधिया, बसंत मित्तल, अमित सरावगी, राहुल मारू, प्रदीप मोदी, मनोज खेतावत, सीए मयंक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राजेश चौधरी, किशन शर्मा, निखिल नारनौली, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, संतोष पोद्दार, सुभाष मंगल, प्रवीन मंगल, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, प्रियंका अग्रवाल, रमा सरावगी, स्नेहा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, कल्पना मारू ने श्री श्याम भंडारे के वितरण व्यवस्था में सहयोग किया।



### नये वर्ष का स्वागत

नया वर्ष 2023 प्रारंभ के अवसर पर 1 जनवरी रविवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का दिव्य पावन मनभावन श्रृंगार होगा। प्रसाद वितरण का विशेष प्रबंध किया जायेगा। अगरतला त्रिपुरा निवासी संदीप अग्रवाल व रीता अग्रवाल परिवार के साथ श्रृंगार व पंचमेवा प्रसाद की सेवा निवेदित करेंगे।

# तायकोफेस्ट सीजन सात में सरला बिरला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के छात्रों ने कोलकाता तायकोफेस्ट सीजन 7 राष्ट्रीय तायक्वोंडो चैंम्पियनशिप में शानदार सफलता अर्जित की। 15 राज्यों के 800 से अधिक खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता को अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में विभाजित किया गया था। हमारे स्कूल के छात्रों ने 4 गोल्ड, 7 सिल्वर और 1 कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। रिधिमा सिंह, हषिता चौधरी, रुद्र जायवाल ने स्वर्ण पदक जीता।

श्रीपन चटर्जी, सिया शुक्ला, अपूर्वा कुमारी, प्रणीत कुमार मेहता, अविनाश जायसवाल और अनुभव गुप्ता ने रजत पदक जीता। नमन कुमार गुलगुलिया ने दो अलग-अलग श्रेणियों में सिल्वर और स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल की। सपना को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर छात्रों ने 12 पदक जीते। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विजेताओं को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने चैंपियंस की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रदेश कांग्रेस ने कंबल वितरित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव, फिरोज रिजवी मुन्ना एवं उदय प्रताप सिंह मुन्ना ने कांग्रेस भवन में कड़ाके की ठंड को देखते हुए नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। लगभग 100 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के दिन से लेकर एक सप्ताह तक कांग्रेस जनों द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के मातहत वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना एवं रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता रमेश उरांव की संयुक्त अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में आजादी के संग्राम से लेकर देश के नवनिर्माण में कांग्रेस के महान विभूतियों के अतुलनीय योगदान को याद किया गया। कांग्रेस नेता आलोक दूबे ने कहा कि कांग्रेस के पूर्वजों के कार्यों को राहुल गांधी आगे बढ़ा रहे है। गरीबों, असहायों एवं जरूरतमंदों को जोड़ने निकले राहुल गांधी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं तो देश की आशाओं एवं अपेक्षाओं के उम्मीद भी है। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि कंबल वितरण का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाना है। कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि राहुल गांधी की बेरोजगारी के खिलाफ, नफरत के खिलाफ, महंगाई के खिलाफ तपस्या को न कोई रोक पाया है और न कोई रोक पाएगा।

# पंकज मिश्रा की तबीयत खराब रिम्स में भर्ती



**रांची।** यूरिन इंफेक्शन के बाद पंकज मिश्रा को रिम्स में भर्ती किया गया है। सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। जेल में रहने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद लंबे समय तक रिम्स में उनका इलाज चला था। एक बार फिर शनिवार को पेशाब में जलन की शिकायत और पेट में दर्द के बाद उन्हें इमरजेंसी में लाया गया है। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि सर्जरी विभाग के डॉ मृत्युंजय सरावगी के देखरेख में पंकज मिश्रा का इलाज चल रहा है। यूरिन जांच के लिए सैंपल लिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे इलाज की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: (1) ई-निविदा सं०: ईएल/25/खुली/2022-23, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: विद्युत लोकोमोटिव शेड गोमो के मौजूदा अधोसंरचना की मरम्मत एवं उन्नयन से संबंधित विद्युतीय कार्य (कार्य समापन अवधि: छ: माह)। कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू.78,84,621.33, बिड सिक्युरिटी: रू. 1,57,700.00 (2) ई-निविदा सं०: ईएल/26/खुली/2022-23, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: वर्ष 2021-22 के अंब्रेला कार्यों के तहत इलेक्ट्रिक लोको शेड, गोमो की धारण क्षमता 175 से 200 लोकोमोटिव में संवर्धन के लिए शेष कार्य से संबंधित विद्युतीय कार्य। (कार्य समापन अवधि: छ: माह)। कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू. 78,96,591.49, बिड सिक्युरिटी: रू. 1,57,900.00 (3) ई-निविदा सं०: ईएल/27/खुली/2022-23, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: टोरी-एडीईएन / लातेहार के तहत टोरी स्टेशन पर एंड टू एंड एफओबी का प्रावधान और पीएफ सं. 04 और 05 का विस्तार, चौड़ीकरण एवं उठाव से संबंधित विद्युतीय कार्य। (कार्य समापन अवधि: छ: माह)। कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू.45,77,428.37, बिड सिक्युरिटी: रू. 91,600.00 (4) ई-निविदा सं०: ईएल/28/खुली/2022-23, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: चोपन-चोपन डिपो में एकीकृत कोच अनुरक्षण सुविधाओं के प्रावधान से संबंधित विद्युतीय कार्य। (चरण 1) (कार्य समापन अवधि: छ: माह)। कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू.1,05,91,022.98, बिड सिक्युरिटी: रू. 2,03,000.00 (5) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 31/01/2023 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 31/01/2023 को 11:00 बजे के बाद। (6) वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। मंडल रेल प्रबंधक, (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01800/डीएनएन/इंजीईएन/टी/22-23/56

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का आदेश, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री नहीं करेंगे निर्वाचन का काम, डीडीसी को मिली जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री अब निर्वाचन कार्य से मुक्त कर दिये गये हैं। उनकी जगह उप विकास आयुक्त इस जिम्मेदारी को संभालेंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बताते चलें कि राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव कार्य से हटाने को लेकर मंतव्य मांगा था। इसके बाद उन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कर्तव्य से हटाने पर अपनी स्वीकृति दे दी थी। सरकार ने कहा कि कोई उपायुक्त चुनाव कार्य में रहे, यह जरूरी नहीं है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को सरकार की सहमति से अवगत कराया, जिसके बाद आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी।

**भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया पत्र :** भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद ने जारी पत्र में कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950(43) की धारा 13क की उपधारा(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड सरकार के परामर्श से आयोग ने 5 दिसंबर, 2003 की अपनी अधिसूचना में संशोधन किया है।

**सांसद निशिकांत दुबे ने की थी शिकायत :** बताते चलें कि मधुपुर विधानसभा चुनाव के दौरान गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव कार्य से हटाने को लेकर विचार करने का आग्रह किया था। आयोग ने इस पर निर्णय लेने के लिए 31 अक्टूबर को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को कहा था। इससे पहले आयोग ने आदर्श आचार संहिता मामले में सांसद निशिकांत दूबे के विरुद्ध छह माह पहले प्राथमिकी दर्ज कराने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उन्हें पद से हटाने का आदेश राज्य सरकार को दिया था, लेकिन राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं करते हुए आयोग को इस पर पुनर्विचार करने को कहा था।

# नये साल से उम्मीदें

कोरोना महामारी के अभूतपूर्व संकट से जैसे-तैसे उबरी दुनिया के सिर पर साल 2022 ने जो सबसे बड़ी चुनौती लाद दी वह है यूक्रेन की जंग। जिस ग्लोबल इकॉनमी के दोबारा रफ्तार पकड़ने की उम्मीद की जा रही थी, इस युद्ध की वजह से उसके मंदी में फंसने के आसार दिखायी देने लगे। साल बीतते-बीतते तक दोनों तरफ से शांति की इच्छा तो जतायी जाने लगी है, लेकिन ऐसा कोई फॉर्म्युला नहीं निकल पा रहा है, जिस पर यूक्रेन और रूस दोनों सहमत हों। नये साल में इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करना एक बड़ी चुनौती होगी। टकराव के दूसरे संवेदनशील क्षेत्र भारत-चीन बॉर्डर पर सामान्य स्थिति बहाल करने का दायित्व भी नये साल के ही सिर पर आ पड़ा है। गलवान घाटी में 2020 में हुई तीखी झड़प के बाद से एलएसी पर दोनों ओर से सैन्य टुकड़ियों की आमने-सामने तैनाती की जो स्थिति बनी हुई थी, उसमें इस साल जरूर थोड़ी प्रगति हासिल की गयी, लेकिन तनाव कम नहीं हुआ। उलटे अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हुई ताजा झड़प ने हालात फिर से बदतर बना दिये। बहरहाल, दोनों देशों के नेतृत्व के सामने चुनौती है कि अगले साल आपसी विश्वास बहाल करने वाले कुछ कदम जल्द से जल्द उठायें, ताकि सीमा पर स्थिति सामान्य हो सके। हालांकि इन अड़चनों के बीच भी भारत जहां अपनी आर्थिक स्थिति को काफी हद तक मजबूत बनाये हुए है, वहीं ग्लोबल इकॉनमी की भी उम्मीद बना हुआ है। इसी साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वह दुनिया की चौथे नंबर की इकॉनमी बन गया। यूक्रेन युद्ध बंद करवाने के लिहाज से भी भारत की भूमिका को अहम माना जा रहा है। इस बीच जी-20 की अध्यक्षता के रूप में भारत को इस मंच का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करने का एक मौका मिला है। घरेलू मोर्चे की जहां तक बात है तो इस साल गुजरात और हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव बीजेपी और कांग्रेस को एक-एक का स्कोर देते हुए समाप्त हुए। ऐसे में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव और दिलचस्प हो गये हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के रूप में गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष चुन कर और भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत कर कांग्रेस ने अपनी पुरानी शिथिलता त्यागने का संकेत जरूर दिया है, लेकिन आपसी मतभेद और संगठनात्मक कमजोरी की दो बड़ी बीमारियां अभी बरकरार हैं। इस बीच, चीन समेत कई देशों में कोरोना जिस तेजी से सिर उठा रहा है, उसके मद्देनजर हम निश्चिंत नहीं रह सकते। कुल मिला कर देखें तो अगले साल की उभरती हुई तस्वीर सुनहरी नहीं कही जा सकती, लेकिन पिछले कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि जो तस्वीर शुरू में सुनहरी दिखती है, वह भी खास सुनहरी नहीं साबित होती। लिहाजा इस तस्वीर में संभावना के जो बिंदु नजर आ रहे हैं, उन्हें बड़ा बनाते हुए पूरी तस्वीर को उम्मीदों के रंग से रोशन करने की जिम्मेदारी हमें खुद अपने कंधों पर ही लेनी होगी।

**कुल मिला कर देखें तो अगले साल की उभरती हुई तस्वीर सुनहरी नहीं कही जा सकती, लेकिन पिछले कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि जो तस्वीर शुरू में सुनहरी दिखती है, वह भी खास सुनहरी नहीं साबित होती।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पैसे के नाम पर ईमान, परमार्थ, अध्यात्म, धर्म और सदाचार स्वाह हो रहा है। इज्जत और अस्मत लुट रही है। न्याय और कत्तव्य की बलि चढ़ रही है। नेता, अधिकारी, मंत्री-संतरी सब लालच में डूबे हैं। जैसे भी हो पैसा मिलना चाहिए। अपमान हो, जिल्लत हो, कष्ट हो, परेशानी हो, झूठ हो, धोखा हो पैसे के लिए सब कबूल। एक तरफ गरीबों की गरीबी दिनों-दिन बढ़ रही है और उधर अमीरों की अमीरी दिनों-दिन बढ़ रही है।**

# बस दौड़ लगी है पैसे की

मोहन लाल



**धन और धरती पर सबको उनकी जरूरतों के मुताबिक हक मिलना चाहिए। सामाजिक असमानता को घटाना होगा। धन की लोलुपता सारी बुराइयों की जड़ है अतः केंद्र और राज्य सरकारें पैसे का मोह इंसान में कम ही सोचना चाहिए। रोजगार गरीबों के लिए, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सब के लिए सरकार उपलब्ध करवाये, तभी पैसे का मोह काम होगा।**

अखबार के पन्ने पलटिए बस यही पढ़ने को मिलेगा आज अमुक मंत्री जेल गया, कल वह अधिकारी गया, परसों कोई और जेल की हवा खा रहा है। टैलीविजन देखिए तो मिलेगा इडी ने आज अमुक शहर में इतने धनी मानी लोगों के घरों को घेरा, कल इंकम टैक्स वालों ने इतनी फैक्टरियों पर छापे मारे। अमुक-अमुक व्यक्ति मनी लांड्रिंग के केसों में पकड़े गये। यानी समाज में पैसे के कारण हड़कंप मचा है।

पैसा प्रधान हो गया, समाज और समाज की कद्रो-कीमत कहीं पता नहीं कहां छुप गयीं? पैसा? पैसा? पैसा??? कितना पैसा चाहिए मनुष्य को? कोई तो मापदंड हो पैसे का? मनुष्य पैसे के लिए मरा जा रहा है। दो रोटी तो खानी हैं? रहने को एक छत काफी नहीं? पहनने के लिए दो जोड़ी कुर्ता-पायजामा काफी नहीं? दौड़ लगी है पैसे की। इस पैसे के लिए मनुष्य को न चैन है, न आराम। भागे चले जा रहा है- हाय पैसा? मेरे पास एक गरीब आदमी आया बोला, दो-एक मरले जमीन दे दो।

**पैसा समाज में ऐसा तीर है, जिस तरफ भी चलाओगे शिकार मार ही लेगा।**

आप जमींदार हैं, साहिब एक बार दया कीजिए। मैं पसीज गया, जाओ शाम पांच बजे तक जितनी जमीन चाहिए नाप लो। बेचारा जमीन के लालच में सरपट भागता ही चला गया पांच बजे तक। शाम को पांच बजते ही अधिक से अधिक जमीन कब्जे में करने को हांफता ही हांफता चला गया। पांच बजे जो धड़ाम से गिर पड़ा, उठा ही नहीं।

इसी लालसा में इंसान भाग रहा है कि अधिक से अधिक धन अर्जित कर ले। अगले सैकंड में यदि सांस फेल हो गयी तो सब कुछ धरे का धरा रह जायेगा। संभल, विचार कर कि तू क्या लेकर आया था? क्या सचमुच पैसा बड़ी चीज है? है तो निश्चय ही बड़ी बात परंतु जिंदगी से बड़ा नहीं। समाज ने तो पैसे को ही भगवान मान लिया है। इसी लालच में सब कहीं भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। अंधा हो गया पैसे की खातिर। यही कारण है कि किसी पर छापे, कोई जेल में तो कोई देश छोड़ ही भाग गया। भगदड़ मची है।

पैसा है तो सब कुछ है पैसा नहीं तो यह भी सच कि संसार सूना है। भूखा हजारों पाप करेगा। विभूक्षिताः किन न करोति पाप। पैसा बड़ी चीज है तो भूख उससे भी बड़ी चीज। भूख और पैसा विरोधाभासी चीजें हैं परन्तु दोनों के परिणाम भ्रष्टाचार हैं। भूखा चोरी करेगा, डाका डालेगा। पैसे वाला और पैसा चाहेगा। हजार वाला दस हजार और दस हजार वाला लखपति बनना चाहेगा, साइकिल वाले को कार, कार वाले को जहाज। इच्छाओं का अंत नहीं। फिर पैसा तो ऐसी भूख है कि पेट भरेगा ही नहीं। भूख भी पापी बनाती है, पैसा भी अनाचार फैलाता है।

पैसा समाज में ऐसा तीर है, जिस तरफ भी चलाओगे शिकार मार ही लेगा। पैसा सब जगह पूजा जाता है जिसके पल्ले दाने उसदे कमले वी सियाने। पैसे वाला विद्वान, वही गुणवान, वही सुशील वही सभ्य। सर्वे गुणः काचनं अश्रियंति : सारे गुण पैसे में बसते हैं। ऐसा कोई नहीं जो पैसे के बस में न हो। को न याति वशं लोके मुखे पिण्डेन पूरितः। पैसा सबको बस में कर लेता है। पद, यश, मान, सम्मान सब पैसे में। पैसा नहीं तो कोई किसी का यार मित्र नहीं।

पैसा फैंको तमाशा देखो। पैसा नहीं तो यार नहीं, पैसा नहीं तो कोई मित्र-बांधव, सखा या भगवान नहीं। पैसे के सामने कोई खोटा नहीं, खरा नहीं, छोटा नहीं, बड़ा नहीं। सब बराबर। पैसा है तो प्यार है। कौन गरीब से प्यार करे? पैसे के लिए मनुष्य चोरी करता है, बेईमानी करता है, शोषण करता है, धोखा करता है, भ्रष्टाचार करता है, अत्याचार करता है, विश्वासघात करता है, 420 बनता है, वहम और पाखंड करता है, रिश्वत देता है, रिश्वत लेता है, डाका डालता है, खून करता है और जाने क्या कुछ करता है यानी पैसे के लिए अपने बच्चों तक को बेच डालता है। पैसे की खातिर दूध वाला दूध में पानी मिलाता है, देसी घी में डालडा मिलाता है, सरसों के तेल में मिलावट करता है।

पैसे के नाम पर ईमान, परमार्थ, अध्यात्म, धर्म और सदाचार स्वाह हो रहा है। इज्जत और अस्मत लुट रही है। न्याय और कत्तव्य की बलि चढ़ रही है। नेता, अधिकारी, मंत्री-संतरी सब लालच में डूबे हैं। जैसे भी हो पैसा मिलना चाहिए। अपमान हो, जिल्लत हो, कष्ट हो, परेशानी हो, झूठ हो, धोखा हो पैसे के लिए सब कबूल। एक तरफ गरीबों की गरीबी दिनों-दिन बढ़ रही है और उधर अमीरों की अमीरी दिनों-दिन बढ़ रही है। किसी के पास झोंपड़ी तक के लाले और दूसरी तरफ पच्चास-पच्चास महल।

सरकारों को अपने बजट अपनी सरकार की आर्थिक नीतियों पर विचार करना चाहिए। बजट सरकारें ऐसा बनाएं कि अमीर-गरीब के बीच की दूरी घटे। पैसा किसके पास कितना होना चाहिए इसकी सीमा निश्चित की जानी चाहिए। समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारा बजट पहुंचे तभी गरीब को लगेगा कि सरकार मेरी है। बजट गरीबोन्मुख बनने शुरू होने चाहिएं। धन और धरती पर सबको उनकी जरूरतों के मुताबिक हक मिलना चाहिए। सामाजिक असमानता को घटाना होगा। धन की लोलुपता सारी बुराइयों की जड़ है। अतः केंद्र और राज्य सरकारें पैसे का मोह इंसान में कम सोचना चाहिए। रोजगार गरीबों के लिए, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सब के लिए सरकार उपलब्ध करवाये, तभी पैसे का मोह काम होगा।

**(लेखक : पूर्व परिवहन मंत्री, पंजाब हैं।)**

# युवाओं का उत्साह कम कर रही है पेपर लीक होने की समस्या



सुखदेव वशिष्ठ

कोरोना महामारी के बाद देश में बेरोजगारी की समस्या और भी ज्यादा बढ़ी है। वर्तमान मे विभिन्न नौकरियों के लिये आयोजित की जाने वाली परीक्षाओ के प्रश्न पत्र लीक करवाने और अनुचित तरीको से उम्मीदवारों को पास करवाना अवैध व्यापार के रूप मे दुर्भाग्य पूर्ण रूप से उभर रहा है। अनेक माफिया गिरोह इस मे संलिप्त हैं।सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में बेरोजगारी दर अगस्त,2022 में बढ़कर 8.28 %पर पहुंच गई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 7.68 % पर और शहरी क्षेत्र में 9.57% पर दर्ज किया गया। जबकि मई 2022 में बेरोजगारी दर 7.14 % थी, जिसमें शहरी क्षेत्र में यह आंकड़ा 8.24 % और ग्रामीण क्षेत्र में 6.63% पर दर्ज किया गया था। वहीं अक्टूबर माह में बेरोजगारी दर 7.77% थी, जिसमे शहरी क्षेत्र में यह दर 7.21 % आंकी गयी, वहीं दूसरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 8.04 % थी।

27 मार्च को जम्मू कश्मीर सर्वीसज सिलेक्शन बोर्ड की ओर से लेखा सहायकों के विभिन्न पदों की नियुक्ति केलिये ली जाने वाली परीक्षा मे अनियमितता तथा प्रश्न पत्र लीक होने के मामले मे दोषियों की तलाश मे विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गयी। 26 और 27 अगस्त को अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक इंजीनियर (सिविल) परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले मे सीबीआई ने 9 नवम्बर को अरोपियों के विरुध्द चार्जशीट दाखिल कर दी। 28 नवम्बर को पश्चिम बंगाल मे होने वाली डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले मे जांच सीआईडी को करने के आदेश दिये गये। 23 दिसेंबर को हिमाचल प्रदेश के जूनियर ऑफीसर असिस्टेंट केलिये 25 दिसेंबर को ली जाने वाली परीक्षा लीक करने के मामले मे हमीरपुर मे हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग की कर्मचारी, उसके बेटे ,2 अभ्यर्थियों व दलाल सहित 5 लोगों को 5 लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 24 दिसम्बर को राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से सेकेंड ग्रेड अध्यापक भर्ती केलिये ली जाने वाली सामान्य ज्ञान परीक्षा लीक होने के कारण रद्द हो गयी।

दिल्ली में पढ़ रहीं अनुष्का के अनुसार हम इस धांधलेबाजी से परेशान हैं। हम मेहनत कर के पेपर देते हैं और फिर वो लीक हो जाता है।हमारी सारी मेहनत खराब हो जाती है। मोहाली जिले के रहने वाले सुखदेव सिंह पिछले तीन वर्षों से सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे लेकिन भर्तियां न आने से हताश होकर उन्होंने हाल ही में एक प्राइवेट संस्था में नौकरी कर ली है।

प्राइवेट संस्था में नौकरी कर रहे 29 वर्षीय अमन बताते हैं, मैं एक मध्यम वर्गीय परिवार से हूं। मेरे घर में मम्मी, पापा और दो बहनें हैं। पापा की गांव में ही परचून की एक दुकान है। मैंने बीएससी किया है और ग्रेजुएशन के बाद ही स्टाफ सलेक्शन कमीशन (एसएससी) और रेलवे की तैयारी के लिए देहरादून आ गया था। लेकिन अब कब तक घर वालों से पैसा लेता। दूसरे शहर में रहने पर हजार खर्च होते हैं। अंत में हारकर मैंने प्राइवेट नौकरी ही कर ली। अब मुझे 12,000 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं।

सवाल उठना स्वभाविक है, क्या सरकारी सेवाओं व शिक्षण संस्थानों में नकल के मार्फत सफल होने वाले अयोग्य व्यक्ति अपने पद की गरिमा का महत्व समझेंगे? क्या इन अयोग्य व्यक्तियों के चुने जाने से मेहनतकश छात्रों व प्रतियोगियों का मनोबल नहीं गिरेगा? ऐसे ही और भी कई सवाल हैं जिनके संतोषजनक जवाब तभी मिलेंगे जब यह सब बंद होगा।धूर्त मानसिकता के लोगों के द्वारा प्रश्न पत्र लीक कर और परीक्षा मे नकल करवा कर काबिल उम्मीदवारों का अधिकार छीना जा रहा है।पारंपरिक तरीको को छोड़ कर नए तरीके ढूंढ़ने के साथ-साथ शिक्षा के पेट्रन में बड़े बदलाव की जरूरत है। पेपर लीक की समस्या युवाओं के नए भारत के निर्माण के प्रति उत्साह को कुंद कर रहा है।

## जमशेदपुर की खबरें

# चोरी के सामान के साथ सात अपराधी गिरफ्तार, चार नाबालिग भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर के परसुडीह थाना क्षेत्र में शिक्षिका के घर लाखों की चोरी के मामले में पुलिस छापेमारी कर कुल छह चोर समेत चोरी के जेवर खरीदने वाला एक सोनार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि शिकंजे में आये सात चोरों में चार नाबालिग भी शामिल हैं, जिन्हें बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है। बता दें कि 23 दिसंबर 2022 की रात परसुडीह थाना अंतर्गत प्रमथ नगर निवासी शिक्षिका मोइत्री चौधरी के घर पर चोरों ने साढ़े तीन लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना में दौरान पूरा परिवार बाहर गया हुआ था और घर में ताला लगा हुआ था। 24 दिसंबर की सुबह आसपास के लोगों ने दरवाजे के ताला टूटा देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिसिया जांच के दौरान मकान के अंदर सभी कमरे का सामान अस्त व्यस्त पाया गया। इसकी सूचना तत्काल घर वाले को दी गयी, उनके आने के बाद पता चला कि चोरों ने अलमीरा में रखे सोने के जेवर, एलसीडी टीवी और अन्य सामान की चोरी कर ली है, चोरी गये सामानों की कीमत साढ़े तीन लाख की है।

**गला हुआ सोना और चोरी का सामान बरामद :** इस मामले में कांड दर्ज कर अनुसंधान के दौरान 6 चोर को शिकंजे में लिया गया, जिसमें चार नाबालिग भी शामिल हैं। पूछताछ के दौरान पता चला कि चोरों ने चोरी किये गये सोने के जेवर को एक सोनार को बेचा है, जिसके बाद सोनार की गिरफ्तारी की गयी। जांच के दौरान पाया गया कि सोनार ने चोरी के सोने के जेवर को गला दिया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। इधर चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने एलसीडी टीवी और अन्य सामान बरामद किया है।

जमशेदपुर में चोरी के मामले की जानकारी देते हुए परसुडीह थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा ने बताया कि चोरी के कांड में देव महतो, सावन कर्मकार समेत 4 नाबालिग और इनके द्वारा चोरी के आभूषण खरीदने वाले आभूषण दुकानदार शशि वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी परसुडीह थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि किसी को शक ना हो सके, इसके लिए चोरों ने नाबालिग को अपने साथ शामिल कर घटना को अंजाम दिया था। इस कांड में संलिप्त एक अन्य युवक फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# टीएमएच में हार्ट सर्जरी की शुरू होगी व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता


**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की ओर से संचालित टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में नये सिरे से डॉक्टरों और रेडियोलॉजिस्ट की बहाली की जायेगी। इसके अलावा हार्ट सर्जरी की भी व्यवस्था जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा। शुक्रवार को हुई अस्पताल सलाहकार समिति की हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया। इस मीटिंग में टाटा स्टील के कारपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम अतरई सान्याल, जीएम सुधीर राय, सीआइएमएस विनिता सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। मीटिंग के दौरान इ-मेडिकल बुक की उपयोगिता को बढ़ाने पर बल दिया गया। इस पर तय किया गया कि अभी कई लोगों के रिकॉर्ड अपडेट नहीं हो पाये है, इस कारण जब तक सारा कुछ अपडेट नहीं हो पाता है, तब तक मेडिकल बुक का हार्ड कॉपी या डिजिटल मेडिकल बुक दोनों ही मान्य होगा। इसके अलावा यहां बताया गया कि टीएमएच में हृदय रोगियों के इलाज के लिए कैथ लैब का विस्तार किया जायेगा। इसके तहत यहां ओपन हार्ट सर्जरी का भी व्यवस्था किया जायेगा। इस दौरान डॉक्टरों और नर्स के व्यवहार में सुधार करने पर जोर दिया गया। इस दौरान सोनारी में खुले एक्जीक्यूटिव हेल्थ चेक अप की व्यवस्था का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये, इसके लिए सबको जागरूक करने पर बल दिया गया। टीएमएच में नये डॉक्टर बहाल किये गये है, जबकि अभी और डॉक्टरों की बहाली होगी। रेडियोलॉजिस्ट की भी बहाली होगी। नया एमआरआइ मशीन भी लाया गया है। ओपीडीसी में सीनियर डॉक्टरों के अप्वाइंटमेंट नहीं मिलते है। इस पर तय किया गया कि जल्द ही ओपीडी में नये अप्वाइंटमेंट सिस्टम को लागू कर दिया जायेगा। अटेंडरों के लिए नाइट में सिक्यूरिटी द्वारा चेकिंग की जायेगी। अगर किसी अटेंडर की शिकायत होगी तो उसको अंदर घुसने नहीं दिया जायेगा। इसके अलावा इमरजेंसी को भी विस्तार करने का फैसला लिया गया।

# जुगसलाई में विधायक मंगल कालिंदी ने 85 जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के चूना भट्टा में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी द्वारा 85 जरूरतमंद लोगों के बीच में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में सर्दी से राहत देने के लिए हेमंत सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच में कंबल वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों को शत प्रतिशत पहुंचे यह सरकार की प्राथमिकता है। हेमंत सरकार के तीन साल के कार्यकाल में जो भी विकास योजनाएं सरकार ने लायी और विकास कार्य जनता के हित के लिए किए उससे जनता के चेहरे खुशी से खिले हुए हैं। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जुगसलाई नगर परिषद अध्यक्ष मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद जमील, नौशाद आलम, श्यामू मलिक, राजन मिश्रा, मुकेश शर्मा, रंजन पांडे, सोनू सिंह, अब्दुल कादिर, सिमरन भाटिया, राजू गद्दी आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दोमुहानी संगम महोत्सव 14 को, तैयारी को लेकर हिंदू उत्सव समिति ने की बैठक




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर में हिंदू उत्सव समिति की एक बैठक शनिवार को समिति के बिष्टुपुर स्थित कार्यलय में हुई। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनारी स्थित दोमुहानी घाट पर हिन्दू उत्सव समिति व उम्मीद, एक अभियान के संयुक्त तत्वाधान में दोमुहानी संगम महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया है. इसमें संगम तट पर बनारस ओर हरिद्वार की तर्ज पर ही भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में संध्या बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नदी पूजन, भगवती स्वरूपा स्वर्णरिखा की भव्य आरती एवं उसके पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने बताया है कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर की जीवन रेखा कही जाने वाली स्वर्णरिखा नदी को आस्था से जोड़कर इसके वर्तमान स्वरूप को बचाये रखना है। प्रत्येक वर्ष नदी के जलस्तर का गिरना और नदी का प्रदूषित होना चिंता का विषय है. ऐसे में हरसंभव प्रयास कर लोगों को नदी एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना है। गंगा मां की भव्य आरती करने के लिए बनारस से 11 पुरोहितों को आमंत्रित किया जा रहा है, जो पारंपरिक परिधान में बड़े दिया और डमरू के साथ 48 मिनट का गंगा आरती सम्पन्न करेंगे। इस कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## रमना प्रखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकाल नुक्कड़ सभा का किया आयोजन



**रमना (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी प्रखंड इकाई रमना के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्गत रमना प्रखंड मुख्यालय के जमा दो विद्यालय के प्रांगण से बाजार होते हुए भगत सिंह चौक तक पैदल मार्च यात्रा निकाली गयी। जहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि यह देश सभी धर्मों का देश है। कुछ लोग देश को नफरत की आग झोंकना चाहते हैं। कांग्रेस ऐसा कभी नहीं देगी। हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी लगातार लोगों से संवाद कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अरविन्द तूफानी ने कहा कि आज देश में महंगाई एवं बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। केन्द्र सरकार महंगाई कम करने के बदले सरकारी संपत्तियों को निजीकरण करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि इसलिए भारत जोड़ो यात्रा के तहत सभी किसानों, मजदूरों, व्यवसायियों और देशवासियों को एक साथ जुड़ने की आवश्यकता है। वहीं युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव रोहित पाण्डेय, प्रखण्ड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उमेश त्रिपाठी, दिवाकर चौबे, सोनू सिंह, नगर बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, विशुनपुरा बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र देव, रेयाज अंसारी, देवचंद यादव, किरण देवी, मीना देवी, खुशबून बीबी, असरफ अंसारी, जमालुदीन अंसारी, असर्फी राम, राजा राम, जितेन्द्र राम सहित सकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पीएम नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर भाजपा नेताओं ने की शोकसभा



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता के आवास पर पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने कहा कि हीराबेन का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणादायी रहा है, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की माता जी का निधन हम सबके लिए काफी दुखद है। वे हम सबकी मां थी। उनका संपूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा, उनका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले भाजपा के सभी नेताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश कार्यसमीति सदस्य शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पाण्डेय, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला महामंत्री विकाश स्वदेशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकाश पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, संजय कांस्यकार, अविनाश कुमार, महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, छोटू शुक्ला, मथुरा पासवान, सोनू पांडे, अनुपम चौबे, रामसकल दूबे, प्रोफेसर महमूद आलम, तवाब खान, सुधीर प्रजापति, ईश्वरी कमलापुरी, विवेकानंद पांडे, मुकेश प्रजापति, हीरा प्रसाद, प्रमोद कुमार, नईम खलीफा, सुरेंद्र प्रसाद, मनोज बारी आदि ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## जवाहर नवोदय टीम साउथ प्वाइंट को और एनटीसीए की टीम संत पॉल को हराकर सेमिफाइनल में पहुंची



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नौवें दिन खेले गए दो अलग-अलग क्वार्टर फाइनल मैचों में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को 60 रनों से हराकर दो वर्षों बाद सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं एनटीसीए की टीम ने रोमांचक मुकाबले में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला को हराकर 19 वर्षों बाद दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता से पूर्व गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सह प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी, सचिता धर दुबे और मुजीबूदीन खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर प्रतियोगिता के सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, प्रवीण मिश्रा आशुतोष रंजन, दीपक, विकास, आलोक गुप्ता, अमित उपाध्याय, रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति, मनीष पाठक, सूर्य प्रकाश, प्रभात तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** पीएमजीएसवाइ की 250 करोड़ की 57 योजनाएं स्वीकृत, 32 सड़क व 25 पुल का होगा निर्माण

# आगामी दो वर्षों में सभी पंचायतों की मुख्य सड़कें होंगी पक्की : मंत्री



### चिनियां में सर्वाधिक सात पुल व मेराल में सर्वाधिक पांच सड़कों की मिली स्वीकृति

पीएमजीएसवाई से स्वीकृत योजना में जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए 32 सड़कों एवं 25 पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनिया प्रखंड में सर्वाधिक सात पुल तथा मेराल प्रखंड में सर्वाधिक पांच सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। इनमें चिनिया प्रखंड में बहेरा दह नदी पर 344. 29 लाख रुपये, बिलैती खैर मोड़ से रनपुरा, चिरका रोड के कुंभीखाड़ रोड में दो पुल 288.68 लाख व 239.61 लाख, थामवा नाला पर 302.27 लाख, अखिनियां नाला पर 277.49 लाख, बिलैती खैर मोड़ से रनपुरा, चिरका कुंभीखांड रोड में 226.43 व 195.07 लाख रुपये, मेराल प्रखंड में चार, रमकंडा में चार, रंका में तीन, भंडरिया, डंडई व धुरकी में एक-एक, कांडी तथा नगर उंटारी प्रखंड में दो-दो पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। जबकि पीएमजीएसवाई सड़क की मेराल प्रखंड में सर्वाधिक पांच, गढ़वा सदर प्रखंड में एक, रंका में चार, रमकंडा में दो, भंडरिया में दो, भवनाथपुर में दो, डंडई में दो, धुरकी में दो, कांडी में तीन, खरौंधी में दो, मझियांव में दो, नगर उंटारी में दो तथा रमना प्रखंड में तीन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 250 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 57 योजनाओं की स्वीकृति मिल गयी है। इसमें 200 करोड़ रुपये की लागत से 32 सड़कों तथा 50 करोड़ रुपये की लागत से 25 पुलों का निर्माण किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इसकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दी। मंत्री ने बताया कि पीएमजीएसवाई में 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार की तथा 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की व्यय की जाती है।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ तकनीकी अवरोध के कारण चिनियां प्रखंड को छोड़कर गढ़वा जिले में पीएमजीएसवाई फेज तीन की सड़कों की स्वीकृति नहीं हो पायी थी। अब ग्रामीण कार्य विभाग एवं जेएसआरआरडीए के पदाधिकारियों के अथक प्रयासों के उपरांत सभी अड़चनों को दूर कर योजनाओं की स्वीकृति करायी गयी है। कई चिरप्रतीक्षित एवं अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं को हमने इसमें शामिल किया है। पीएमजीएसवाई में चयनित हो जाने के कारण कई सड़कों व पुलों का निर्माण लंबित था, जिसे राज्य सरकार अपनी संपोषित योजनाओं के तहत भी नहीं ले पा रही थी। पर अब सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। शीघ्र ही इनका निर्माण कार्य आरंभ कर लोगों को लाभ पहुंचाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस फेज में जिले में 257 किमी सड़क बनायी जाएगी। साथ ही 25 पुलों का भी निर्माण होगा। इनमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में करीब एक सौ किलोमीटर से अधिक सड़क तथा 18 पुल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथों के निर्माण की प्रगति यदि यूं ही बनी रही तो अगले दो वर्षों में जिले के सभी पंचायतों की प्रमुख सड़कें पक्की होंगी। योजनाबद्ध तरीके से एक लक्ष्य निर्धारित कर इसके लिए कार्य किया जा रहा है। बहुत जल्द इसका सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। मंत्री ने कहा कि कार्य चाहे केंद्र से हो या राज्य से इसे धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सतत प्रयास की जरूरत है। इसके लिए अथक प्रयास करना पड़ता है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने गढ़वा सहित पूरे पलामू प्रमंडल के पिछड़ेपन को दूर करने का संकल्प लिया है, और इसे मूर्त रूप देने के लिए वे ब्लू प्रिंट तैयार कर लगातार ईमानदारी पूर्वक प्रयासरत हैं।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, दो घायल

**खजूरी गांव के समीप हुई बस-मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत अशोक राम 2012 बैच के कांस्टेबल थे, जो नगर उंटारी में कार्यरत थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

पहली घटना गढ़वा पलामू शाहपुर मार्ग पर भीखही मोड़ के पास घटित हुई। जहां पलामू की ओर से आ रही पिकअप वैन गढ़वा रांची की ओर जा रही रिलायंस बस से आमने-सामने टकरा गई। घटना इतनी दर्दनाक घटित हुई कि पिकअप वैन में सवार चालक और खलासी की मौत हो गई। सूचना के अनुसार आसपास के लोगों ने बताया कि घटना बहुत ही दर्दनाक थी। मृतक दोनों चालक और खलासी का शव गाड़ी से कटर मशीन की मदद से काटकर बाहर निकाला गया। वहीं घटना में मृत चालक व खलासी की पहचान सदर थाना क्षेत्र के सुखबाना गांव निवासी साजिद उर्फ चिंटू एवं पिपरा गांव निवासी जफरान खान के पुत्र साहिद खान के रूप में हुई है। वहीं बस और पिकअप की हुई टक्कर में बस में सवार यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

जबकि दूसरी घटना मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरी गांव के समीप घटित हुई जिसमें पलामू जिले के उंटारी चेचरिया गांव निवासी स्व. सरजू राम के पुत्र अशोक राम की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं मझिआंव थाना क्षेत्र के टंडहे गांव निवासी रामप्यारी शर्मा के 19 वर्षीय पुत्र रंजीत शर्मा व पांडू थाना क्षेत्र के मुसिखा गांव निवासी विगन शर्मा के पुत्र कमलेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में पुलिस मेंस एसोसिएशन गढ़वा के कोषाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मझिआव थाना क्षेत्र अंतर्गत खजूरी गांव के समीप हुई बस मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत अशोक राम 2012 बैच के कांस्टेबल के पद पर नियुक्त थे। जो वर्तमान में नगर उंटारी में कार्यरत थे। वह अपने घर पलामू जिले के उंटारी चचारिया गांव से मोटरसाइकिल से आ रहे थे। तभी यह घटना घटित हुई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे पुलिस मेंस एसोसिएशन के जवान के साथ मेजर ओमप्रकाश दास, सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, पोस्टमार्टम हाउस पहुंच दुख व्यक्त किया एवं मृत कॉन्स्टेबल अशोक राम के शव का अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस लाइन में सलामी दी गई। सलामी के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## जायंट्स ग्रुप ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ठंढ को देखते हुए जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को ग्रुप के उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गढ़वा प्रखंड के गोबरदाहा गांव के आदिम जनजाति कोरवा एवं अन्य जरूरतमंद सैकड़ों गरीबों के बीच बचित्तर सिंह बग्गा लुधियाना के सौजन्य से कम्बल का वितरण किया गया। कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि सभी को ठंड से अपना बचाव करना चाहिये। थोड़ी सी भी लापरवाही से ठंड लग सकती है। मौके पर जायंट्स गढ़वा के उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी,जायंट्स गढ़वा के प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खां, वित्त निदेशक अशोक केशरी, सचिव फेडरेशन 8 के नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन 8 के पदाधिकारी मनोज केशरी, हिंदुस्तान सेनेटरी, यूनिट 2 के यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, विनोद गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी सहित राजेंद्र कोरवा, महेंद्र कोरवा आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## आबकारी विभाग के छापा में कुछ बरामद नहीं हुआ

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरगड़ा पंचायत में आबकारी विभाग के द्वारा शाम में ग्राम पंचायत के बसंत मेहता एवं रामाशंकर साह के घर अचानक छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान किसी के घर से अवैध शराब या किसी प्रकार का कोई सामग्री बरामद नहीं हुई। उसके बाद रामाशंकर साह को जबरन अपनी गाड़ी पर बैठाने लगे। जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए। काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। लोगों ने बताया कि आम लोगों को परेशान करने का षड्यंत्र है। दो-तीन बार इस पंचायत में छापा मारा गया परंतु अभी तक किसी के पास से शराब बरामद नहीं हुआ है। मामला इतना तूल पकड़ लिया कि पंचायत के प्रतिनिधि ने पहुंचकर मामले को शांत कराया एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को जाने के लिए बोला गया।

## छाताकुंड गांव में नीलगाय की मौत से प्रखंड क्षेत्र में सनसनी



**ग्रामीणों ने नीलगाय की मौत पर तेंदुआ के हमले की आशंका जतायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के छाताकुण्ड गांव में एक नीलगाय की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छाताकुण्ड गांव के शिरीडिह टोला निवासी रामअवध प्रजापति के घर के सामने बीती रात्रि अचानक जोर- जोर से शोर होने लगा। स्थानीय ग्रामीणों ने मृत नीलगाय की गर्दन पर निशान देखकर बड़े जानवरों का हमला की आशंका जतायी है। ग्रामीण नीलगाय की मौत को जिले में लगातार तेंदुए के हमले की घटना से जोड़कर देख रहे हैं।

मुखिया मुन्नी देवी ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी सूचना केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार को दी। केतार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपने दल बल के साथ स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। उसके बाद थाना प्रभारी ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोगों को पूरी सतर्कता बरतनी होगी। खासकर महिलाएं घर से बाहर समूह में निकलें और बच्चों को अकेला न छोड़ें। सुबह और शाम जंगली जानवरों की गतिविधि का समय होता है। इसलिए इस वक्त घर से बाहर कम से कम चार-पांच व्यस्क व्यक्तियों के समूह में निकलें। वन क्षेत्रों में किसी जंगली जानवर के दिखने पर उसका पीछा न करें या उसके पास जाने की कोशिश न करें। मवेशियों को जंगल या फसल के खेतों के पास चारागाह में ले जाने के समय कम-से-कम चार-पांच व्यस्क व्यक्तियों के समूह में जायें। मवेशियों के गले में घंटी या अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरण का प्रयोग करें। अपने घरों के आसपास रसोई का कचरा जमा न करें, क्योंकि यह आवारा कुत्तों को उस स्थान पर आमंत्रित करता है, जिससे जंगली जानवरों की आवाजाही की संभावना बनाती है। घरों के पास की झाड़ी साफ रखें एवं घर के बाहर एवं गलियों में प्रकाश की व्यवस्था रखें। नशे की हालत में घर से बाहर नहीं निकलें।

### क्या कहते हैं वन विभाग के अधिकारी

इस घटना से आस-पास के लोगों में भय का माहौल बन गया है। लोग जंगली जानवरों की आतंक से निजात के लिए वन विभाग एवं प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। वन विभाग की टीम गांव में पहुंच मामले की जांच कर रही है। फॉरेस्टर ओम प्रकाश उरांव ने बताया कि नीलगाय की मौत प्रथम दृष्टया किसी जंगली जानवर के हमला से ही प्रतीत हो रही है। घटना से संबंधित जानकारी व फोटोग्राफ विभाग को भेज दी गई है। वहां से जानकारी आने पर ही बताया जा सकता है कि नीलगाय पर हमला किस जानवर के द्वारा किया गया था और कैसे इसकी मौत हुई थी। उन्होंने तब तक ग्रामीणों से संयम बरतने और अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

## गोवावल प्रीमियर लीग में मरहटीया ने विश्रामपुर को हराकर कप पर कब्जा जमाया




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** फाइनल मैच में टॉस जीतकर विश्रामपुर की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मरहटीया टीम ने 12 ओवर में 103 रन 10 विकेट पर बनाया। जबकि जवाबी पारी खेलते हुए विश्रामपुर की टीम ने 12 ओवर में मात्र 93 रन बना कर पूरी टीम आउट हो गयी और मैच हार गयी। मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट भी मरहटीया के भास्कर मिश्रा को मिला। मैन द सीरीज मरहटीया टीम के कप्तान भवानी को मिला जबकि सबसे अच्छा बल्लेबाज कुंडी टीम के रवि कुमार को मिला । इस पूरे टूर्नामेंट में कमेंट्री मनोज तिवारी और अंपायर की भूमिका शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी और चंदन उपाध्याय ने निभायी। समापन के दौरान पूर्व मंत्री कृष्ण नन्द त्रिपाठी, गिरिनाथ सिंह तथा पूर्व भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, जवाहर पासवान, विवेकानंद तिवारी, प्रेम शंकर दुबे, विनोद तिवारी व रितेश चौबे ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत करायी। मैच के समापन के पश्चात पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विजेता और उपविजेता टीम के बीच पुरस्कार का वितरण किया। समापन मौके पर वन भोज कार्यक्रम का आयोजन गोवावल प्रीमियर लीग समिति के द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंकज तिवारी, साकेत तिवारी, अभिषेक तिवारी ने किया। मौके पर रंका पंचायत के मुखिया गढ़वा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य चंद्रिका तिवारी, नितिन तिवारी, मुन्ना दुबे, परीक्षित तिवारी, मुद्रिका तिवारी, डॉ रमेश चंचल, नारायण तिवारी, लक्ष्मण तिवारी, विजय तिवारी, सुनील तिवारी, अरुण तिवारी, गोपाल तिवारी, जयप्रकाश पासवान, चंद्रवंशी अभिनव तिवारी, राजेंद्र चौबे, अमित तिवारी, बलदेव पासवान, सुमंत मेहता तथा पंचायत के समस्त जनता उपस्थित थे।

**बैठक :** देवी धाम मंदिर संचालन समिति ने चारों कोण पर स्थापित की जाने वाली प्रतिमा वाराणसी से लाने पर की चर्चा

# तीन समाजसेवियों ने देवी-देवताओं की प्रतिमा लगवाने का लिया संकल्प

**बैठक में मूर्ति स्थापना समिति का गठन कर कार्यक्रम की तिथि की गयी निर्धारित**

बलराम शर्मा



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर परिसर में शनिवार को संचालन समिति की बैठक हुई, जिसमें संचालन समिति के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा मंदिर के चारों कोण पर स्थापित की जाने वाली देवी दुर्गा की प्रतिमा वाराणसी से लाने की चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित झारखंड के जानेमाने ठीकेदार गढ़वा निवासी अनिल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह अपने जन्मस्थली मेराल के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर में अपने खर्च पर मां काली तथा मां शीतला की आदम कद प्रतिमा साज सज्जा के साथ स्थापित कराने का संकल्प लिया। जबकि समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता के द्वारा महावीर मंदिर निर्माण के साथ बजरंगबली की मूर्ति देने की घोषणा की गई। इसी तरह तालो प्रसाद सोनी के द्वारा अपनी ओर से मां दुर्गा की प्रतिमा लगाने की घोषणा की गई। बता दें कि इससे पूर्व में मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों द्वारा वाराणसी में जाकर उपरोक्त चारों प्रतिमा लाने के लिए अग्रिम राशि जमा कर दी गई है। बैठक में सहयोग राशि पर चर्चा हो रही थी कि उपरोक्त तीनों दाताओं ने प्रतिमा में होने वाला खर्च देने का संकल्प ले लिया। तीनों दाताओं के संकल्प की सराहना बैठक में उपस्थित सभी लोगों द्वारा की गई। बैठक के अंत में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। जिसमें आगामी 1 फरवरी को कलश सह शोभायात्रा, 2 फरवरी को सभी मूर्तियों का अन्नाधिवास कार्यक्रम तथा 3 फरवरी को सभी मूर्ति के साथ नगर भ्रमण करते हुए सायर देवी मंदिर के प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा कराने के बाद हवन एवं ब्राह्मण भोजन कराया जाएगा। जबकि 4 फरवरी को भंडारा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

**बनी मूर्ति स्थापना समिति :** मूर्ति स्थापना तथा कार्यक्रम के संचालन के लिए समिति बनायी गयी जिसमें अध्यक्ष संजय भगत, उपाध्यक्ष मुखिया रामसागर महतो, महेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, प्रमोद महाजन, अजय प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार कालिया, कामेश्वर सिंह को बनाया गया है। जबकि सचिव कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल व संरक्षक विजय प्रसाद, विनोद प्रसाद उर्फ लाला जी, राजेंद्र प्रसाद, मोतीचंद प्रसाद, अंबिका यादव, गुप्तेश्वर प्रसाद एवं मुन्ना राम को बनाया गया है।

### पुराने साल की विदाई व नव वर्ष के स्वागत में सहभोज का आयोजन

बैठक के बाद पुराने साल की विदाई व नव वर्ष के स्वागत में मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा सह भोज का आयोजन किया गया। जिसमें उपरोक्त लोगों के अलावे मुख्य रूप से मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार कुशवाहा, रुपु महतो, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, रविंद्र प्रसाद, अशोक राम, सुनील सिंह, दशरथ प्रसाद, नवीन जायसवाल, डॉ विनोद बिहारी भगत, वासुदेव शर्मा, डॉ सुरेंद्र प्रसाद, विष्णु प्रसाद यादव, सुनेश्वर प्रसाद, शंभू दुबे, सुनिल सिंह, गुड्डू सिंह, अरविंदा सिंह देवेंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में लोगों ने सह भोज का आनंद उठाया।

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग,
वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल,चतरा
Email ID- dfo-chatranorth@gov.in, Telephone No.- 06541-296022

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा उत्तरी वन प्रमंडल अंतर्गत प्रतापपुर प्रक्षेत्र में संग्रहित लकड़ियों एवं जलावन की लौटों का बिक्री हेतु आम नीलामी द्वारा दिनांक 17 जनवरी 2023, समय 11:00 बजे पूर्वाहन से प्रतापपुर प्रक्षेत्र कार्यालय में की जानी है, जो निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | कुल लॉटों की संख्या) | लकड़ी का प्रजाति | लकड़ी/लॉट जहाँ, अवस्थित है। |
|---|---|---|---|
| 1 | 74 | साल, सेमल, चिरैता, गिंजन, इत्यादि। | प्रतापपुर प्रक्षेत्र कार्यालय |

1. काष्ठ के लौटों का विवरण नीलामी की शर्तें एवं सुचनाऐं किसी भी कार्य दिवस में वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल के कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।
2. नीलामी की शर्तें, स्थान एवं तिथि को रदद/परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल

PR 286402 Forest, Environment and Climate Changes(22-23).D


# सैलानियों को आकर्षित कर रहा रांची-टाटा मार्ग पर स्थित सूर्य मंदिर

स्वरूप भट्टाचार्य

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा पथ पर स्थित सूर्य मंदिर नये साल पर सैलानियों को खूब भा रहा है। बुंडू के एदेलहातु पंचायत के समाजसेवी जमींदार स्व प्रधान सिंह मुंडा कि रांची टाटा पथ के खूंटकट्टी जमीन पर सूर्य मंदिर का निर्माण वर्षों पहले कराया था। जो साल 2023 के जश्न में डूबे सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां लोग हजारों की संख्या में पहुंचकर पिकनिक का आनंद लेते हैं। यह स्थान प्राकृतिक छटा से लबरेज है। मंदिर के नीचे स्थित तालाब में इस महीने विदेशी पक्षियों का शोरगुल सूर्य मंदिर परिसर को और अधिक आकर्षक बनाता है। उक्त मंदिर में भगवान सूर्य की प्राकृतिक छटा स्पष्ट दिखाई पड़ती है। 11 एकड़ जमीन में फैला यह मंदिर झारखंड के खूबसूरत मंदिरों में से एक है। मंदिर के अंदर प्रवेश करने से एक अलग ही एहसास की अनुभूति होती है। पूर्व की दिशा में सात घोड़े रथ को खींचते हैं। आधुनिक



युग में नक्काशी किए गए मंदिर के एक-एक भाग दार्शनिक है। यह मंदिर ज्ञान का भी केंद्रबिंदु है। महाभारत में हुए रथ के प्रयोग को यह रथ याद दिलाता है। जब इस मंदिर मे सूर्य की किरणें पडती है तो यह मंदिर और आकर्षक दिखाई पडती है। मंदिर का निर्माण समाजसेवी स्व सीताराम मारू द्वारा करवाया गया था। मंदिर में आकर्षक संगमर्मर के पत्थर की नक्काशी की गयी है। सड़क से लगभग 100 फीट उंचे पठार पर स्थित मंदिर यहां का मनमोहक चित्र व दृश्य अनुभुति का एहसास कराता है। सालों भर देश-विदेश के सैलानियों का आना जाना लगा रहता है। इस जगह पर एक स्कूल भी चलायी जाती है, जहां बच्चे रहकर पढाई करते है। यहां छठ



पर्व में भारतवर्ष के लोग आकर पूजा करते हैं। पांच परगना का प्रसिद्ध टुसू मेला में हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर मेले का आनंद उठाते है। सालों भर पूजा अर्चना होती है। अब लोग शादी विवाह आदि सामाजिक अनुष्ठान भी कर रहे है। अगर आप नए साल में परिवार के साथ यहां आते हैं तो आपका हृदय जश्न के साथ आनंदित हो उठेगा। मंदिर के बगल में प्रधान सिंह मुंडा के वंशज की ओर से राज दरबार होटल चलाया जा रहा है जहां पर उत्तम किस्म के व्यंजन की व्यवस्था है। जहां लोग बेहद कम कीमत पर परिवार-दोस्तों के साथ आकर खाद्य पदार्थों को खरीद कर पिकनिक का आनंद उठा सकते हैं।

## नव वर्ष के स्वागत को तैयार दशम फॉल, दिवड़ी मंदिर

रोहित राम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नए साल 2023 के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बुंडू प्रखंड के दशम फॉल में पिकनिक मनाने के लिए शनिवार रात से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। लोक सैर सपाटा एवं मौज मस्ती के लिए बुंडू ही नहीं आसपास के राज्यों से भी पहुंचने लगे हैं। पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था की गई है। पुराने साल की विदाई एवं नए साल के आगमन को लेकर पूरे पांच परगना के दार्शनिक स्थल सज धज कर तैयार हैं। पूरे पांच परगना के सूर्य मंदिर, दशमफॉल, बुढाडीह मंदिर, रानी चुआ, दिवड़ी मंदिर आदि स्थानों पर पिकनिक मनाने के लिए सुंदर जगह है। लोग परिवार के साथ आकर पिकनिक का आनंद ले सकते है। इस वर्ष लोगों का तांता



लगे रहने की उम्मीद है। कोरोना काल के दो वर्ष ने लोगों की खुशियां वैसे ही फीकी कर दी थी। लेकिन इस वर्ष पूरे पांच परगना क्षेत्र तैयार है। यहां की प्राकृतिक छटा व मनोरम दृश्यों से लोग मोहित है। प्रशासन भी नव वर्ष को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर रखा है। दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर जगह-जगह पुलिस की तैनाती की गई है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक का भी सख्त निर्देश है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इधर पुलिस ने हिदायत दी है कि शराब का सेवन पिकनिक स्पॉट पर न करे। शराब पीकर वाहन न चलायें।

## `सोनाहातू और तमाड़ में जंगली हाथियों का उत्पात, एक एकड़ की फसल रौंदा



सोनाहातू/तमाड़(आजाद सिपाही)। प्रखंड के तिलाईपिड़ी गांव में शुक्रवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। गांव के किसान सोभा महतो, वरुण महतो और मगरू महतो की एक एकड़ की खेत में तैयार आलू की फसलों को खाकर व रौंदकर नष्ट कर दिया। वहीं, महावीर महतो के खलियान में रखे धान को तहस नहस कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि छह की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड पिलीद जंगल की ओर से गांव में प्रवेश किया और जमकर उत्पात मचाया। काफी मशक्कत के बाद हाथियों को खदेड़ कर जंगल की ओर भेजा गया। पीड़ित किसानों ने वन विभाग व अंचलकार्यालय के अधिकारियों को सूचना देकर मुआवजा देने की गुहार लगाई है। दूसरी ओर तमाड़ प्रखंड में भी जंगली हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। किसी न किसी गांव में हाथियों का झुंड पहुंचकर खेत खलिहान में रखे फसल को खा कर तहस नहस कर दे रहा है। लोग भय और आतंक के साये में जी रहे है। कई घरों को तोड़ दिया गया है। कुछ गांव में छत के उपर सोकर पहरेदारी हो रही है। तमाड प्रखंड के सारजमडीह पंचायत टोला आमटाड में शुक्रवार की रात 10 से 12 की संख्या में जंगली हाथियों ने किसान घासीराय मुंडा डोमन महतो सनातन मुंडा एवं रूटिन मुंडा के खेत में लगे आलू-गोभी, मटर व राहड को खाने के साथ ही रौंद कर नष्ट कर दिया। खेत में सिंचाई डीप बोरिंग को भी तोड़ दिया। करीब तीन से चार एकड़ भूमि पर लगे फसल को खा गए। उधर, सूचना मिलते ही जांच पड़ताल में जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ के अलावा मुखिया धन सिंह मुंडा, रामेश्वर मुंडा आदि भी पहुंच गए और घूम-घूम कर क्षति का मुआयना किया।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण




तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र पुन्डीदीरी तीन में पढने वाले बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा के हाथों से किया गया। इस अवसर पर केंद्र की सेबिका उषा देवी, सहायिका गुरुवारी देवी और पोषक क्षेत्र के महिलाएं सप्तमी देवी, निर्मला देवी, सुजाता देवी, भारती देवी, पद्मावती देवी व गुरुवारी देवी आदि उपस्थित थीं।

## राष्ट्रीय थ्रो बॉल चैंपियनशिप में बुंडू कस्तूरबा स्कूल की छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन



बुंडू (आजाद सिपाही)। नेशनल थ्रो बॉल चैंपियन में बुंडू कस्तूरबा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 32 वीं जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन रांची के खेलगांव में 29 व 30 दिसंबर को हुआ था। कस्तूरबा विद्यालय बुंडु की आठ छात्राएं निशा कुमारी, लखिमनी, संतोषी, अंजना, वर्षा, राहिल नाग, लक्ष्मी और आकृति महतो ने झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस चैम्पीयनशिप में भारत के 23 राज्यों के टीमों के लगभग 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। छात्राओं के सफलता पर बीईओ जयराम प्रसाद, विद्यालय की वार्डन भूमिका कुमारी, शिक्षिका सुनीता महतो ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खुद का मूल्यांकन ही जीवन का सर्वश्रेष्ठ गुण : सकलदीप




खूंटी (आजाद सिपाही)। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू के तत्वावधान में शनिवार को संकल्प दिवस मनाया गया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संकल्प दिवस के उद्देश्यों से अवगत कराया। कहा कि आज का दिन वर्ष का अंतिम दिन है। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि पिछले वर्ष की बुरी यादों, आदतों को भूलकर नये वर्ष के आगमन से पूर्व नये जोश, उत्साह और सकारात्मक विचारों के साथ नव वर्ष की शुरूआत करेंगे। कहा कि खुद का मूल्यांकन जीवन का सर्वश्रेष्ठ गुण है। जो समय बीत गया, वह दोबारा नहीं लाया जा सकता है, पर उस समय से बहुत बडा सबक अवश्य लिया जा सकता है। खुद का मूल्यांकन करते हुए निरीक्षण करें कि हमारे जीवन की उन्नति एवं आनंद मार्ग में क्या बाधक बन रहा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के सपनों को साकार करने के लिए हमेशा अग्रसर रहें और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देकर आगामी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखें। मौके पर शिक्षिका सावित्री और रिया आदि उपस्थित थे।

## खूंटी-तमाड़ मुख्य पथ पर भीषण हादसा, जांच में जुटी पुलिस

# बच्ची समेत तीन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी-तमाड़ मुख्य पथ पर कूड़ापूर्ति गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक और 12 वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अड़की थाना अंतर्गत साऊ मरांग बेड़ा गांव निवासी श्याम मुंडा के 21 वर्षीय पुत्र बिचू मुंडा, सिदिया गांव के बुधु मुंडा के 19 वर्षीय पुत्र जबरा मुंडा और सायको थाना क्षेत्र के कूड़ापूर्ति गांव निवासी एतवारी पूर्ति 12 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की



शाम वे सभी एक ही बाइक पर सवार होकर खूंटी से अड़की की ओर जा रहे थे। सायको थानांतर्गत आड़ाघाटी एवं कूड़ापूर्ति गांव के बीच रास्ते में खराब पड़े एक टेलर को ओवरटेक करने के दौरान सामने की दिशा से आ रहे एक वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लियाजिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एतवारी पूर्ति नामक बच्ची को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर, घटना के बाद जिम्मेदार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। शनिवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## फंदे से झूलकर अधेड़ ने की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम इत्रे टोला अलटांडा निवासी आसियुश बोदरा (52) ने शुक्रवार की देर रात अपने घर में फंदे से झूल कर खुदकुशी कर ली। शनिवार को घटना की सूचना मिलने पर मुरहू पुलिस मौके पर पहुंची और प्रक्रिया के बाद शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

## झामुमो कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन

कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सदर पंचायत मुख्यालय समीप पर्यटक स्थल अमला फौल छाता नदी में शनिवार को झामुमो कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज ने किया। बैठक में झामुमो जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद भी मौजूद थे।
उन्होंने कहा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रखंड, पंचायत एवं बूथ कमेटी को मजबूत करने के साथ झामुमो सरकार की उपलब्धता के साथ ही सरकार की उपलब्धि से अवगत करायें। कहा कि हम सभी को आगामी लोकसभा और विधानसभा में अपने प्रत्याशी को भारी से भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए अभी से कार्य करने की जरूरत है।उन्होंने जन-जन तक मुख्यमंत्री के कार्य को पहुंचाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेवारी बांटा।

## डकरा कोलियरी कर्मचारी बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी लि. का चुनाव संपन्न

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल डकरा कोलियरी कर्मचारी बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी लिमिटेड का चुनाव संपन्न हो गया। इस चुनाव को लेकर गोलटेंन प्रसाद यादव एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मयूर कुमार गंझू को बनाया गया था। गोलटेंन प्रसाद यादव, मयूर गंझू, बुल्ला गंझू एवं रामप्रवेश राम की देख रेख में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में छह सदस्य पद के लिए 11 प्रत्याशी बिगु विश्वकर्मा, जय मंगल सिंह, टूपा महतो, अरविंद चौहान, राजू नोनिया, मुमताज अहमद, अवधेश प्रसाद नोनिया, देवपाल मुंडा, सुरेंद्र चैहान, योगेंद्र चौहान, हीरा दास मानिकपुरी चुनाव मैदान में थे। शनिवार की सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हुआ। सुबह से कोऑरेटिव के सदस्य मतदान करने के लिए कतार में लग गए थे। धीरे-धीरे मतदान करने वाले लोगों की भीड़ बढ़ती गयी। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। कुल सात सदस्यों में एक महिला पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुकी हैं। वहीं शनिवार को हुए चुनाव में अरविंद चौहान, विगु विश्वकर्मा, हीरादास मानिकपुरी, राजू, मुमताज व जयमंगल निर्वाचित हुए। विजयी प्रत्याशियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। बतातें चलें कि कोऑपरेटिव में कुल 368 सदस्य में 299 सदस्यों द्वारा वोट डाला गया है। जिसमें अरविंद चौहान को 217, विगु विश्वकर्मा 202, हीरादास मानिकपुरी 198, राजू चौहान 174, मुमताज अहमद 141, जयमंगल सिंह 128 वोट लाकर सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुए हैं। वहीं, अन्य प्रत्याशी जिनमें योगेंद्र चौहान को 127, टुपा महतो 121, देवपाल मुंडा 107, अवधेश प्रसाद नोनिया 103 एवं सुरेंद्र चैहान को 68 वोट मिले।

## अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में सर्वोदय स्कूल को देश में दूसरा स्थान




राहे (आजाद सिपाही)। आगरा में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राहे प्रखंड के सर्वोदय पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, पांच रजत और नौ कांस्य पदक जीता है। कल्याणी कुमारी, किशन मुंडा, दिलीप भोक्ता ने स्वर्ण पदक जीता है। ममता कुमारी नमिता कुमारी, जगदीश महतो, प्रमोद महतो, संदीप महतो ने रजत पदक जीता है। स्कूल के खिलाड़ियों की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने पर निर्देशक सुनील कुमार महतो, शिक्षक संजय शेखर, प्रदीप प्रमाणिक आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दिया है।

## रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया सिल्ली थाना का निरीक्षण

# मुरी में नवनिर्मित ओपी भवन का उद्घाटन शीघ्र : किशोर कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने शनिवार को सिल्ली थाना का निरीक्षण किया। सिल्ली थाना में पुलिस जवानों ने एसएसपी को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना प्रभारी आकाशदीप से विभिन्न मामलों की जानकारी ली और थाने में दर्ज विभिन्न कांडों के अनुसंधानकताओं से कांडों की समीक्षा करते हुए उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश भी दिया। उन्होंने अपराधिक मामले को देखा और अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश दिया।



इसके अलावे न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय अपराधीयों को रोकने के लिए झारखंड-बंगाल बॉर्डर स्वर्णरेखा नदी के समीप विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा और हर आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओं से सहज रूप से व्यवहार करते हुए सहयोग करें। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिल्ली थाना के जर्जर भवन के ऊपरी तल्ले एवं छत पर जाकर भवन की स्थितियों का जायजा लिया । उन्होंने कहा कि इस पर भी जल्द से जल्द काम किया जाएगा। इससे पूर्व उन्होंने मुरी ओपी थाना का निरीक्षण किया और हिंडालको रेडमड परिसर में नव निर्मित मुरी ओपी भवन का निरीक्षण किया। साथ ही कहा कि नये भवन का उद्घाटन शीघ्र ही किया जाएगा। इस मौके पर डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर राज कुमार यादव सुबोध कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार सिंह समेत सिल्ली, मुरी थाना के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनी खलारी में मजदूर नेता स्व. देवेंद्र सिंह की जंयती



खलारी (आजाद सिपाही)। गुलजारबाग स्थित अंबेडकर विद्यालय प्रांगण में शनिवार को बाबू देवेंद्र सेवा समिति एवं अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में समाजिक सरोकार के पुरोधा एवं मजदूर नेता स्वर्गीय देवेंद्र कुमार सिंह की जंयती सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी। जिसमें खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी भी शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यक्रम में जिप सदस्य सरस्वती देवी, राजन सिंह राजा, इम्तियाज अंसारी, रंजन सिंह बिट्ठू, गोपाल सिंह, अशोक राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबू देवेन्द्र कुमार सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा ने कहा कि बाबू देवेन्द्र सिंह समतामूलक समाज और सेवा संदेश के प्रति दृढ़ संकल्पित थे। कहा कि सबो के प्रयास सहयोग से यथा संभव खलारी में शिक्षा, नारी सशक्तिकरण एवं रोजगार के प्रति सकारात्मक पहल करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री व मिठाईयों का वितरण भी किया गया। साथ ही बाबू देवेन्द्र कुमार सिंह के नाम से पुस्तकालय का भी शिलान्यास सरस्वती देवी, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटु, अशोक राम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बताया गया कि 26 जनवरी 2023 से बाबू देवेंद्र कुमार सिंह पुस्तकालय का उद्घाटन एवं संचालन विधिवत रूप से खलारी के सभी नागरिकों के लिए नि:शुल्क आरंभ कर दिया जाएगा। इस अवसर पर बाबू खान, भोला यादव, चमन तुरी, सरजू लोहार, कुलदीप लोहरा, छोटू राम, सुदामा राम, रवि राम, बंटी सिंह, बबलू सिंह, भोला राम, सत्येंद्र खरवार, इकबाल खान, संजय राम, रुपेश मिश्रा, रविंद्रनाथ चैधरी, नीलू विष्वकर्मा, मनोज भुईया, आकांक्षा सिंह, सरोज चौधरी, ममता देवी, पायल, अनामिका, अंजलि, रीता, राधा आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति के सेवानिवृत्ति होने पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इसकी शुरूआत किसान विश्वनाथ गंझू ने रामपुकार प्रजापति को माला पहना कर व शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। लोगों ने बताया कि रामपुकार प्रजापति का खलारी प्रखंड में लगभग पांच वर्ष का कार्यकाल रहा। उक्त कार्यकाल में रामपुकार प्रजापति कई महत्वपूर्ण पदों पर अपना योगदान देते रहे। वर्तमान में वो प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के साथ प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में कार्य कर रहे थे। इस मौके पर अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि रामपुकार प्रजापति ने कोविड, लोकसभा, विधानसभा, पंचायत चुनाव में बढ़चढ़ कार्य करते हुए विधि-व्यवस्था को शांतिपुर्वक बहाल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी कमी हमेशा खलेगी। अंत में उपस्थित लोगों ने रामपुकार प्रजापति को उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर अजित कुमार सिन्हा, प्रधान सहायक बहलु मुंडा, प्रखण्ड समन्वयक किशोर कुजूर, सहायक अभियंता फैजी आजमी, कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ता, नवीन कुमार, योगेश प्रसाद योगेश, गीता, अर्चना, जबर कुमार, नारायण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, मोहन यादव, देवेंद्र प्रसाद, उपेंद्र किरण, सोनानी देवी, खलारी मत्स्यजीवी समिति के बालेष्वर गंझू, शितलाल कुमार, शंकर महतो, अनिकेत गंझू, सरजू तुरी, विजय गंझू, प्रेम गंझू आदि शामिल थे।

## एनके एरिया से एक अधिकारी और छह कर्मचारी सेवानिवृत्त, समारोह आयोजित कर दी विदाई



खलारी (आजाद सिपाही)। एनके एरिया के सेवानिवृत्त एक अधिकारी एवं छह कर्मचारियों को विदाई दी गई। महाप्रबंधक कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार सहित अधिकारी एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत्त लोगो को शॉल ओढ़ाकर बुके देकर, सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार दिया गया। सेवानिवृत्त लोगों में ईएंडएम अधिकारी कौशलेन्द्र कुमार, मुरलीधर पासवान, मुबारक हुसैन, ललित मुंडा, गोविंद यादव, गोपीनाथ नायक, बिजय प्रधान सेवानिवृत्त हुए है। महाप्रबंधक ने कहा कि सभी कर्मी स्वस्थ रहते हुए सेवानिवृत्त हो रहे हैं यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर एसओपी ज्योति कुमार, प्रेम कुमार, सुनील कुमार सिंह, डीपी सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार, मनीष कुमार, सतेंद्र सिंह, दिवाकर साहू, आलोक जोजवार, नवनीत शेखर, इतिश्री मीदुली, भीम प्रसाद आदि थे।

## कल्याणपुर में ट्रांसफॉर्मर का पाट्र्स चोरी, विद्युत आपूर्ति ठप

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर कोल डंप के समीप शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर में लगे पार्टस को चोरी कर लिया। जिससे कल्याणपुर इलाके में विद्युत आपूर्ति पूरी ठप हो गई। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने सबसे पहले बिजली काट कर ट्रांसफार्मर के अंदर लगे कई पाट्र्स को काटकर चोरी कर लिया। रात भर बिजली ठप रहने के बाद ग्रामीणों को शनिवार की सुबह चोरी की सूचना मिली। जिसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे और मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने आम्रपाली से सीएचपी/ सीपीपी तक होने वाली कोयला ढुलाई कार्य को बंद करा दिया। बाद में अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

## सीसीएलकर्मी डंपर ऑपरेटर डोमन का निधन

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना में डंपर ऑपरेटर डोमन चौहान (49) की मौत हो गई। बताया गया कि डोमन चौहान पुरनाडीह परियोजना में प्रथम पाली में ड्यूटी पर गए थे और लंच के समय मोहननगर में कोऑपरेटिव चुनाव में वोट देने के लिए आये थे। वोट देकर ड्यूटी जा रहे थे तभी रास्ते में बेहोश हो गए। लोगों की मदद से उन्हें डकरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर श्रमिक नेता मनोज रजक, कृष्णा चौहान, प्रेम कुमार, ध्वजा राम धोबी, मिथिलेश सिंह, शैलेश कुमार आदि पहुंचे। इधर सीसीएल कर्मी डोमन चौहान के मौत की सूचना श्रमिक प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक को दी। साथ ही मृतक के आश्रित को तुरंत नौकरी देने की मांग की।

## एसएसपी ने किया अनगड़ा थाना और सिल्ली डीएसपी कार्यालय का औचक निरीक्षण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसपी रांची कौशल किशोर ने शनिवार को अनगड़ा थाना एवं डीएसपी कार्यालय सिल्ली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने थाना में स्टेशन डायरी, केस डायरी एवं अन्य पंजीयों की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने निरीक्षण के क्रम में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने तथा त्वरित प्रतिवेदन प्रेषित करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया। एसएसपी ने थाने में आरक्षीगण की आवासीय व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली पानी की व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति आदि का भी निरीक्षण किया तथा संतोष प्रकट किया। मौके पर एसएसपी ने थानेदार ब्रजेश कुमार को आरक्षियों के आवास हेतु जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए। मौके पर एसएसपी ने नव वर्ष के मद्धेनजर अनगड़ा एवं सिकिदीरी थाना अंतर्गत जोन्हा फॉल, सीता फॉल, गेतलसूद डैम, हुंडरूफॉल सहित अन्य पिकनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा हुड़दंगियों और अशांति फैलाने की कोशिश करने वाले लोगों पर सख्ती से पेश आने को कहा। उन्होंने पुलिस से पर्यटकों और आमजनों को नव वर्ष की खुशियां मनाने में कोई परेशानी न हो इसका खास ध्यान रखते हुए तत्परता के साथ आगे आकर मदद करने का निर्देश भी दिया। मौके पर सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेटा, इंस्पेक्टर राजकुमार यादव, थानेदार ब्रजेश कुमार, सलिल कुमार, संजय कुमार दास, अमर सिंह आदि मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी ने ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सुरसू पंचायत के सिंगारी नीचेटोली में लगा 10 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पिछल माह से खराब पड़ा था। गांव के लोग बिजली विभाग से ट्रासफॉर्मर ठीक करने का अनुरोध किये लेकिन विभाग ने ध्यान नहीं दिया। ये देख ग्रामीणों ने सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर विधायक सुदेश कुमार महतो ने पहले से लगा 10 केवीए का खराब ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था कर दी। जिसका उद्धघाटन शनिवार को राजेंद्र शाही मुंडा जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी के द्वारा किया गया। ट्रांसफार्मर के लग जाने से ग्रामीणों एवं किसानों ने विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर जगमोहन बेदिया ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व विधायक को इस मामले से अवगत कराया गया। उन्होंने अपने प्रयास से हम किसानों के लिए ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया। हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम में मुखिया सुमित्रा देवी, आजसू पार्टी जिला सचिव शंकर बेदिया, अमर सिंह मुंडा, दीनदयाल बेदिया, फागू रजवार, बीरबल रजवार, एतवा बेदिया, मोहर लाल बेदिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट में बरियातू को हराकर गाड़ी होटवार टीम पहुंची सेमीफइनल में



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी द्वारा आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट में शनिवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के मैदान में खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीएफसी गाड़ी होटवार की टीम ने राजा स्पोर्ट्स बरियातू को 1-0 से हराकर सेमीफइनल में प्रवेश कर लिया। गाड़ी होटवार की टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। खेल के पहले हाफ में दोनों ही टीमें एक-दूसरे पर हावी रही। इस दौरान दोनों ही टीमों ने गोल करने के कई अवसर गंवाए। मध्यांतर तक मैच बराबरी पर रही। खेल के दूसरे हाफ में दोनों ही टीमों ने गोल पोस्ट पर कई निशाना साधा, लेकिन सफलता नहीं मिली। गाड़ी होटवार की ओर से प्रकाश कुमार ने 66वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, जो खेल के अंत तक निर्णायक साबित हुआ। बेहतर खेल के लिए गाड़ी होटवार के खिलाड़ी प्रकाश कुमार को मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मोहसिन खान ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच का संचालन आयोजन समिति के प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया। मैच की सफलता में आयोजन समिति के संरक्षक फारूक खान,अध्यक्ष राजेश पहान,सचिव प्रकाश कुमार यादव,अशोक रजवार अमाल खान, जोतिलाल रजवार व जगदीश रजवार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हुंडरू फॉल में चला स्वच्छता अभियान

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नये साल को देखते हुए हुंडरू फाल के दूसरी छोर में यंग इंडिया और सिकिदिरी थाना की पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, एसआई अरूण कुमार सिंह, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के संरक्षक बालेश्वर बेदिया, पर्यटन कर्मी मनोज बेदिया, मेघनाथ बेदिया, जीत वाहन भोगता, विष्णु कुमार बेदिया, रंजन कुमार बेदिया, बुधराम बेदिया आदि शामिल थे।

## दुर्घटना में एक महिला सहित चार घायल

**इटकी (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला राष्ट्रीय राज मार्ग 23 पर थाना क्षेत्र के इटकी मोड़ के समीप शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गये। घायलों में इटकी के सेमरा निवासी सिलवंती बाखला व सौका निवासी सुरेश उरांव, पलामू के मनोहर तिर्की व छत्तीसगढ़ के मदन गुप्ता को इलाज के लिए रांची भेजा गया है। जानकारी के अनुसार एक ऑटो ने बाइक को पीछे से धक्का मार दिया। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया व सड़क पार कर रही महिला को धक्का मार दिया। बाइक पर सुरेश, मनोहर व मदन सवार थे। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस अपने कब्जे में कर लिया है।

## पिठोरिया में अज्ञात महिला का शव बरामद

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया-रांची मुख्य मार्ग में पिठोरिया चौक से एक किलोमीटर आगे केला बागान के पास जमुवारी नाला में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा महिला का शव देखे जाने पर इसकी सूचना पिठोरिया पुलिस थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार घटनास्थल पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है कि महिला की हत्या हुई है यह आत्महत्या का मामला है। घटना को यहीं अंजाम दिया गया है या घटना को दूसरी जगह अंजाम देने के बाद शव को ठिकाने लगाने की नियत से यहां लाकर लाकर फेंक दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### कार्यक्रम : टोटमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा

# कुड़मी को अनु. जनजाति में सूचीबद्ध करने को लेकर आंदोलन अब मुकाम पर है

**संघर्ष व एकजुटता का ही परिणाम है कि केन्द्र सरकार अब कुड़मी को आदिवासी सूची में शामिल करने को लेकर विचार करने पर विवश हो गयी है : शीतल ओहरदार**




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टोटमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले शनिवार को जरगा-पैका में राढ़ु नदी के जांता दह तट पर एक दिवसीय सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोर्चा के केन्द्रीय प्रधान महासचिव रामपोदो महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार थे जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में जेटीयु के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी एवं प्रोफेसर कुमूदकला मेहता उपस्थित थे।

सम्मेलन में मुख्य रूप से विगत दिनों दिल्ली में आहुत संसद भवन घेराव हुड़का जाम कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा समाज को अपने हक अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष के लिए तैयार रहने का आहवान किया गया।

मौके पर शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी को अनु जनजाति में सूचीबद्ध करने को लेकर वर्षो से चलाया जा रहा आंदोलन अब मुकाम पर है। बस इसे और गति देने की आवश्यकता है। आपके संघर्ष व एकजुटता का ही परिणाम है कि केन्द्र सरकार अब कुड़मी को आदिवासी सूची में शामिल करने को लेकर विचार करने पर विवश हो गई है।

डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि जो समाज शिक्षित हुआ है वही आगे बढ़ा है तथा अपना हक अधिकार हासिल कर सका है। उन्होंने समाज की तरक्की के लिए तमाम माता बहनों को शिक्षा के प्रति जागरूक होने का आहवान किया।

मौके पर रामपोदो महतो, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो, रूपलाल महतो, सोनालाल महतो, अजीत महतो आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

सम्मेलन में कृटभूषण महतो, बाबूराम महतो, जगदीश महतो, हरिपद महतो, विशेश्वर महतो, काशीनाथ महतो, किशुन महतो, नागेश्वर महतो, बच्चन महतो, क्षेत्रमोहन महतो, चंद्रमोहन महतो, कन्हाई महतो, कालीचरण महतो, पार्वती देवी, सावित्री देवी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# जय गुरु देव का तीन दिवसीय गुरु चर्चा सह शाकाहारी सत्संग महोत्सव

**आयोजन के प्रथम दिवस को जय गुरुदेव के शिष्यों ने भव्य शाकाहारी प्रचार मोटर साइकिल रैली निकाली**




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** जय गुरुदेव नगड़ी संगत के तत्वावधान में नगड़ी के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप नगड़ी मेला टिकरा स्थित जय गुरु देव का तीन दिवसीय गुरु चर्चा सह शाकाहारी सत्संग महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों से आये हजारों जय गुरु के शिष्य बाबा जयगुरुदेव नाम योग साधना स्थल नगड़ी में शामिल हो रहे हैं। आयोजन के प्रथम दिवस शनिवार को जय गुरुदेव के शिष्यों के द्वारा भव्य रूप से शाकाहारी प्रचार मोटर साइकिल रैली निकाला गया। मौके पर जय गुरु देव के शिष्य देबू सरकार के नेतृत्व में शाकाहारी मोटर साइकिल रैली नगड़ी प्रखंड के नगड़ी, देवरी, नारो, सपारोम तथा लालगुटवा पंचायत के दर्जनों गांवों तक रैली घूम घूम कर लोगों को शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित किया। शाकाहारी मोटर साइकिल रैली जय गुरु देव के हजारों शिष्यों ने बाबा जी का यही है कहना शाकाहारी बने रहना, क्या खाने से होगी भलाई, साग सब्जी दूध मलाई। क्या खाने से होगी खराबी मांस, मछली अण्डा शराब सहित कई नारे लगाये गये। मौके पर जय गुरु देव के शिष्य देबू सरकार ने बताया कि नगड़ी के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप नगड़ी मेला टिकरा स्थित जय गुरु देव का तीन दिवसीय गुरु चर्चा, सुमिरन, ध्यान, भजन, जय गुरुदेव नाम ध्वनि एवं विशाल भक्त भंडारा का आयोजन है जिसमें प्रदेश के कई जिलों से जय गुरू देव के शिष्य भाग ले रहे हैं।

ज्ञात हो कि पिछले सात साल से गुरुदेव नगड़ी संगत के तत्वावधान में नगड़ी के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप नगड़ी मेला टिकरा स्थित जय गुरु देव का गुरु चर्चा सह शाकाहारी सत्संग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन को सफल बनाने में अनुप कुमार, रामगति महतो, उमेश महतो, आनंद महतो, कृष्णा महतो, कृष्णा गोप, महावीर महतो, परविंदर, प्रदीप, अमित महतो, सोनू, मनीष, लक्ष्मण, बिन्देश्वर महतो, रोहन, धनंजय कुमार, आनंद प्रजापति, धनेश्वर मुंडा, महावीर महतो, कृष्ण महतो, कपिल साहू, उमेश साहू, सुनील केसरी, धनंजय कुमार, सिकंदर साहू, प्रदीप कुमार, बजरंग कुमार, विजय कुमार, विशाल कुमार, शिबू महतो सहित सैकड़ों लोगा सहरानीय योगदान दे रहे हैं।

# मांडर प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने लिया जायजा



**मांडर (आजाद सिपाही)।** शिल्पी नेहा तिर्की एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शनिवार को मांडर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। पूरे विश्व मे फिर से वैश्विक महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है और इसके मरीज मिलना शुरू हो गया है। इसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे क्या तैयारी चल रहा है और इसके लिए कितने कोविड वार्ड बनाये है उसकी जानकारी लिया। साथ ही कोविड वार्ड का निरीक्षण भी किया। खामियों को जल्द सुधार करने का दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी मुलाकात किया और उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली। नवजात शिशु व उनकी माताओ से भी मुलाकात किया। साथ ही उन सभी के बीच फल का भी वितरण किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, नसीम अंसारी, जुएल कुजूर समेत अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : बेड़ो में मारुति मंगल परिवार का कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन

# 6551 लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण

**शिक्षा से ही दूर होंगी समाज की कुरीतियां : विधायक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर शनिवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक व सामाजिक संस्था के तत्वावधान में कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रखंड के 6551 बुजुर्गों व जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों के बीच धार्मिक और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा विकास का आधार व सशक्त माध्यम है। इसके बगैर विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। शिक्षा के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा बालक- बालिकाओं को समान रूप से शिक्षा देनी होगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा। वहीं संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए हैं। समाज के कुरीतियों को दूर हटाने के प्रति संस्था कृत-संकल्प है। हमारी संस्था का प्रमुख उद्देश्य है कि समाज से सभी कुरीतियां खत्म हों और समाज का कल्याण हो। उन्होंने कहा कि संस्था रांची जिले के प्रत्येक प्रखंड में ठंढ के मौसम में कंबल वितरण करती है। समाजसेवी कैलाश कुमार ने कहा कि संस्था के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा। अगर लोग शिक्षित होंगे तो समाज में स्वतः सुधार आएगा। संस्था के सचिव सुमेश महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य विभिन्न गांवों में जाकर लोगों के बीच सामाजिक कुरीतियों, नशापान, जुआ, दहेज प्रथा, बाल विवाह व शिक्षा के महत्व समेत कई विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक भी करते हैं। जिससे लोगों का आर्थिक और सामाजिक पतन नहीं हो। वहीं दर्जनों वक्ताओं ने कुरीतियों को दूर करने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किया। साथ ही समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, जिप सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी, जिप सदस्य पश्चिमी बेरोनिका एक्का, केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, संगठन प्रमुख सुमेश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकुंद, जगरनाथ भगत, कैलाश कुमार, निरंजन गोप, अजय जोगी समेत बेड़ो लापुंग, इटकी, नगड़ी, मांडर बुढ़मू, ओरमांझी, अनगड़ा, रातू, सिल्ली, राहे, सोनाहातू व बुंडू प्रखंड के सक्रिय सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कामेश्वर बेदिया ने किया।

समारोह को सफल बनाने में दुर्गा कुमार, जितवाहन महतो, सुरेंद्र बिंगुल महतो, पवन कुमार राजू बैठा,कामेश्वर, जन्मेजय, मनोज, पवन, विकेश,रूद्र विकास, नितेश, अजीत, छोटा धर्मचंद, आनंद,एतवा व मुनेंद्र समेत मारुति मंगल परिवार के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## चान्हो प्रखंड के सिलागाई में जिला परिषद सदस्य ने किया कंबल वितरित



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड स्थित सिलागाईं में शनिवार को जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने जरूरतमंद, विधवा और बुजुर्गों के बीच कम्बल वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत ऐसे गरीब हैं जो ठंड से राहत पाने के लिए कंबल भी नहीं खरीद सकते वैसे लोगों तक कंबल पहुंचे, ये प्रयास मेरा शुरू से रहा है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक कंबल पहुंचाने की कोशिश करता हूं। वहीं कंबल पाकर ग्रामीण काफी खुश हुए और दिल से दुआ दिये। इससे पहले उन्होंने सिलागांई स्थित वीर बुधु भगत स्मारक समिति की बैठक में भाग लिए। मौके पर चिन्ता उरांव, कृष्णा उरांव, मोरहा उरांव, अशेश्वर साही समेत अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व जिप सदस्य ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को मांडर प्रखंड के कंभिठा गांव के नीचे टोली में दो नया विद्युत ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया गया। इसके साथ एक सौ केवीए का रिपेयर ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। इस गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्व में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आ गई थी। जिससे गांव में नियमित रूप से विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिये जाने के बाद पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील उरांव ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर गांव में एक सौ केवीए का विद्युत ट्रांसफॉर्मर लगवाया। साथ ही सिंचाई के लिए दो 25 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगवाया। मौके पर रामु उरांव, सिद्धो उरांव, फिरोज अंसारी, साहबान अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मांडर विधायक ने किया सीएचसी बेड़ो का निरीक्षण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को वैश्विक महामारी को देखते हुए सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने कोविड से निबटने की चल रही तैयारी व कोविड वार्ड का जायजा लिया। साथ ही चिकित्सकों व कर्मचारियों से इसकी जानकारीली। विधायक ने वार्डों का निरीक्षण किया और व्याप्त कमियों को शीघ्र ही दूर करने का निर्देश दिया। वहीं वार्ड की स्थिति को देखकर विधायक ने चिकित्सकों व कर्मचारियों को फटकार लगाई। वहीं निरीक्षण के दौरान विधायक मरीज वार्ड पहुंच कर मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही नवजात शिशु एवं उनकी माताओं से मिलकर उनकी स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। उन्होंने उनके बीच फलों का वितरण किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य पश्चिमी बेरोनिका एक्का, नवल किशोर सिंह, मो. शमशाद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दोलैचा पंचायत के नवाटोली में ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** आज लापुंग प्रखंड के दोलैचा पंचायत में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की पहल पर दोलैचा पंचायत के नवा टोली में महिनों से सराब टांसफॉर्मर बदलवाया गया। ग्रामीणों के आग्रह पर गांव में चपाकल के लिए बोरिंग करायी गयी। साथ ही गांव के बुजुर्ग जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल बितरण किया गया। उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक ने किया। गांव में महीनों बाद ट्रासंफॉर्मर लग जाने से लोग खुशी से विधायक का आभार जताया। मौके पर दोलैचा पंचायत की मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, दुर्गा नाथ पाईक, अजय साहू, गन्दूर उरांव, राधेश्याम भगत, डब्लू साहू, मैजु मुंडा तथा गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## रमेश उरांव बने झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज के मुख्य संरक्षक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी रांची के द्वारा रमेश उरांव को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। झारखण्ड सरना आदिवासी समाज एवं पड़हा समाज के अध्यक्ष प्रो. प्रेमनाथ मुंडा और संरक्षक बालक पहान के द्वारा मुख्य संरक्षक को प्रमाण पत्र दिया गया। रमेश उरांव को सरना समाज का मुख्य संरक्षक बनाये जाने पर प्रो. प्रेम नाथ मुंडा, बालक पहान, समुंद्र पहान, लालमोहन पहान, रमेश चंद्र उरांव, सुकरा मुंडा जेठु मुंडा, सोमर उरांव, मंगल उरांव, रोपण उरांव, सुरेंद्र उरांव, जयनारायण मानकी, मानकी राजेंद्र शाही, बलराम बेदिया, लालमोहन बेदिया, सुखराम उरांव शंकर उरांव, संजय तिर्की, सुखराम पहान, विनीता कुजूर, दिल रंजन पहान, रामसाय पहान आदि सैकड़ों लोगों ने बधाई दी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दंपति घायल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी-गोला पथ के न्यू स्वर्णरेखा रेस्टोरेंट के समीप पश्चिम बंगाल के हावड़ा से हुंडरू फॉल घूमने आये दंपति रौनक मजूमदार और उनकी पत्नी पूजा राय मजूमदार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। दोनों के पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आयी हैं। घटना शनिवार की शाम छह बजे की है। घटना की सूचना पर सिकिदिरी थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेज दिया। एसआई अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पति-पत्नी रेस्टोरेंट के बाहर खड़ा थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन दोनों को अपनी चपेट में लेते हुए मौके से फरार हो गया।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मांडर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुड़मा एवं ब्राम्बे के बीच स्थित जिम के सामने मुख्य पथ पर घायल पाए गए 30 वर्षीय पशु चिकित्सक सुशील कुमार मंडल की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि सुशील को सड़क पर गिरा हुआ देख एनएच की पीसीआर टीम ने रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया। उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची के राज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुशील चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा के खलारी रोड में किराए के मकान में रहता था। वह मवेशियों का इलाज करने का कार्य करता था। इस हादसे की जानकारी मिलते ही बिहार के जहानाबाद से उसके परिजन रांची आये। सुशील के मामा डॉक्टर संजय के अनुसार सोची समझी साजिश के तहत उसकी हत्या की गई है। उसके मोबाइल से कॉल डिटेल हटा दिया गया था। साथ ही हेलमेट भी उसका गायब पाया गया। शनिवार की शाम लगभग 5:00 बजे उसका शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स पहुंचाया गया था। वहीं दूसरी ओर मामले को लेकर मांडर के थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि मुख्य पथ पर उसे घायल अवस्था में पाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची भेज दिया गया। परिजनों द्वारा अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई करेगी।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
10

## स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम को पुरस्कृत करवाने में अहम भूमिका निभायी है महापौर अरुणा शंकर ने

# महापौर का मुख्य उद्देश्य पूरे नगर निगम क्षेत्र को विकास के मामले में शीर्ष स्तर पर लाना है

**एक बड़े व्यवसायिक घराने की महिला जिसका राजनीति के क्षेत्र से कोई लेनादेना नहीं वह महापौर बन विकास की लंबी लकीर खींच रही है : अरुणा शंकर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एक व्यवसाई घराने की महिला जो राजनीति से कोसों दूर जिसको इस से कोई लेना-देना नहीं आज नगर निगम की महापौर यह लोगों को उस समय पच नहीं पा रहा था। लेकिन इसके बावजूद वह निगम का चुनाव जीती और महापौर की कुर्सी पर विराजमान हुई। बात हो रही है मेदिनीनगर नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर की। चुनाव जीतने के बाद लोगों को यह संशय तो आवश्य थी कि इतने बड़े व्यवसाई घराने की महिला जो कभी अकेले सार्वजनिक जगहों पर जाकर मंच साझा करना या अन्य सामाजिक गतिविधियों में कैसे शामिल होगी। यह अपने आप में एक बड़ा सवाल था। लेकिन इन सब सवालों को दरकिनार करते हुए एक मजे हुए राजनीतिक और समाजसेवी की तरह सीएम के कार्यक्रम से लेकर पीएम के कार्यक्रम तक को महापौर अरुणा शंकर ने जिस तरह पार्टिसिपेट किया वह कभी लगा ही नहीं कि इनका राजनीति से दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं है। महापौर अरुणा शंकर जैसे ही निगम का चुनाव जीती उसके बाद कुछ दिनों तक तो निगम क्षेत्र के विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने में काम की लेकिन कोविड-19 जैसे ही आया कि पूरी दुनिया ठहर सी गई। तब क्या था उसी में लोगों की सेवा करनी थी तो उन्होंने कोविड-19 काल में लोगों के बीच मास्क के बटवाने से लेकर भोजन तक की व्यवस्था करने का काम बखूबी निभाया।

### लोगों के सवाल को शालीनता से जवाब देती हैं अरुणा शंकर

नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर कोविड काल की समाप्ति के बाद निगम क्षेत्र में विकास का खाका खींचना चालू किया तो लोगों के कई तरह के सवाल आए लेकिन ना तो उन सवालों से विचलित हुई और ना ही कोई उटपटांग बयान बाजी की। इसी धैर्य और सहनशीलता को शहर वासियों ने देखा और सराहा और कहा देर आए दुरुस्त आए कोई बात नहीं अब तो एक शानदार निगम को महापौर मिला है।

### पहले की अपेक्षा शहर के विकास में हुआ है बदलाव

नगर निगम में पहले की अपेक्षा काफी बदलाव विकास के क्षेत्र में हुआ है। चाहे बड़ा तालाब के सुंदरीकरण की बात हो या टेंपो स्टैंड की या कोयल नदी के घाट की। साथ ही मोहल्ले में गंदगी,गांधी मैदान की स्थिति, शहर के रोडो की स्थिति, राजा हरिश्चंद्र घाट की स्थिति सभी में पहले की अपेक्षा आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। आज इस क्षेत्र में एक बेहतर परिणाम परिणाम देखने को मिल रहा है जो लोगों को सुख की अनुभूति देता है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में मिला है निगम को पुरस्कार

भारत सरकार द्वारा 1850 से अधिक निकायों में स्वच्छता के क्षेत्र में मेदिनीनगर नगर निगम का चयन करना अपने आप में बहुत कुछ बयां करता है। जब इस संबंध में महापौर अरुणा शंकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस सुखद परिणाम के पीछे पूरे निगम के कर्मी और सभी पार्षदों का सहयोग समाहित है। उन्होंने कहा कि आज जो निगम क्षेत्र के विकास की बात हो रही है वह मैं अकेले नहीं बल्कि पूरी टीम का सहयोग रहा है। और मैं रात हो या दिन इसके विकास के लिए हमेशा संघर्षशील रही हूं।

## जेएमएम नेता दीपक तिवारी ने आजसू के तथाकथित नेताओं पर बोला धावा

# शहर में चोर ही मचा रहे हैं शोर : दीपक तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जेएमएम नेता दीपक कुमार तिवारी ने पलामू के तथाकथित आजसू नेता पर हमला बोला है और पलामू आजसू के नामित नेताओं के उस कृत्य को राजनीति के नाम पर बड़ा व्यवसाय ढोंग बताया है। जिसमें आजसू नेता ही बालू के खेल में अवैध तरीके से संलिप्त हैं। श्री तिवारी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलामू आजसू को गैंगमैन की संज्ञा देते हुए कहा कि यह संगठन घर बैठे महज चार लोगों का संगठन है। जो सरकार की नीतियों का अपने बचाव में सिर्फ और सिर्फ दुरुपयोग करने का काम करती है। श्री तिवारी ने कल आजसू नेताओं द्वारा पलामू के पुलिस पदाधिकारियों पर बालू को लेकर उठाए गए सवाल को गैर जिम्मेदाराना तरीके से पलामू एसपी को संप्रेषित मांग पत्र के दिये जाने पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज शहर में चोर ही मचा रहे हैं शोर। जेएमएम नेता दीपक तिवारी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि तथाकथित पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मेहता खुद बालू का अवैध धंधा करते हैं और जब पूरे राज्य में सरकार बालू को प्रतिबंध किए हुए हैं तो यह लोग पुलिस की कार्यशैली पर मनगढ़ंत और झूठ की बुनियाद पर कहानी गढ कर सवाल उठाते हुए सरकार को बिना वजह कटघरे में इसलिए खड़ा कर रहे हैं ताकि इनकी अवैध व्यवसायिक मनसा पूरी हो सके। श्री तिवारी ने कहा कि तथाकथित आजसू नेता गन क्या यह बताएंगे कि उनके पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मेहता का बालू से लदा ट्रैक्टर खल035 8581 दिनांक 11.02.2022 को टीओपी तीन की पुलिस ने क्यों पकड़ा था? क्या आजसू के नेता यह भी बताएंगे कि उनके इस अवैधगिरी पर जिला परिवहन विभाग एवं जिला खनन विभाग ने लगभग 18 हजार रुपए का फाइन क्यों लगाया था? क्या आजसू नेतागण यह भी बताएंगे कि पुलिस लाइन रोड स्थित बीएन कॉलेज के नदी से अवैध बालू की चुलाईगिरी और धुलाई कौन करता है? सबके सवाल के जवाब में आजसू के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मेहता का नाम सबसे ऊपर आएगा। श्री तिवारी ने कहा कि यह प्रमाणित घटना का प्रमाण है आजसू के तथाकथित नेता लोग प्रशासन पर उंगली उठाते हुए झारखंड की लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बदनाम कर रहे है। उन्होंने कहा कि पलामू आजसू 4-6 तथा -कथित नेताओं का मामूली गैंग बनकर रह गया है जो सिर्फ प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगो का आर्थिक भयादोहन करने का काम करती है। श्री तिवारी ने सवालिए लहजे में कहा कि यह जितने सवाल उठाते हैं कुछ ही दिनों बाद फिर यह सवाल कहां चले जाते हैं? क्या इसका जवाब ये तथाकथित नेतागण आम जन को दे सकते हैं? नहीं, क्योंकि इन लोगों का मकसद समस्याओं का निदान नहीं बल्कि लोगों को हड़काकर उन्हें सिर्फ ब्लैकमेल करना भर रह गया है। श्री तिवारी ने आम लोगों को भी इन नेताओं से आगाह वह सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने आवाम को भी बताया है कि हेमंत सरकार किसी भी कीमत पर किसी की गलतबयानी को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से सरकार की गाइड लाइन के अनुसार बालू के अवैध उत्खनन के विरुद्ध गंभीर है और हर संभव लगातार करवाई कर रही है। श्री तिवारी ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि इस पूरे मामले की तह तक जांच कर आजसू के बालू माफियाओं पर कार्रवाई करें।

# मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान से जुड़ा है : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित खुटीसोत नदी तट पर आस्था के प्रतिक बाबा महत्वना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को भव्य मेला लगा। यहां उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को बाबा महत्वना धाम पर भव्य मेला लगता है। मेला में स्थानीय लोग के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में आये थे। कड़ाके की ठंढ पर आस्था भरी पड़ा व लोग अहले सुबह से ही महत्वना धाम पहुँचाने लगे थे। बाबा महत्वना की पूजा अर्चना का दौर पुरे दिन चलते रहा। आयोजन कमेटि द्वारा भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मोड्ट प्रवेज व स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। यह सांस्कृतिक पहचान हमे बिरासत में मिली है। इस सांस्कृतिक बिरासत को आगे लेकर जाना है। उन्होंने घोषणा किया कि विधायक मद से धाम स्थल पर यात्री शेड का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावे धाम तक पहुंचने वाले सड़क का पक्कीकरण कराया जायेगा। बाबा महत्वना धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि यहाँ जो भी श्रद्धालु मनोकामना लेकर आते है बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते है। मौके पर समाजसेवी विजय कुमार रवि,निवर्तमान वार्ड सुनील कुमार चौधरी, उखमजी यादव, समाजसेवी संजय महतो,देववंश राम, मेला समिति के अध्यक्ष अरविंद पाल, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव गोविंद पाल,बिनोद विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# मां की मौत नहीं बल्कि नश्वर देह त्यागती है, दुनियां से दुर्गंध को दूर कर सुगंध फैलाने के लिए : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की माता हीराबेन मोदी की शुक्रवार को पूर्वाह्न में निधन हो गया। माता हीराबेन 99 साल की थी जो अपने बेटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का खास ख्याल रखती थी। संतान चाहे जितने बड़े हो जाए अपने माता पिता के लिऐ सदैव बच्चे होते है। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों के साथ श्राद्धांजलि सभा का आयोजन किया और माता हीराबेन की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया। बच्चों को उनके जीवन के संघर्षो के बारे में बताया। फिर दो मिनट के मौन रख आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से कामना किया। ईश्वर माताजी को अपने श्री चरणों में यथोचित स्थान दें। एक बार पुनः विनम्र श्रद्धांजलि सादर नमन।

# सतबरवा में जेजेए प्रखंड कमेटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा /पलामू ।** गुप्ता ढाबा सतबरवा में शनिवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सतबरवा प्रखंड कमेटी की बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार चौधरी और संचालन उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर के द्वारा किया गया। इस दौरान बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर सदस्यता अभियान चला कर लोगों को संगठन से जोडने, केंद्रीय,राज्य व जिला कमेटी के कार्यक्रम का निदेर्शों का पालन करते हुए सतबरवा प्रखंड कमेटी की बैठक हर माह करने, प्रखंड के कोष में प्रति माह 50 रुपया जमा करने के अलावे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड सचिव पप्पू कुमार,कोषाध्यक्ष श्रीनिवास चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, पांच के खिलाफ मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने शुक्रवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया। पांच लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले सभी पांच लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 5 लोगों पर 42 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बिजली का वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को मीटर लगाने अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

## पूर्व मुखिया की माता का निधन, शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के झरहा गांव निवासी सह पूर्व मुखिया लवकुश सिंह की माता नेपुरी कुंवर का निधन शनिवार को हो गया। वे गत दिनों से बीमार चल रहे थे। एक सौ वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने पैतृक गांव हुसैनाबाद के झरहा में अंतिम सांस लीं। उनके निधन पर पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह,पूर्व बिधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, प्रफुल सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख राजकुमारी देवी, रामप्रवेश सिंह,नगर अध्यक्ष शशि कुमार, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, बिजेश्वर विश्वकर्मा, पंचम सिंह, पूर्व मुखिया लालधान ठाकुर,समाजसेवी बिमलेश पासवान, राजेश्वर सिंह,भुनेश सिंह, प्रभु विश्वकर्मा, पिंटू सिंह आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## नव वर्ष के आगमन पर हुसैनाबाद में विधि व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में पिकनिक स्पॉट व अन्य कई जगहों पर विधि व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसकी जानकारी देते हुये हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने बताया कि नववर्ष के आगमन पर उक्त स्थलों पर भीड़ पहुँचती है। शांति पूर्ण विधि व्यवस्था को लेकर 2 जनवरी के 5:00 बजे शाम तक यह व्यवस्था की गयी है।उक्त अवधि तक देवरी कला सोन नदी के सूर्यमन्दिर स्थल पर कनिय अभियंता आशिष कुमार, दंगवार सोन नदी के लिये जेई अरुण कुमार यादव,डंडिला कुंड बांध शीतल चुआं के लिये जेई अभिषेक कुमार, जपला नहर मोड़ के लिये कनिय अभियंता शिवनाथ राम, देवरी खुर्द सोन नदी तट पर कनिय अभियंता मणिकांत कुमार, लँगरकोट मुरली पहाड़ी पर कनिय अभियंता पंकज कुमार ,हैदरनगर के चौकड़ी हॉस्पिटल के समीप कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार यादव,कबरा कला मे कनीय अभियंता मो रजा अंसारी,बरेवा झरना के समीप कनीय अभियंता सतेंद्र कुमार,मोहम्मदगंज के सिंचाई कॉलोनी पहाड़ पर आईबी के समीप कनीय अभियंता नीतीश कुमार , भीमचुल्हा व बराज के लिए कनीय अभियंता संतोष कुमार रजक, कोयल व सोन नदी के संगम स्थल पंसा घाट पर कनीय अभियंता धर्मेंद्र कुमार , बटौवा कासीसोत डैम पर बीपीएम दीपक सिंह को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त की गयी है।इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के बीडीओ व थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दी गयी है।

## सभी वर्ग के लिए काम करेगी राष्ट्रीय परशुराम सेना



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी तबकों के लिए कार्य करेगी।उक्त निर्णय युवा वाहिनी के नवनिर्वाचित पदाधिकासरियों के प्रथम बैठक में ली गई। युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता झारखंड कोर कमेटी के सदस्य अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय)ने की। जबकी संचालन युवा वाहिनी के जिला संगठन मंत्री राज पांडेय ने किया। बैठक में कहा गया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में समाज को प्रचार प्रसार से दूर रहकर खुद को मजबूत करने की जरुरत है।बैठक में कहा गया की संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पंचायत स्तरीय बैठक करने की आवश्यकता है।बैठक में लिए गए निर्णयानुसार समाज में फैल रही सामाजिक कुरितियों को दूर करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में विभाकर पांडेय,अमीत तिवारी,प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक बृजेश शुक्ला,रमेश शुक्ला,राकेश पांडेय,दिवाकर दूबे,किशोर दूबे,धीरेन्द्र पांडेय,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,जिलाध्यक्ष विकास दूबे,मृत्यूंजय तिवारी छोटू,विष्णु तिवारी,ब्रजेश तिवारी,महानगर अध्यक्ष सीपी शुक्ला,रवि ओझा,शशी तिवारी,प्रभात दूबे,अविनाश पांडेय,विक्रांत त्रिपाठी,दिलीप पांडेय,रौशन तिवारी,प्रिंस तिवारी,मनीष तिवारी,आशीष पांडेय,मनीष पांडेय,प्रदीप दूबे,रविन्द्र दूबे,सुधाकर दूबे,साकेत शुक्ला,विजय शुक्ला,विनित तिवारी,सुशील मिश्रा,राजा पांडेय,विनित पांडेय,राजीव तिवारी,काजू तिवारी,दिलीप तिवारी,मुन्ना दूबे,नवीन दूबे,चंद्रकांत उपाध्याय व टनटन उपाध्याय सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## पिकनिक मनाने के बजाय कलाकारों ने पीटीआर के सुदूर गांव में जरूरतमंदों को दिये कपड़े



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कला व संस्कृति को समर्पित पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा वस्त्र वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम पिछले नौ वर्षो से चलता आ रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व के दुर्गम इलाके में यह कार्यक्रम चलाया जाता है। जन सहयोग से यह कार्यक्रम चलता है। पुराने वर्ष के समापन और नए वर्ष के आगमन पर मासूम के कलाकार पिकनिक मनाने के वजाय जरूरतमंदों के बीच हर साल कपड़ा वितरण करते है। पीटीआर के साउथ डिविजन के सुदूर सुरकूमी और सरनाडीह में शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। सरनाडीह में तंबोली गांव के 60 कोरवा जनजाति के लोगो के बीच वस्त्र वितरण किया गया। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया की सुरकुमी में जरूरतमंद लोगों में कोरवा, परहिया, बिरजिया जनजाति के लोग भी शामिल थे। उन्होंने कहा की वस्त्र वितरण के दूसरे चरण में ओरसा पाट, चंपा आदि गांव में भी शिविर लगाकर वस्त्र वितरण किया जायेगा। सुरकुमी गांव के प्रधान नरेश सिंह को इस अवसर पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नरेश सिंह पिछले कई वर्षो से प्रधान के रूप में चुने जाते रहे है। ये सादगी के साथ जीवन जीने तथा जन सेवा के लिए जाने जाते है। सुरकुमी गांव में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन करवाने में उनका सराहनीय योगदान रहता है। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व खेल निदेशक अनिल कुमार सिंह, पीटीआर के अवकाशप्राप्त अधिकारी संगम लाहिड़ी, मेदिनीनगर के समाजसेवी विमल केजरीवाल, गुंजन जैन, गिरधारी गर्ग, विश्वजीत दिक्षित विराज, नृत्य निर्देशक संतन कुमार, बंगाली समिति के देवेश मोइत्रा, मल्लिका मोइत्रा, आभा मुखर्जी, रांची के राज किशोर आर्या, पश्चिम बंगाल से कृष्णा मन्ना, अनि दाम घोष आदि ने सहयोग किया. इसके अलावा बंगाल से एक शिक्षिका ने अपने जन्मदिन पर मासूम को नगद रुपए भेजे जिससे लड़कियों के लिए सलवार सूट खरीदा गया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में मासूम के सचिव सैकत चटर्जी, गारू मीडिया प्रतिनिधि कृष्णा गुप्ता, मासूम के अमर कुमार भांजा, सिकंदर कुमार, आनंद कुमार रवि, कामरूप सिन्हा, गुलशन मिश्रा, सतीश कुमार, कोलकाता के गढ़िया से आए पर्यटक राजशेखर माइति, पारोमिता सरकार आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स




टीम साउदी ने की ईश सोढ़ी की तारीफ, कहा- वह अपने प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर सकते हैं

# प्रीमियर लीग : वॉट फेस के दो आत्मघाती गोलों की बदौलत हारा लीसेस्टर सिटी, लिवरपूल ने 2-1 से हराया



**लिवरपूल।** वॉट फेस के दो आत्मघाती गोलों की बदौलत लिवरपूल ने शुक्रवार को अपने प्रीमियर लीग मैच में लीसेस्टर सिटी के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में सिटी ने शानदार शुरूआत की और मैच के चौथे ही मिनट में किरनान ड्यूस्बरी-हॉल ने लिवरपूल के डिफेंस को धवस्त करते हुए शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि, मैच के 38वें और 45वें मिनट में वॉट फेस के दो आत्मघाती गोलों की बदौलत लीवरपूल को 2-1 की बढ़त मिल गयी। इसी के साथ फेस प्रीमियर लीग के एक मैच में दो आत्मघाती गोल करने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। हॉफ टाइम तक लीवरपूल की टीम 2-1 से आगे रही। दूसरे हाफ में, दोनों पक्षों के पास गोल करने के मौके मिले, लेकिन दोनों ही टीमें मौकों को नहीं भुना पाईं और अंत में लीवरपूल ने मैच 2-1 से अपने नाम किया। लिवरपूल 28 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। उन्होंने अपने 16 में से आठ मैच जीते हैं, चार हारे हैं और चार ड्रॉ रहे हैं। वहीं लीसेस्टर 17 अंकों के साथ 13वें स्थान पर है।

# एक साथ मिलकर हम मजबूत आक्रामक इकाई बन गये हैं : ग्रेग स्टीवर्ट

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 सीजन में ऊंची उड़ान भर रही है। आइलैंडर्स वर्तमान में लीग में अब तक 8 जीत, 3 ड्रॉ और 0 हार के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। उन्होंने इस सीजन में खेले गए 11 मैचों में रिकॉर्ड 32 गोल किये हैं। मुंबई सिटी एफसी के अभूतपूर्व आक्रामक दृष्टिकोण और कौशल का श्रेय जॉर्ज पेरेयरा डियाज, लल्लिंजुआला छांगटे, बिपिन सिंह और ग्रेग स्टीवर्ट के फॉरवर्ड लाइन को दिया जा सकता है। फॉरवर्डलाइन के विकास का श्रेय केवल कोच डेस बकिंघम को ही दिया जा सकता है। उन्होंने एक ऐसी प्रणाली की खोज की है जो फॉरवर्ड खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ खेल को सामने लाती है। स्कॉटिश रणनीतिज्ञ ने एक ही समय में पिच पर अपनी सबसे प्रभावी आक्रमण लाइन को समायोजित करने का एक तरीका भी खोज लिया है, जिसके परिणामस्वरूप इस सीजन में मुंबई की फॉरवर्डलाइन सबसे बेहतरीन है। लल्लिंजुआला छांगटे ने कहा, ₹हम चारों प्रशिक्षण के दौरान एक-दूसरे की चाल और प्राकृतिक खेल शैली को समझने के लिए लगातार कोच के साथ काम कर रहे हैं।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



### दंडाधिकारियों को किया गया प्रतिनियुक्त, विभिन्न जलाशयों पर गोताखोरों की व्यवस्था

# नव वर्ष का जश्न, प्रशासन तैयार

## सुरक्षित-संयमित और कानून के दायरे में रहकर मनायें नव वर्ष : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** नव वर्ष 2023 के स्वागत को लेकर जिलावासियों में भी उमंग देखा जा रहा है। नव वर्ष पर किसी भी तरह की कोई घटना-दुर्घटना नहीं हो, इसको लेकर जिला प्रशासन सचेत हैं। जिला प्रशासन ने सभी ऐतिहातन कदम उठाया है। डीसी कुलदीप चौधरी ने जिला वासियों को नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी। लोगों से सभी सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नव वर्ष मनाने की अपील की। कहा कि जिला प्रशासन ने अपनी ओर से ऐतिहातन सभी कदम उठाएं हैं। चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारियों-पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। दोनों अनुमंडल पदाधिकारी चास दीलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं बेरमो अनंत कुमार को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया है। नव वर्ष के अवसर पर विभिन्न जलाशयों पर पिकनिक के लिए भीड़-भाड़ की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में चास अनुमंडल अंतर्गत कुलिंग पौण्ड-2 (हरला थाना क्षेत्र), गरगा डैम बालीडीह थाना क्षेत्र एवं बेरमो अनुमण्डल अंतर्गत तेनुघाट डैम नंबर वन, दामोदर नदी पर प्रशासन द्वारा गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई है। डीसी ने आम जनों से जलाशयों के निकट विशेष सावधानी बरतने, बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की अपील की है।


बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी।

| कार्यस्थल | गोताखोरों का नाम | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|
| कुलिंग पौंड-2 (हरला थाना क्षेत्र)<br>- मो कयामुद्दीन 6008058300<br>- दिल मोहम्मद- 9771509422<br>- करीम अंसारी 9142720159<br>-मो कलाम अंसारी 9835884479 | गरगा डैम<br>- बदरे राजा 9905918486<br>- जिबराईल अली-8603688316<br>- मनोवर अजाद 9304258063<br>तेनुघाट डैम नंबर वन, दामोदर नदी | - मो महताब आलम - 8102070458<br>- मो कमरूज्जमा 7667545805<br>- मो नियाज अहमद अंसारी 8797091896<br>- मो हसन अंसारी- 9304834892<br>- मो मुमताज साई - 7321952431 |

# क्षेत्र की जनता का होगा नया साल : डॉ लंबोदर महतो

**गोमिया विधायक ने कहा- कई चुनौतियां होते हुए भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए करता रहूंगा काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने क्षेत्र की जनता को नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कहा कि नया साल क्षेत्र की जनता का होगा। हमारा प्रयास रहेगा कि वर्ष 2022 में जो कार्य व योजना अधूरी रह गई है, उसे वर्ष 2023 में पूरा कर सकूं। ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लोगों को मिले, इसके लिए निरंतर प्रयासरत भी रहूंगा। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियों को पार पाया हूं और कई चुनौतियां सामने खड़ी है। इन चुनौतियों को भी क्षेत्र की जनता के मिले सबल से पूरा करने का भरपूर प्रयास करूंगा। हमें यकीन है कि क्षेत्र के लोगों का प्यार और आशीर्वाद मिलता रहेगा और दोगुना उत्साह के साथ लोगों के सुख-दुख का साथी बनकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करता रहूंगा। बीते वर्ष में हमारा यह भरपूर प्रयास रहा है कि क्षेत्र के एक-एक घर में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य करूं। इस तरह का अभियान हमारा नए वर्ष में भी जारी रहेगा। हमारे घर का दरवाजा क्षेत्र की जनता के लिए सदैव खुला रहा है और खुला रहेगा। मैं एक-एक कर सबकी सुनता हूं। कभी किसी को निराश नहीं लौटाया। लोग उम्मीदें बांध कर ही आते हैं। इसलिए जाति धर्म से ऊपर उठकर उनकी बातों को सुनता हूं और उनके कार्यों को करना ही अपना मानव धर्म मानता हूं। सर्वधर्म समभाव की भावना से सभी धर्मावलंबियों के पर्व, त्योहारों व कार्यक्रमों में समान रुप से भाग लेता हूं। गोमिया, कसमार और पेटरवार की जनता ने जब मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना था तो मेरे सामने कई प्रकार की चुनौतियां थी। इन चुनौतियों के अलावा हर मोहल्ले, गांव व टोले के लोगों के साथ सुख दुःख बांटने के लिए रिश्ते कायम करना था। आज मैं यह कह सकता हूं कि कई चुनौतियों को मैंने पार पाया है और लोगों के बीच रिश्ता कायम करने में भी सफल हुआ हूं। यह रिश्ता नए साल में भी लोगों के साथ बना रहेगा।


गोमिया डॉ विधायक लंबोदर महतो।

# विवाद सुलझाने गयी पुलिस पर हमले के आरोप में एक गिरफ्तार

**न्यायायिक हिरासत में भेजा गया तेनुघाट जेल, दूसरे की तलाश जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

जरीडीह बाजार/बेरमो। गांधीनगर थाना क्षेत्र के फ्राइडे बाजार स्थित भगत सिंह चौक पर शुक्रवार को बच्चों के मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में हो रही मारपीट को शांत कराने पहुंचे गांधीनगर थाना के एसआई संदीप कुजूर के साथ भीड़ में शामिल उपद्रवियों द्वारा हाथापाई किए जाने के मामले में गांधीनगर थाना में दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। इसमें सुधीर सिंह और सुजीत सिंह शामिल है। शनिवार को गांधीनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुधीर सिंह नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में तेनुघाट भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनूप सिंह ने कहा कि मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा गया है। इस लिए कुछ भी नहीं बता सकते हैं।






# हॉलपैक की चपेट में आकर बीसीसीएल कर्मी की दर्दनाक मौत

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस से जांच की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भगतडीह।** धनसार थाना क्षेत्र स्थित बीसीसीएल के विश्वकर्मा परियोजना में शनिवार अहले सुबह हॉलपेक की चपेट में आने से 55 वर्षीय डंफर ऑपरेटर की दर्दनाक मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान घनश्याम भुइंया के रूप में हुई है। उधर, घटना की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिससे आसपास के दर्जनों लोग घटनास्थल पहुंच गए। खबर पाकर धनसार पुलिस और प्रबंधन के लोग भी मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच शुरू कर दी है। सूचना के अनुसार डंफर ऑपरेटर घनश्याम भुइयां प्रथम पाली के दौरान सुबह पांच बजे विश्वकर्मा परियोजना पहुंचकर हॉलपैक में ओबी लोड कर परियोजना के दूसरे भाग में गिराने गये थे। जहां दर्दनाक मौत हुई। शरीर के कई भाग उसी गाड़ी से क्षत विक्षत हो गए। गाड़ी के टायरों में खून के निशान देखे गए। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। परिजन तुरंत घटनास्थल पहुंच गए। शव को देख पुलिस से मामले की जांच की मांग पर अड़ गए। मृतक की पत्नी गौरी देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वही घनश्याम के भाई गणेश भुईयां का आरोप है कि उसके भाई की हत्या की गई है, जिसका जांच होनी चाहिए। जिस गाड़ी से मेरे भाई को कुचला गया वह गाड़ी उसका भाई ऑपरेट करता था। एक गाड़ी में एक ऑपरेटर के सिवा कोई भी नहीं रहता है तो उस गाड़ी से मेरे भाई को कैसे कुचला गया। यह संदेहास्पद है। कहा कि इस घटना की लिखित शिकायत पुलिस से करेंगे। क्योंकि दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है।





### पांच लाख का मुआवजा व मृतक के बेटे को दिया गया नियोजन

घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें यूनियन नेता एवं परिजन मौजूद थे। नियमानुसार मृतक के पुत्र अशोक भुइंया को गोंदुडीह कोलियरी के सरफेस में जनरल मजदूर के पद पर नियोजन दिया गया। इसके साथ ही पीड़ित परिजनों को पांच लाख रुपए और अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रुपये दिये गये। उधर, इंटक नेता मिथिलेश सिंह का कहना है कि बेहद दुखद घटना है। पुलिस व प्रबंधन इसकी जांच करे। तभी सच सामने आएगा।

### डीजीएमएस को सूचित किया गया है : पीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर परियोजना पदाधिकारी जीके मेहता ने बताया कि इस तरह की घटना होना काफी दुखद और कष्टदायक होता है। घटना की सूचना डीजीएमएस को दे दी गई है। डीजीएमएस जांच के बाद ही कुछ कार्रवाई की जाएगी। ओबी डंप के चारों तरफ लाइट की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।

# रेजांगला के वीर शहीदों का कलश पहुंचा बोकारो व धनबाद

## प्रबल हुई अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/बोकारो।** जामताड़ा होते हुए रेजांगला के वीर अहीर शहीदों के लहू में मिश्रित पवित्र मिट्टी कलश यात्रा शनिवार को धनबाद पहुंची। जहां दर्जनों अहीर समाज के सदस्य यात्रा में शिरकत किये। इसके माध्यम से समाज के लोगों ने सरकार से सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग की। धनबाद में कलश यात्रा ललिता भवन धैया से सिटी सेंटर, बैंक मोड़, मटकुरिया, केंदुआ, पुटकी और महुदा होते हुए तेलमच्चो पहुंची। से फिर बोकारो और जमशेदपुर के लिए रवाना हुई। कतरास से चुना यादव के साथ हजारों की संख्या में युवा जय यादव जय माधव की जयकारा लगाते हुए ललिता भवन पहुंचे। समाज के लोगों ने कहा की सांसद दिनेश लाल निरहुआ ने भी लोकसभा में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग की है। सभी प्रांतों की सेना में रेजिमेंट है। नेताओ ने कहा यह शहीदों की लहू मिश्रित पवित्र मिट्टी पूरे देश के लिए गर्व की बात है। राजेश्वर यादव ने सरकार से अपील की जल्द से जल्द अहीर रेजीमेंट गठन कर शहीद हुए अहीर शहीद सैनिकों का सम्मान करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनरेश सिंह यादव अध्यक्ष, जिला यादव महासभा चन्द्रदेव यादव, कार्यकारी अध्यक्ष चून्ना यादव युवा, जिलाध्यक्ष महेंदर यादव व उपाध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद यादव, राजेश्वर यादव, धमण्डी यादव, प्रो बीएन राय, हरेन्दर कुमार, शिवजी यादव, कामता यादव, रामजनम सिंह, बैजनाथ यादव, सचिता यादव, राजकुमार यादव, रामशीश यादव, यादव, राहुल यादव, अरूण यादव, शिवपूजन सिंह, सुरेश राउत, अवधेश यादव, उमेश यादव, नितू सिंह यादव, बिनीता यादव, निरज राजेश यादव, टूनटून यादव, भुटका यादव, संतोष यादव आदि शामिल थे। दूसरी ओर, 1962 में भारत-चीन के युद्ध में शहीद हुए 114 वीर अहीर जवानों का मिट्टी कलश विभिन्न जगहों से भ्रमण करते हुए बोकारो जिला के सेक्टर 9 बड़ा खटाल पहुंचा। जहां अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि 114 अहीर रेजिमेंट कुमायूं रेजिमेंट के जवान शहीद हुए तो रेजिमेंट को क्यों हटाया गया उसे पुनः सरकार को लागू करना चाहिए। सभा की अध्यक्षता यादव महासभा बोकारो जिला अध्यक्ष शंकर लाल गोप और संचालन युवा नेता जितेंद्र नारायण यादव ने किया। इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पितांबर दास, महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर मीरा राय, शताब्दी समारोह के राष्ट्रीय कन्वीनर विमलेश यादव, कारगिल की लड़ाई में शामिल होने वाले सूबेदार हृदयानंद यादव भी उपस्थित थे। सभी ने एक सूर में कहा कि वीर जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। जब तक अहीर रेजिमेंट का गठन नहीं हो जाता मांग जारी रहेगी। इस मौके पर बुध नारायण यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, रखाल गोप, मनोहर गोप, घनश्याम चौधरी, बोढ़न यादव, हृदया देवी यादव, वीरेंद्र यादव, शिव शंकर सिंह, ललन यादव, अरविंद राय, शिव गोप, रघुनंदन प्रसाद यादव, पीपी चौधरी, धर्मवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# तालडांगा इंटर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कोलकाता की टीम का कब्जा




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लार्डस क्लब तालडांगा की ओर से आयोजित इंटर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला पश्चिम बंगाल के कोलकाता और बिहार के सासाराम के बीच खेला गया, जहां कोलकाता के निलांजन और उत्पल की जोड़ी ने सासाराम के सुशांत और आकाश की जोड़ी को 21-7 से हराकर विजेता की ट्राफी पर कब्जा जमाया। वहीं, सासाराम की टीम ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों की खूब तालियां बटोरी। इधर, तीसरे और चौथे स्थान के लिए धनबाद के आदित्य और उदित दयाल की जोड़ी एवं आसनसोल के अंकेश और बबाई की जोड़ी के बीच खेला गया जहां आसनसोल की जोड़ी ने धनबाद की जोड़ी को 21-13 से शिकस्त देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि चौथे स्थान पर धनबाद की टीम रही। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब कोलकाता के निलांजन को दिया गया। पुरस्कार वितरण में पहुंची राजद नेत्री सुनीता सिंह से विजेता एवं उप विजेता को ट्राफी देकर सम्मानित किया। साथ ही तीसरे और चौथे स्थान पर आई टीम को भी ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। सुनीता सिंह ने कहा कि तालडांगा जैसी छोटी जगह में इंटर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। लार्डस क्लब ने पूरे प्रदेश का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि खेल के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही लार्डस क्लब को सरकारी मदद मिलनी चाहिए। इधर बैडमिंटन चैंपियनशिप को अपना मोरल सपोर्ट देने लार्डस मैदान में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, बीडीओ बिनोद कर्मकार, झामुमो के वरिष्ठ नेता अशोक मंडल, समाजसेवी कीर्तिवास झा, नगर परिषद अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, झामुमो चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष रंजीत बाउरी, पार्षद आरिफ अली, कंटरैक्टर सह समाज सेवी प्रदीप बजाज आदि भी पहुंचे थे।

# प्रधानाध्यापिका के निधन पर शोक



**बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार से सेवानिवृत प्रधनाध्यापिका रजकुमारी देवी के 10 दिसंबर को हुए निधन पर शोक व्यक्त करते हुए चास गोल्डेन कॉम्पलेक्स स्थित आवास पर शांति पाठ कर स्वजन भोज का आयोजन किया गया। श्राद्ध कर्म बिहार के गया जिला स्थित पैतृक गांव आति में किया गया था। पति बीएसएल से सेवानिवृत सह समाज सेवी राजेश्वर सिंह हैं। बीएसएल के पूर्व एमडी केएपी सिंह, आरपी सिंह, अलोक वर्मा, कांग्रेस नेता राशनारायण सिंह, भाजपा नेता मिथिलेश पाल सिंह, संजय त्यागी आदि ने श्रद्धांजलि दी।**

# चुनौतियों में कार्य करने की अनुभूति कुछ अलग ही होती है : बीसी सिंह

**मुगमा महाप्रबंधक के सेवानिवृति होने पर क्षेत्रीय सभागार में विदाई समारोह का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** चुनौतियों में कार्य करने की अनुभूति कुछ अलग ही होती है। मुग्मा एरिया के सभी अधिकारी, एसीसी सदस्य, यूनियन प्रतिनिधि, कर्मी, कार्यालय स्टाफ काफी शानदार है। इन सबके साथ व सहयोग से ही दो साल 11 माह का कार्यकाल काफी अनुभवपूर्ण और बेहतरीन रहा। मुगमा क्षेत्र विकास की ओर बढ़ रहा है। आने वाले समय में मुगमा एरिया का भविष्य काफी उज्ज्वल है। उक्त बातें मुगमा महाप्रबंधक बीसी सिंह ने शनिवार को कही। वे मुगमा क्षेत्रीय सभागार में अपने सेवानिवृति पर आयोजित विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे।



### खुद को कभी सेवानिवृत्त नहीं समझना चाहिए

बीसी सिंह ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि जीवन में एक समय ऐसा भी आता है जब हम सभी अपने कार्य क्षेत्र से रिटायर्ड होकर एक सामान्य जीवन की ओर बढ़ते है। लेकिन इंसान को कभी भी अपने आप को सेवानिवृत नहीं समझना चाहिए। उसी जोश व जुनून के साथ जीवन के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। वहीं, समारोह के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मियों ने महाप्रबंधक को माला पहना व मिठाई खिलाकर आगे भविष्य की शुभकामना दी।

# डहरे टुसू पर निकली भव्य शोभायात्रा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की ओर से शनिवार को डहरे टुसु परब का आयोजन किया गया। दुर्गा मंडप थान सरायढेला से 50 से अधिक टुसु के नेतृत्व में शोभायात्रा निकली गई। हाथ में तिरंगा लिए लोग झूमते नजर आए। महिलाएं, बच्चे, युवतियां, यहां तक की किन्नर भी टुसु गीत पर नृत्य कर रहे थे। डहरे टुसु परब पर शोभायात्रा रणधीर वर्मा चौक, आंबेडकर चौक, राजू यादव चौक, पूजा टाकीज, सिटी सेंटर चौक होते हुए वापस रणधीर वर्मा चौक पहुंची। शोभायात्रा अनुशासित, यादगार, आनंदमय बनाने के लिए झारखंड मूल वासियों को अपने आदि कुड़माली संस्कृति को दुनिया के सामने रखने और अपनी संस्कृति पर गौरवान्वित होने के लिए आयोजित की गई। यह शोभायात्रा सुबह सरायढेला मंडप थान से धनबाद कोर्ट की ओर सभी लोग क्रमबद्ध रवाना हुए। सबसे आगे टुसु चौडल, फिर महिला टीम, ढोल नगाड़ा बाजा के साथ पुरुष दल, मेडिकल टीम शामिल थी। वालेंटियर शोभायात्रा के दोनों ओर कतार बना कर चल रहे थे। पूरे रास्ते सभी लोग परंपरागत टुसु गीत गाते नाचते बजाते रहे। निर्धारित रूट का भ्रमण कर सभी कोर्ट मोड़ पहुंचकर चौक पहुंचे। यहां कोर्ट मोड़ के सभी रास्तों साउंड सिस्टम लगाया। शोभायात्रा में महिलाएं रस्सी के अंदर गोलंबर के चारों ओर टुसु गीत पर नृत्य करती नजर आयीं। पुरुष ढोल मांदर नगाड़ा लेकर रस्सी के घेरे के बाहर नृत्य कर रहे थे। डहरे टुसु परब के रास्ते में सरायढेला प्रगति मेडिकल सेंटर, पीके राय कालेज, पुलिस लाइन, कोर्ट मोड़, बेकारबांध एवं धनबाद क्लब के पास मेडिकल पानी और खाद्य पदार्थ का स्टॉल लगाया गया था। शोभायात्रा में किन्नरों का शामिल होना काफी चर्चा में रहा। टुसू गीत पर किन्नर भी नृत्य करती और झूमती नजर आयीं। इनके साथ बच्चे-युवतियां भी जमकर थिरकी। शोभायात्रा में लगभग 15 हजार लोग शामिल हुए।

### सामूहिक विदाई समारोह का आयोजन कर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

# शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते : मथुरा महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** शाहिद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ के प्रांगण में शनिवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जब तक वह नौकरी में रहते हैं एक समय सीमा में बंधे होते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद वे स्वतंत्र रूप से समाज और देश हित में अपना काम करते हैं।

वहीं, प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा कि इस कॉलेज के विकास में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रभारी प्राचार्य प्रो बीरबल महतो व्याख्याता वाणिज्य विभाग, डॉक्टर पीके ठाकुर हिंदी विभागाध्यक्ष, नागेंद्र नाथ महतो गणित विभागाध्यक्ष, प्रो कमलाकांत महतो के योगदान अति सराहनीय एवं स्मरणीय रहे। खासकर प्रो बीरबल महतो की 32 साल की सेवा निर्विवाद एवं साफ-सुथरी रही, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो रमेश प्रसाद ने किया। इस मौके पर बाघमारा सीओ कमल किशोर सिंह, विधि महाविद्यालय धनबाद के प्राचार्य, निदेशक बिनोद बिहारी महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज प्रतोष महतो, निदेशक पेमिया ऋषिकेश पब्लिक स्कूल दिनेश महतो, प्रीत के एचआर प्रमुख राजकुमार महतो, प्राचार्य विनोद बिहारी महतो महिला कॉलेज, उत्तम कुमार महतो, प्राचार्य बिनोद बिहारी महतो स्मारक इंटर कॉलेज कार्तिक महतो, प्राचार्य फागू महतो इंटर कॉलेज अनूप कुमार चक्रवर्ती रंजीत दसोंधी ग्रामीण फिजिकल सेंटर कपूरिया, इस कॉलेज के पूर्व छात्र अशोक कुमार महतो दरोगा शक्ति ग्राम विकास विकास संघ के रामेश्वर महतो रंजीत महतो धीरेंद्र महतो सदानंद महतो और अजीत महतो सहित शक्तिनाथ हाई स्कूल सिजुवा के प्राचार्य प्रभु दयाल महतो, कैलाश महतो प्राचार्य बलिहारी ब्रांच महाविद्यालय के प्रो मोकित उद्दीन, बीएसएस महिला कॉलेज के डॉक्टर दिलीप कुमार सिन्हा, प्रो एस नारायण, प्रो राखोहारी महतो, प्रो अविनाश कुमार, प्रो राकेश कुमार महतो, प्रो मेघनाथ महतो, प्रो कल्पना कुमारी, प्रो समीर कुमार महतो, प्रो राजकुमार प्रसाद, प्रो राजू महतो, प्रो पीएनएस चौधरी, प्रो शेखर महतो, प्रो दिनेश मद्धेशिया, तेंदुलकर भट्ट, प्रो इंदु कुमारी, नेहा कुमारी, राहुल महतो, चक्रधर प्रसाद महतो, जितेंद्र प्रसाद महतो, मोहित कुमार महतो, शंकर महतो, अभिमन्यु महतो, दिलीप महतो, गणेश महतो, लालू महतो, सचिन महतो, फुल मनी देवी, शांति देवी और लाजवंती देवी आदी मौजूद थे।


विदाई सम्मान समारोह का उद्घाटन करते विधायक मथुरा प्रसाद महतो।

# गोट पूजा के साथ तीन दिवसीय सोहारय पर्व की हुई शुरुआत

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद के आदिवासी बहुल क्षेत्र अमलो के ताराबेडा में गोट पूजा के साथ शनिवार से तीन दिवसीय सोहारय पर्व कि शुरूआत हुई। पूजारी धरम नायके, शिवलाल टूडू, कुढम नायके और राहुल मरांडी ने आदिवासी परंपरा के साथ गांव ग्राम देवता को मुर्गे कि बलि देकर तीन दिवसीय सोहारय पर्व की शुरूआत की। इस दौरान खिचड़ी का वितरण किया गया। रात में आदिवासी परंपरा के अनुरूप नृत्य संगीत जगारना का आयोजन होगा। सभी एक-दूसरे के घर में जाकर मिलेंगे। आदिवासी नेता जितेंद्र टूडू और विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने कहा कि फसल कटाई के बाद बडे ही हर्ष उल्लस के साथ सोहारय पर्व मनाया जाता हैं। आज गोट पूजा हुआ हैं। रविवार को गौहाल पूजा और सोमवार को बरदखुट पर्व के साथ संपन्न होगा। इस मौके पर महादेव मूर्म, बढन मंझी, रामेश्वरम मरांडी, विरेंद्र टुडू, सुरेंद्र टुडू, राम टुडू, लखन टुडू, गंगराम जोग मंझी, मिरूलाल मूर्म, झरी मूर्म, कलीचरण टुडू, विरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।



# भारत समेत दुनिया में नये साल का जश्न

- भारत में रात के 12 बजते ही जश्न शुरू
- न्यूजीलैंड में आतिशबाजी के साथ 2023 का स्वागत
- ऑकलैंड का 25 साल पुराना स्काईटॉवर जगमगाता दिखा

आजाद सिपाही संवाददाता





**नयी दिल्ली।** भारत समेत विश्व के कई देशों में नये साल का आगमन हो चुका है। भारत में रात 12 बजते ही जश्न शुरू हो गया। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर में नये साल यानी 2023 का जश्न मनाया गया। ये नये साल को सेलिब्रेट करने वाला दुनिया का पहला शहर है। इस दौरान ऑकलैंड के सबसे फेमस स्काई टॉवर को जगमगाती लाइट्स से सजाया गया। आतिशबाजी भी की गयी। ये टॉवर 25 साल पुराना और 328 मीटर ऊंचा है।

दरअसल, टाइम जोन में अंतर होने की वजह से ज्यादातर देश अलग-अलग समय पर न्यू ईयर मनाते हैं। समोआ, टोंगा और किरीबाती देशों में सबसे पहले नया साल होता है। इसके बाद न्यूजीलैंड में नया साल मनाया जाता है। इसके बाद आस्ट्रेलिया, जापान और साउथ कोरिया, चीन, फिलीपींस में नये साल की शुरुआत होती है। इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल समेत कई देश भारत से पहले ही नये साल में प्रवेश कर लेते हैं।

## साल के अंतिम दिन महाकाल धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**उज्जैन।** उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में शनिवार एवं रविवार को करीब छह लाख भक्तों के दर्शन करने आने का अनुमान है। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुलभ दर्शन व्यवस्था के इंतजाम किए हैं। भक्तों को त्रिवेणी संग्रहालय के रास्ते मंदिर में प्रवेश दिया जायेगा। वाहनों की पार्किंग आदि के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि अधिक भीड़ की स्थिति में दर्शनार्थियों को त्रिवेणी संग्रहालय के सामने से प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। महाकाल दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को श्री महाकाल लोक के पिनाकी द्वार से चारधाम मंदिर की ओर प्रवेश दिया जायेगा। मंदिर प्रशासन ने भीड़ की स्थिति को देखते हुए गर्भगृह व नंदी हॉल में भक्तों का प्रवेश प्रतिबंधित कर रखा है। भीड़ की स्थिति को देखते हुए यह व्यवस्था प्रबंध समिति के निर्णय अनुसार पांच जनवरी तक लागू रहेगी।

## गणतंत्र दिवस की परेड में लगातार तीसरी बार ओड़िशा का नाम नहीं, भेजे थे दो मॉडल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इस साल भी नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के दौरान ओड़िशा की झांकी देखने को नहीं मिलेगी। भारत सरकार ने साल 2023 के गणतंत्र दिवस परेड के लिए देश के 16 राज्यों को मंजूरी दी है, जिसमें ओड़िशा का नाम नहीं है। हालांकि, अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि आखिर ओड़िशा को सूची में शामिल क्यों नहीं किया गया है। ओड़िशा की ओर से इस साल गणतंत्र दिवस परेड के लिए दो मॉडल तैयार किये गये थे। इसमें श्रीजगन्नाथ मंदिर और मुक्तेश्वर मंदिर का मॉडल शामिल था, लेकिन भारत सरकार की ओर से जो अंतिम सूची जारी की गयी है, उसमें ओड़िशा के दोनों मॉडल शामिल नहीं हैं। बताया जा रहा है कि शुरुआती बैठकों में इन दोनों मॉडल को काफी सराहा गया था, लेकिन अंत में इसका नाम सूची में नहीं देखा गया है। जानकारी के मुताबिक साल 2016, 2017 और 2020 में दिल्ली राजपथ पर ओडिशा की झांकी को प्रदर्शित की गयी थी। वहीं, 2021 और 2022 में ओडिशा की झांकी को स्थान नहीं मिला था। झांकी में स्थान न मिलने से लोगों ने नाराजगी जहिर की है।

## सीबीएसइ 12वीं बोर्ड एग्जाम की डेटशीट में हुआ बदलाव

**संस्कृत सहित इन विषयों की एग्जाम डेट बदली, अब 27 मार्च को होगी ये परीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने हाल ही में रिलीज की बारहवीं की डेटशीट में बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड ने कुछ विषयों की एग्जाम डेट बदली है। इसके मुताबिक, उर्दू इलेक्टिव, संस्कृत, कर्नाटक म्यूजिक विषय की परीक्षा की तारीख को बदल दिया गया है। इन सब्जेक्ट के एग्जाम 04 अप्रैल, 2023 को होनी थी। लेकिन बोर्ड ने इन विषयों की तारीख को आगे कर दिया है। अब यह परीक्षाएं 27 मार्च, 2023 को आयोजित की जायेगी।

### चार अप्रैल को नहीं होगा कोई एग्जाम

बोर्ड ने इस संबंध में एक सूचना ऑफिशियल वेबसाइट https://www.cbse.gov.in/ पर रिलीज की है। इसके अलावा, अब 04 अप्रैल, 2023 को कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। सीबीएसई ने हाल ही में 10वीं, 12वीं की डेटशीट रिलीज की है। इसके मुताबिक, दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। वहीं 12वीं कक्षा के लिए पहले दिन यानी कि 15 फरवरी, 2023 को एंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा होगी।

### 34 लाख से अधिक छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

16 फरवरी, 2023 को बायोटेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी, शॉर्टहैंड (अंग्रेजी), शॉर्टहैंड (हिंदी), फूड न्यूट्रिशन, लाइब्रेरी एंड इंफोर्मेशन साइंस का एग्जाम कराया जायेगा। एग्जाम 5 अप्रैल को खत्म होंगे। शेड्यूल डाउनलोड करने के लिए स्टूडेंट्स पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2023 के लिए 34 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें कक्षा 10वीं में 18 लाख और कक्षा 12वीं में 16 लाख स्टूडेंट्स हैं।

### प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए मिलेगा एक्स्ट्रा टाइम

ज्यादातर पेपरों के लिए कक्षा 12 वीं की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जबकि कुछ के लिए परीक्षा का समय सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। छात्रों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया जायेगा।

## असम में परिसीमन से पहले 4 जिलों के विलय का फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** असम से एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। असम सरकार ने चार जिलों का अन्य चार जिलों में विलय के साथ-साथ कुछ गांवों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में बदलाव करने का फैसला किया। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आवश्यकताओं, समाज और असम के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय भारी मन से लिया गया। हालांकि असम सरकार ने इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया।

**इन जिलों का होगा विलय :** बिस्वानाथ जिले को सोनितपुर में, होजई को नौगांव में, बजाली को बारपेटा में और तमुलपुर को बक्सा में मिला दिया जायेगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ गांवों और कुछ कस्बों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। विलय किए गए ज्यादातर जिले हाल के दिनों में बनाये गये थे। मुख्यमंत्री ने विलय किये गये जिलों के लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से माफी मांगना चाहता हूं लेकिन उम्मीद है कि वे फैसलों के महत्व को समझेंगे।

### मंत्रियों की टीम करेगी दौरा

हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के मंत्रियों की एक टीम इन जिलों का दौरा करेगी। साथ ही राज्य के मंत्री प्रमुख संगठनों और नागरिकों के साथ बातचीत कर इन फैसलों के कारणों को बताएगी जिनका खुलासा सार्वजनिक तौर पर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन जिलों का विलय किया गया है उनके पुलिस और न्यायिक जिले जारी रहेंगे क्योंकि वे अन्य कार्यालयों और अधिकारियों के साथ हैं। गौरतलब है कि चुनाव अयोग ने असम में एक जनवरी, 2023 से परिसीमन तय होने तक नयी प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर भी रोक लगा दी है। आयोग ने असम के मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्देशित किया है कि राज्य सरकार से यह सुनिश्चित कराएं कि एक जनवरी, 2023 से परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने तक नये प्रशासनिक निकायों या इकाइयों का गठन प्रतिबंधित रहेगा। संविधान के आर्टिकल 170 के अनुसार यह परिसीमन 2001 की जनगणना के आधार पर किया जायेगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पं. दीन दयाल उपाध्याय में यात्री टिकट सुविधा केन्द्र की स्थापना हेतु अधिसूचना**

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल के **पं. दीन दयाल उपाध्याय में आरक्षित एवं अनारक्षित टिकटों** को जारी करने के लिए यात्री सुविधा केन्द्र का चयन एवं स्थापना हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है। **अधिसूचना संख्या– कॉम / वाई. टी. एस. के. / डी.डी.यू./2022, दिनांक 29.12.2022, क्र.सं. 1 कार्य का विवरण** : पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पं. दीन दयाल उपाध्याय में आरक्षित एवं अनारक्षित टिकटों को जारी करने के लिए यात्री सुविधा केन्द्र का चयन एवं स्थापना।, **क्र.सं. 2 कार्य की अवधि** : (03) तीन वर्ष।, **क्र.सं. 3 आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान** : आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथों हाथ जमा करने की तिथि 30.12.2022 को 10.30 बजे से दिनांक 12.01.2023 को 17.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। आवेदन निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।, **क्र.सं. 4** वेबसाईट का पता– जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता : **www.ecr.indianrailways.gov.in** (Division-DDU, department-commercial) पर उपलब्ध है। **नोटः–** सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/01791/डीडीयू/वा./एन/22-23/56




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**